आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 123 ● नई दिल्ली, सोमवार, 07 अगस्त 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये RNIUP HIN/2015/64737



3 जद यू कार्यालय में किसान एंव सहकारिता प्रकोष्ठ के ...

## ख़ास ख़बर

### शाह ने ओडिशा प्रदेश भाजपा के नेताओं से कहा बीजद सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ें

**नई दिल्ली** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के नेताओं के साथ बंद कमरे में शनिवार को बैठक की और उनसे राज्य में नवीन पटनायक सरकार के भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को उजागर करने का आग्रह किया। भाजपा के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे कुछ घंटे पहले शाह ने लगातार पांच बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने के लिए पटनायक की सराहना की थी। दिलचस्प है कि शाह की ओर से भाजपा नेताओं से की गई अपील से कुछ दिन पहले ही पटनायक की बीजू जनता दल (बीजद) ने ऐलान किया था कि वह दिल्ली सेवा अध्यादेश का स्थान लेने के लिए लाए गए विधेयक का संसद में समर्थन करेगी और केंद्र में राजग सरकार के खिलाफ विभिन्न दलों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव का विरोध करेगी। ओडिशा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि गृह मंत्री ने ओडिशा के भाजपा नेताओं से बूथ स्तर पर पार्टी के संगठन को मजबूत करने और राज्य सरकार में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शाह ने पार्टी नेताओं को स्थानीय मुद्दों को उठाने और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए उनसे जुड़े रहने की भी सलाह दी। सामल ने कहा कि राज्य के भाजपा नेताओं से लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने को कहा गया है।

### कर्नाटक- अगले तीन दिन तक कांग्रेस विधायकों के साथ बैठक करेंगे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी में असंतोष को शांत करने और उसे मजबूत बनाने के प्रयासों के तहत अगले तीन दिन तक सत्तारूढ़ कांग्रेस के मंत्रियों व विधायकों के साथ मैराथन बैठकें करेंगे। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि जिला प्रभारी मंत्रियों, संबंधित जिलों के अन्य मंत्रियों व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों के साथ ये बैठकें पूर्वाह्न 11 बजे से शाम 7 बजे तक मुख्यमंत्री के कार्यालय आवास कृष्णा में होंगी। दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक दो घंटे का अंतराल रहेगा। मुख्यमंत्री के कार्यालय की ओर से जारी कार्यक्रमों के विवरण के अनुसार, सोमवार को सिद्धरमैया और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शिवकुमार छह जिलों तुमकुरु, यादगिर, चित्रदुर्ग, बागलकोट, बेल्लारी और धारवाड़ के मंत्रियों व विधायकों के साथ बैठक करेंगे।विज्ञप्ति में कहा गया है कि सिद्धरमैया और शिवकुमार 31 मंत्रियों व विधायकों से बात करेंगे, प्रत्येक जिले के मंत्रियों और विधायकों को एक घंटे का समय देंगे। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा, अगले तीन दिन में राज्य के 31 जिलों के सभी कांग्रेस विधायकों के साथ बैठकें की जाएंगी। पदाधिकारी के अनुसार बैठक मुख्य रूप से जिलों में पार्टी का आधार मजबूत करने के अलावा और पार्टी कार्यालय स्थापित करने के लिए जमीन की पहचान करने और लोकसभा चुनाव के लिए कार्ययोजना तैयार करने के लिए हो रही है। पदाधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री विधायकों की शिकायतें भी सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे।

# देश के 508 रेलवे स्टेशनों का होगा कायाकल्प: प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेता भी मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए गए है। भारत का लक्ष्य है कि रेलवे और सुलभ और सुखद बनाई जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूमों का निर्माण हो रहा है। हजारों स्टेशनों पर मुफ्त इंटरनेट भी उपलब्ध होगा।

**विपक्ष पर साधा निशाना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। विपक्ष ने संसद भवन की नई इमारत का विरोध किया। शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल का निर्माण नहीं करवाया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाने पर भी विपक्ष को आपत्ती है। सरदार पटेल को विपक्ष नमन नहीं करता है। वो ना ही काम करेंगे और ना ही करने देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ भारत कदम बढ़ा रहा है। भारत वर्तमान में अपने अमृतकाल में है। अभी नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, जिसे लिखा जा रहा है। भारत में 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 30 वर्षों ये पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। दुनिया में भारत की साख मजबूत हो रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासि कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं। सभी देश वासियों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को देख रही है। भारत की वैश्विक स्तर पर साख भी बढ़ी है। भारत के प्रति दुनिया का रवैया बदला है, जिसमें भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। शहर के रेलवे स्टेशन भी शहर की पहचान से संबंधित होते है। स्टेशनों पर पहुंचकर ही शहर की पहली तस्वीर दिखती है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55-55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात एवं तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 व कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं। पीएमओ ने बताया था कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ रुपये होगी और इसके तहत यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उसने बताया था कि स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। पीएमओ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के लिए परिवहन का पसंदीदा साधन है। उसने कहा था कि मोदी ने रेलवे स्टेशन पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है।

### 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण की योजना भारतीय रेलवे के इतिहास में स्वर्णिम दिन:अनुराग ठाकुर



एक ऐतिहासिक कदम में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। 24,470 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित, ये 508 स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान में 55-55, बिहार में 49, महाराष्ट्र में 44, पश्चिम बंगाल में 37, मध्य प्रदेश में 34 स्टेशन शामिल हैं। असम में 32, ओडिशा में 25, पंजाब में 22, गुजरात और तेलंगाना में 21-21, झारखंड में 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 18-18, हरियाणा में 15, कर्नाटक में 13 और अन्य। हिमाचल प्रदेश के अन्दौरा रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ÷जो काम पिछले 60 वर्षों में नहीं हुआ, मोदी सरकार ने 9 वर्षों में करके दिखाया है। हिमाचल में रेलवे की अनेकों सौग़ात आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के देवभूमि के प्रति विशेष स्नेह का परिचायक है।÷

## नूंह में पथराव के लिए इस्तेमाल किए गए ढांचों को ढहाया गया

### नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान का चौथा दिन रहा



**एजेंसी/ नूंह**

हरियाणा के अधिकारियों ने हिंसा प्रभावित नूंह जिले में एक होटल-एवं-रेस्तरां सहित उन कई अवैध ढांचों को रविवार को ढहा दिया, जहां से पिछले सप्ताह की शुरुआत में झड़पों के दौरान एक धार्मिक यात्रा पर कथित तौर पर पथराव किया गया था। हिंसा के पिछले सप्ताह चरम पर होने के दौरान गुरुग्राम के सेक्टर-57 में एक मस्जिद को जलाने और उसके नायब इमाम की हत्या के मामले में चार युवकों की गिरफ्तारी के विरोध में तिगरा गांव में हिंदू समुदाय की एक महापंचायत भी हुई। महापंचायत में शामिल होने वाले लोगों का दावा है कि गिरफ्तार किए गए लोगों का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। रविवार को नूंह में ध्वस्तीकरण अभियान का चौथा दिन रहा। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि अवैध रूप से निर्मित 162 स्थायी और 591 अस्थायी ढांचे को ढहा दिया गया तथा 37 स्थलों पर 57.5 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले और कुछ अन्य लोगों ने विध्वंस अभियान पर सवाल उठाया और आरोप लगाया कि इसमें केवल एक विशेष समुदाय को निशाना बनाया गया है। गोखले ने आरोप लगाया, ''पिछले दो दिनों से, नूंह जिला प्रशासन मुसलमानों के घरों और दुकानों को ध्वस्त कर रहा है, जिनके बारे में उनका दावा है कि वे अवैध अप्रवासी और रोहिंग्या हैं जो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रहे हैं।'' उन्होंने ट्विटर पर यह भी कहा कि उन्होंने नूंह के उप-मंडलीय मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा है। पुलिस ने निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के चार सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल को नूंह जिले के निकट हिंसा प्रभावित गांवों में जाने से रविवार को रोक दिया।

**ज्ञानवापी मस्जिद**

## अगले राउंड के सर्वे की शुरुआत, अबतक साफ हुआ तहकाना



**एजेंसी/ नई दिल्ली**

ज्ञानवापी परिसर में शुक्रवार चार अगस्त से एएसआई का सर्वे शुरू हो चुका है। रविवार यानी छह अगस्त को इस सर्वे का तीसरा दिन है, जब एएसआई की टीम यहां सर्वे का काम करेगी। इसके लिए एएसआई की टीम सुबह आठ बजे से मंदिर परिसर में सर्वेक्षण का काम कर रही है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और सुधीर त्रिपाठी भी ज्ञानवापी पहुंचे हुए है। वहीं ये भी दावा किया गया है कि मुख्य गुंबद के नीचे आदि विश्वेश्वर मंदिर का गर्भगृह है। सर्वे के तीसरे दिन जांच के लिए एएसआई की टीम मशीनों का भी उपयोग करेगी। ये दावा मंदिर पक्ष की ओर से किया गया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी परिसर में मुख्य गुंबद के नीचे भी जांच की जानी चाहिए। इस स्थान पर आदि विश्वेश्वर मंदिर का गर्भगृह हुआ करता था। शिवलिंग और अन्य कई साक्ष्य इसके नीचे उपस्थित हो सकते है। कई मौकों पर अदालत में भी इनकी जानकारी दी गई है। वहीं हिंदू पक्ष की वादिनी महिला और अधिवक्ता का दावा है कि तहखाने में भी एएसआई की टीम को कई मूर्तियों और मंदिर के टूटे हुए खंभों के अवशेष मिले हैं। इस संबंध में हिंदू पक्ष को विश्वास है कि ज्ञानवापी से संबंधित विवाद थमेगा। मंदिर को लेकर जरुरी सबूत मिलेंगे। बता दें कि एएसआई की टीम लगातार ज्ञानवापी मंदिर परिसर में गुंबद, खंबों की वीडियो भी बना रही है, जिसमें दीवारों, गुंबदों और खंभों के चिन्हों को रिकॉर्ड किया गया है। माना जा रहा है कि एएसआई को यहां त्रिशूल, स्वास्तिक, घंटी आदि की आकृतियां मिली है, जिनकी फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी हुई है। इसके साथ ही आकृति की निर्माण शैली, प्राचीनता आदि की जानकारी दर्ज की है।

**मुस्लिम पक्ष ने दी चेतावनी**

इस बीच, मुस्लिम पक्ष ने सर्वेक्षण को लेकर झूठी खबरें प्रसारित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रक्रिया से अलग होने की चेतावनी दी।

## लोकसभा में पारित होने के बाद अब राज्यसभा में पेश करेंगे: शाह

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार यानी सात अगस्त को संसद के राज्यसभा में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 पेश करने जा रहे है। इस बिल को दिल्ली सेवा बिल भी कहा जा रहा है, जो कि मूल रूप से दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग से संबंधित बिल है। इस बिल के तहत अधिकारियों की नियुक्ति और ट्रांसफर के मामले में उपराज्यपाल का फैसला ही अंतिम माना जाएगा। इस बिल को तीन अगस्त को अमित शाह ने लोकसभा में पेश किया था जहां विपक्ष के भारी विरोध के बीच इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था।

लोकसभा में आसानी से इस बिल के पारित होने के बाद इसको राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पेश करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार की पूरी कोशिश होगी कि राज्यसभा में भी दिल्ली सेवा बिल को पारित कर सके। बता दें कि



लोकसभा में इस विधेयक पर चार घंटे तक चर्चा हुई थी, जिसके जवाब केंद्रीय गृह मंत्री ने दिए थे।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सांसदों को सात और आठ अगस्त को सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है। इस संबंध में पार्टी ने व्हिप जारी किया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी कर संसद में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। बता दें कि इस बिल को लेकर केंद्र सरकार और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी हुई है। इस बिल का आम आदमी पार्टी लगातार खुलकर विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि राज्यसभा में ये बिल पारित ना हो पाए। जानकारी के मुताबिक राज्यसभा में 238 सांसद हैं। इस विधेयक को पारित करने के लिए भाजपा को 119 सांसदों की आवश्यकता है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 92 सांसदों की संख्या ही है। सहयोगी दलों के सांसद मिलाकर भी पार्टी के पास कुल 103 सांसद है, जिसमें पांच मनोनित सांसद भी शामिल है। माना जा रहा है कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की पार्टी बीजू जनता दल भी भाजपा को सपोर्ट देगी। दोनों पार्टियों के पास नौ-नौ सांसद है, जिससे भाजपा के पास 121 सांसदों की संख्या हो सकती है ताकि बिल आसानी से पास हो सके।

### चिराग पासवान ने कसा नीतीश कुमार पर तंज

**नई दिल्ली1** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा हमला बोला है। चिराग पासवान ने रविवार को नीतीश कुमार पर कटाक्ष किया और कहा कि नीतीश कुमार को विपक्षी गुट का नेतृत्व करना था। हालांकि उनकी भूमिका को अब कम कर दिया गया है। गौरतलब है कि चिराग पासवान पिछले महीने ही एनडीए में शामिल हुए थे, जिसके बाद उन्होंने एनडीए की बैठक में भी हिस्सा लिया था। इस दौरान पीएम मोदी के उन्होंने पैर छुए थे जिसके बाद खुद मोदी ने उन्हें गले से लगाया था, जिसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे।

## विपक्ष 'इंडिया'की तीसरी बैठक होगी 31 अगस्त-एक सितंबर को मुंबई में

**एजेंसी/ मुंबई**

पक्ष के गठबंधन 'इंडिया' की तीसरी बैठक 31 अगस्त-एक सितंबर को मुंबई में होगी जिसमें कांग्रेस से सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी एवं कम से कम पांच राज्यों के मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के वरिष्ठ नेताओं ने यहां बताया कि एमवीए नेताओं ने इस आगामी सम्मेलन की रूपरेखा की योजना बनाने के लिए शनिवार को यहां बैठक की। शिवसेना का उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाला गुट उसकी मेजबानी करेगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने कहा कि 'इंडिया'



सहयोगियों की आगामी बैठक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्ध पर उच्चतम न्यायालय के स्थगन के कारण काफी अहम है। एमवीए नेताओं ने बताया कि इस आगामी बैठक में 'इंडिया'(इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के सदस्य देश के समक्ष मौजूद विभिन्न मुद्दों तथा केंद्र सरकार की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

## आप नेता जावेद अहमद के खिलाफ मामला

**एजेंसी/ नूंह**

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के मामले में हरियाणा पुलिस लगातार कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस अवैध कब्जे पर बुल्डोजर भी चला रही है। पुलिस लगातार धरपकड़ की कार्रवाई में भी जुटी हुई है। पुलिस ने हर जगह के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले है ताकि हिंसा से जुड़ी हर जानकारी मिल सके। पुलिस ने मामले में गवाहों के बयान भी दर्ज किए है। इस कड़ी में जांच के दौरान पुलिस ने आम आदमी पार्टी के नेता जावेद अहमद के खिलाफ हत्या का मालमा भी दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि बजरंग दल के



कार्यकर्ता प्रदीप शर्मा की 31 जुलाई को सांप्रदायिक हिंसा के दौरान सोहना में हमला कर हत्या की गई थी। इस सप्ताह की शुरुआत में ही इस मामले को लेकर नूंह में हिंसा भड़की थी। ये हिंसा बाद में राज्य के कई अन्य राज्यों में फैल गई थी। इसी बीच प्रदीप की हत्या के मामले में जावेद अहमद को आरोपी बनाया गया है। प्रदीप की हत्या जब हुई तब बजरंग दल के कार्यकर्ता पवन कुमार भी वहीं थे। इसके बाद दो अगस्त को इस संबंध में पवन ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए ही जावेद के खिलाफ कार्रवाई की है।

एफआईआर में पवन ने जानकारी दी है कि नूंह के नलहड़ मंदिर से प्रदीप और पवन को रेस्क्यू कर नूंह पुलिस लाइन लााय गया था। यहां से रात 10.30 बजे वो तीन गाड़ियों से घर को निकले, जिन्हें पुलिस की वैन भी एस्कॉर्ट कर रही थी। सोहना पुलिस कर्मियों ने बीच रास्ते में ये कहा कि आगे रास्ता क्लीयर है और पुलिस वैन बीच रास्ते से ही चली गई।

**मिशन** इु भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक पांच अगस्त को चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है।

# चंद्रयान 3 भारत की अंतरिक्ष यात्रा में लिखता नया अध्याय

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

भारत का महत्वाकांक्षी मून मिशन चंद्रयान-3 लगातार सफलता की सीढ़ियों को पार करते हुए अपने मिशन की ओर आगे बढ़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो के मुताबिक पांच अगस्त को चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चंद्रमा की कक्षा में स्थापित हो गया है। ये भारत का तीसरा चंद्रयान मिशन



है जिसे चंद्रमा पर भेजा गया है। चंद्रमा के रहस्यों को जानने की दिशा में भारत लगातार कोशिशें कर रहा है। इस सतह का बार बार अवलोकन करने वाले दो रोबोटिक अंतरिक्षयान भेजकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। भारत वर्ष 2008 में चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला चौथा देश बना है। इसके बाद 2009 में चंद्रयान 1 ने चंद्रमा पर पानी की खोज की है। चंद्रयान 2 मिशन का मिशन का ऑर्बिटर पिछले चार वर्षों से लगातार काम कर रहा है। वहीं अब 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से चंद्रयान 3 की सफलतम उड़ान से पूरा भारत गौरवान्वित है। अंतरिक्ष की फील्ड में अब चंद्रयान 3 ने नई गाथा लिखी है। इसी के साथ भारत का चंद्रयान 3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग कर दुनिया के पहले मिशन के तौर पर इतिहास रचने को भी तैयार है। बता दें कि 14 जुलाई को दोपहर 2ः35 मिनट पर एलएमवी 3 एम 4 रॉकेट ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी थी,

## विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारों ने रेलवे को हमेशा मोलभाव के लिए इस्तेमाल किया:धामी

**एजेंसी/ उत्तराखंड**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों पर रेलवे को हमेशा मोलभाव के लिए इस्तेमाल करने और उसे रामभरोसे छोड़ने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में रेलवे समेत सभी विशिष्ट क्षेत्रों में बुनियादी ढ़ांचे को विश्वस्तरीय बनाया जा रहा है, जबकि आजादी के बाद देश पर लंबे समय तक हुकूमत करने वाली विपक्षी दलों की सरकारों ने इस तरफ कभी ध्यान ही नहीं दिया। धामी ने देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई।

## ख़ास ख़बर

### पलासी के उच्च विद्यालय उड़लाहा मे रात्रि प्रहरी संघ की बैठक हुई आयोजित



**पलासी।**अररिया जिले के पलासी प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत +2 उच्च विद्यालय उड़लाहा मे रात्रि प्रहरी संघ की एक बैठक आयोजित हुई ,जिसमे मुख्य रूप से रात्रि प्रहरी संघ के जिला अध्यक्ष सिंटू कुमार राय एवं जिला सचिव बचानंद हरिजन उपस्थित हुए, जिसमे निम्न बिन्दुओं सहित विद्यालय मे रात्रि प्रहरी के पद का चयन सर्वसम्मति से हुआ, जिसमे पलासी के रात्रि प्रहरी संघ के प्रखंड अध्यक्ष चंन्दन कुमार राज, सचिव सुबोध कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव और उपाध्यक्ष परमेश्वर यादव का चयन हुआ, और साथ ही जिला अध्यक्ष ने संघ की मजबूती पर विस्तार से चर्चा किया और रात्रि प्रहरी के भुगतान अभी तक नही हो सका इसके लिए भी ढेर बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया, वही पे बैठक मे उपस्थित सभी रात्रि प्रहरी संघ ने जिला अध्यक्ष को कहा प्रधानाध्यापक द्वारा रात्रि प्रहरी से दिन मे कार्य नही लिया जाये इसके लिए भी ध्यान आकृष्ट करवाया, इस बैठक मे चंदन कुमार, उपेंद्र कुमार, सुबोध कुमार, चंदन कुमार मंडल, गोविंद, प्रदीप ,राजेश कुमार, परमेश्वर यादव, इन्द्रानंद हरिजन, ललन कुमार ,राहुल ,तसलीम, किरण, मंजूर, नौसाद, सहित अन्य रात्रि प्रहरी संघ के सदस्य गन मौजूद रहे ।

### काला पट्टी बांधकर चौकीदारों ने जताया विरोध



**प्रदीप कुमार झा /ताराबाड़ी/**ताराबाड़ी विभिन्न मांगों के समर्थन में शनिवार को अररिया प्रखंड के ताराबाड़ी थाना परिसर में चौकीदार दफादार संघ ने अपनी बांह में काला पट्टी बांधकर राज्य सरकार का विरोध कर रहे चौकीदार ने बताया कि जो चौकीदार व दफादार सेवानिवृत्त हो चुके हैं या होने वाले हैं उनके आश्रितों की बाली के लिए अध्यादेश लाकर उसे विधानसभा से पारित करने तथा सेवानिवृत्त के तहत बहाली करने को लेकर दिए गए आवेदन के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत करने की मांग संघ द्वारा की जा रही है इन मांगों के समर्थन के संघ के निर्देश पर प्रदेश स्तर तक आंदोलन की जाएगी प्रदर्शनकारियों में चौकीदार मनोज पासवान गोपाल माझी शिवनारायण पासवान किशन देव पासवान हरदेव सरकार सत्यनारायण धरकर बबलू पासवान मिथिलेश पासवान पंचानंद माझी विनोद माझी संजय पासवान तारा देवी हरेंद्र पासवान शाहिद अंसारी सरोज पासवान आदि शामिल थे।


### विधिक शिविर में ग्रामीणों को मिली कानूनी जानकारी




**अररिया।**रविवार को जिले के पलासी प्रखंड के डेहटी पंचायत भवन में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अररिया के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पैनल अधिवक्ता श्रवण कुमार झा द्वारा किया गया।शिविर के माध्यम से पैनल अधिवक्ता श्रवण कुमार झा ने उपस्थित ग्रामीणों को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी देने के साथ साथ नालसा स्कीम की सभी कल्याणकारी योजनाओ सहित बालश्रम, वृद्धजनों के हित के लिए व सोशल हरासमेंट के अंतर्गत उपलब्ध कानूनी प्रावधानों से भी अवगत कराया गया।शिविर में पैनल अधिवक्ता श्रवण कुमार झा ने उपस्थित ग्रामीणों को आगामी 09 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दिये।

# प्रधानमंत्री के द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयनगर रेलवे स्टेशन के नये भवन का आज शिलान्यास रिमोट कंट्रोल से किया गया

जयनगर रेलवे स्टेशन के नये भवन का शिलान्यास रिमोट कंट्रोल से किया गया





**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** प्रधानमंत्री के द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जयनगर रेलवे स्टेशन के नये भवन का शिलान्यास रिमोट कंट्रोल से किया गया।'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत भारतीय रेल अंतर्गत 508 स्टेशनों और बिहार के 49 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। जयनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 17.5 करोड़ के खर्च से होगा।

पुनर्विकास कार्य के तहत पैदल पार पुल, कैफेटेरिया के साथ प्रतीक्षा हॉल, विशाल पार्किंग एरिया, अतिरिक्त शौचालय, प्रवेश गेट, लिफ्ट व एस्कलेटर, दिव्यांग शौचालय व सुविधाओं सहित अन्य ढांचों का निर्माण होगा।

जिससे रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा में भारी वृद्धि होगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी 508 स्टेशनों पर बड़ी संख्या में उपस्थित स्थानीय प्रतिनिधियों और नागरिकों को संबोधित किया।जयनगर रेलवे स्टेशन पर संपन्न शिलान्यास समारोह में पूर्व मंत्री सह राजनगर विधानसभा के विधायक रामप्रीत पासवान, खजौली विधानसभा के विधायक अरुण शंकर प्रसाद,नगर पंचायत के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, साहित्यकार कमलाकांत झा,एसएसबी के 48 वीं बटालियन के कमांडेंट गोविंद सिंह भंडारी,चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के अनिल बैरोलिया, मिथिलांचल चेम्बर ऑफ कॉमर्स के शिवशंकर ठाकुर,कैट के प्रीतम बैरोलिया,भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद तिवारी, उद्धव कुँवर,सूरज गुप्ता, विकाश चन्द्रा, विवेक कुमार, आनन्द पूर्वे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## अभाविप ने सदस्यता अभियान को लेकर किया जिला कार्यशाला का आयोजन, एबीवीपी के द्वारा प्रदेश भर मे सदस्यता अभियान 07 से 28 अगस्त तक चलाया जाएगा- राजू सनातन




**अररिया।**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अररिया के द्वारा सदस्यता अभियान को लेकर जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रवास में आए एबीवीपी के प्रांत एस एफ सी संयोजक राजू सनातन ने कहा कि एबीवीपी के द्वारा प्रदेश भर मे सदस्यता अभियान 07 से 28 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के उद्देश्य से एबीवीपी के जिला सदस्यता अभियान प्रमुख अंकित सिन्हा को बनाया गया।

उन्होंने बताया कि एबीवीपी का सदस्यता अभियान तीन चरणों में आगामी 7 अगस्त से 28 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के तहत दस हजार नए सदस्यों को एबीवीपी में शामिल किया जाएगा। जिसके तहत प्रथम चरण स्कूल सदस्यता अभियान का रहेगा जो आगामी 14 अगस्त तक चलेगा।

वहीं महाविद्यालय सदस्यता अभियान 15 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगा एवं शिक्षक सदस्यता अभियान 17 अगस्त से 19 अगस्त तक कोचिंग संस्थान सदस्यता अभियान 21 अगस्त से 29 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस मौके पर विभाग सह संयोजक आकाश श्रीवास्तव ने कहा कि एबीवीपी देशहित,समाज हित मे,छात्र हित मे अग्रिम भूमिका निभाता रहा है। एबीवीपी राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के उद्देश्य के साथ कार्य करने वाला छात्र संघठन है।इसलिए देश भक्ति भाव की भावना ही संघठन की शक्ति है जिससे छात्र छात्राओं द्वारा बड़े स्तर पर समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर एबीवीपी के जिला केंद्र के नगर मंत्री अंकित झा ने कहा कि एबीवीपी के सदस्यता अभियान को लेकर प्रमुख और सह प्रमुख +2 शिक्षण संस्थान, महाविद्यालय,कोचिंग संस्थान,हॉस्टल,शिक्षक सदस्यता में बनाए गए है। इस मौके पर जिला सदस्यता प्रमुख– अंकित सिन्हा, जिला सदस्यता सह प्रमुख–मनीष यादव,नगर सदस्यता प्रमुख–जोगिंदर मंडल,नगर सदस्यता सह प्रमुख– पीयूष कुमार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रीति पायल,नगर मंत्री अंकित झा,अभिषेक झा,राहुल आर्यन,अंकित यादव,नितिन कुमार,राहुल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच संपन्न, दर्जनों मीडिया बंधु को किया गया सम्मानित



**अररिया** ।नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब के सौजन्य से मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया.

जिसमें मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब बनाम आदिवासी स्पोर्ट्स क्लब मदनपुर बीच खेला गया.

जिसमे दोनों टीमों के जबरदस्त मुकाबले मे मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया ने एक गोल दागा तत्पश्चात आदिवासी स्पोर्ट्स क्लब मदनपुर ने भी क गोल दागा मधयन्तेर तक दोनों टीमों का एक-एक गोल के बराबरी पर रहा ,

मध्यानतर के बाद मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब अररिया एक गोल दाग कर और आदिवासी स्पोर्ट्स क्लब मदनपुर दो गोल दाग कर 3/2से मैच मॉडर्न चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट पर कब्जा किया ।मैच में मुख्य रेफरी के रूप में बबलू मरांडी, अब्दुल गफ्फार एवं सदरे आलम शामिल थे.जबकि मैन ऑफ द मैच का ख़िताब आदिवासी स्पोर्ट्स क्लब मदनपुरकें भगवान टूडू को दिया गया.मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आफताब अजीम (अध्यक्ष जिला परिषद अररिया),सादिक हाशमी उर्फ चिंपू (प्रतिनिधि विधायक जोकीहाट) आसिफ़ इकबाल निदेशक अररिया पब्लिक स्कूल ,डॉक्टर अरशद हुसैन प्रो जाहिद अहमद ,डॉक्टर आसिफ रशीद , मनोज भगत (अध्यक्ष लायंस क्लब),भयरोदान भूरा ,ऐम ए मुजीब , अफसाना हसन.युवा नेता अविनाश आनंद, मनोज बररिया,अध्यक्ष सत्यन शरण ,इश्तियाक आलम जकी अख्तर अंसारी ,जकीउल्ह होदा , आबिद अंसारी ,मोहतसीम जुबेरी ,वकार अहमद ,गोपाल झा , शकील अंसारी ,शादाब शमीम ,तंजील अहमद झुन्नू ,रमीज नासिर,आबिद अंसारी , सिकन्देर कुमार ,अशरफ हयात, नौशाद आलम ,कमाले हक़ ,चंगेज अंसारी और भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। इस मौक़े पर बड़ी संख्या में मीडिया बंधु को भी आयोजक मंडल द्वारा सम्मानित किया गया।

## अररिया कोर्ट रेलवे स्टेशन सड़क की समस्या से कब तक जूझेगी जनता !



**अररिया।**सीमांचल युवा जागरण मोर्चा अररिया की अहम बैठक मोर्चा जिला कार्यालय में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष गगन कुमार झा ने कहा कि कल दिनांक 7 अगस्त सोमवार को 11 बजे पथ निर्माण विभाग अररिया के कार्यपालक अभियंता से मोर्चा का शिष्टमंडल मिलेगी। अररिया रेलवे स्टेशन सड़क के संदर्भ में वार्ता करेगी चुकी काफी समय बीत गए और आम जनों की समस्या जस की तस बनी हुई है विभागीय लचर व्यवस्था का दंश आखिर कब तक जनता जनार्दन झेलती रहेगी। बैठक में मोर्चा के संयोजक शंकर ओझा, सचिव अविनाश साह, उपाध्यक्ष अमित साह महासचिव रुपेश भगत, मोर्चा प्रवक्ता देवराज साह एवं पूर्व सचिव धीरज पासवान मुख्य रूप से मौजूद थे। मोर्चा की वर्षों से लंबित मांग अररिया रेलवे स्टेशन सड़क निर्माण को लेकर मोर्चा का शिष्टमंडल पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता से उक्त सड़क को लेकर विभागीय कार्य मैं हो रही विलंभ के संबंध में एवं सड़क निर्माण को लेकर वार्ता करेगी।

## राजद पंचायत अध्यक्ष बूथ स्तर तक जल्द कमिटी बनाकर सूची भेजें- मो. नसीम



**अररिया।**राष्ट्रीय जनता दल अररिया के ऊर्जावान ओजस्वी संगठन के प्रति समर्पित जिला अध्यक्ष आदरणीय मनीष यादव जी एवं उनके कदम से कदम मिलाकर अनवरत चलने वाले जिला प्रधान महासचिव आदरणीय मनोज विश्वास जी एवं अररिया राजद प्रखंड अध्यक्ष भाई मो.नसीम जी जिला राजद प्रवक्ता भाई जगदीश झा गुड्डू द्वारा अररिया प्रखंड में पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया । प्रखंड आर जे डी कार्यालय कैंपस में प्रखंड अध्यक्ष मो. नसीम ने बचे हुए पंचायत में शीघ्र पंचायत स्तरीय अंबेडकर परिचर्चा कराने की बात कही। भाई नसीम ने कहा कि शीघ्र हीं बचे पचायत में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। बनाए गए पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि वे बूथ स्तर तक जल्द कमिटी बनाकर सूची भेजें।

## दो मोटरसाइकिल,एक देशी कट्टा और दो मोबाइल के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज थाना मे दो युवकों को एक देशी कट्टा,दो मोटरसाइकिल और दो एंड्रॉयड मोबाइल के साथ पुलिस नें किया गिरफ्तार गिरफ्तार युवकों में एक थाना क्षेत्र के भागकोहलिया लवाना टोला वार्ड संख्या पांच का रहने वाला 18 वर्षीय मो.शाहनवाज पिता मो.सलीम है।पुलिस ने इसके पास से ही अवैध रूप से रखा गया हथियार देशी कट्टा को बरामद किया।वहीं दूसरा युवक लवाना टोला वार्ड संख्या पांच का ही रहने वाला 21 वर्षीय मो.शाहनवाज पिता मो.सलाउद्दीन है।पुलिस ने इसके पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल सहित काला रंग का हीरो होंडा मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38एएफ-0343 और काला रंग का ब्लू रंग का स्टीकर लगा हुआ हीरो स्पलेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या बीआर 38एएफ -0371 बरामद किया।पुलिस ने दोनों से सघन पूछताछ की और ऐसी आशंका वुक्त जा रही है अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के फिराक में दोनों युवक थे।पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।



## छातापुर विधान सभा सीट से राजद के प्रत्याशी रहे डा.विपीन कुमार बने अररिया जिला के राजद प्रभारी

अररिया। राष्ट्रीय जनता दल, बिहार अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द कु0 सहनी ने डा. विपीन कुमार नोनियां को अररिया जिला का संगठन प्रभारी मनोनीत किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष महानन्द विभू ने बताया कि जिला पार्टी संगठन को धारदार एवं मजबूत बनाने के लिए छातापुर विधान सभा सीट से राजद के प्रत्याशी रहे डा.विपीन कुमार को जिला का प्रभारी बनाया गया है। उन्हें जिला एवं प्रखंड का कमिटी बनाना भी अतिआवश्यक है।

**बैठक** | बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक की गइ

# पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक में सदस्यता अभियान चलाने पर दिया गया बल



**फारबिसगंज ।**स्थानीय पेंसनर भवन में बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक की गई,जिसकी अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने किया जबकि मंच संचालन उपसभापति शिवनरायन दास उर्फ भानू जी ने किया । इसकी सूचना संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी बिद्यानंद पासवान ने दिया ।बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए सचिव मधुसूदन मंडल ने आय व्याय का ब्योरा पेश किया ।सभापति श्री वर्मा ने संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाने पर बल दिया । नये सदस्य के रूप में नागेश्वर राम, रघुनंदन शर्मा,जिबूत नारायण कुंवर,प्रमिला देवी तथा रेडम बेगम ने सदस्यता ग्रहण की जिन्हें उपस्थित पदधारकों ने फूल माला पहना कर तालियों के गड़गड़ाहट से स्वागत किया ।कार्यकारणी के रिक्त पदों को भरने की चर्चा हुई जिसे संयुक्त सचिव योगनारायण दास ने आगामी दिसंबर में आम सभा होने तक स्थगित रखने का सलाह दिये जिसे सवों ने समर्थन किया । नगर परिषद के द्वारा आश्वासन दिये जाने के बाद भी पेंसनर भवन तक सड़क नहीं बनने पर चिन्ता जाहिर की गई ।हिन्दी के शीर्ष कवियों में से एक 5अगस्त 1916 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव में पैदा लिए शिवमंगल सिंह सुमन जी का जन्मदिन मनाया गया ।बिनोद कुमार तिवारी जी ने उनकी जीवनी पर बिस्तार से प्रकाश डाला ।श्री तिवारी ने बताया कि वे अच्छे अध्यापक हीं नहीं कुशल प्रशिक्षक,प्रखर चिंतक और अच्छे विचारक भी थे ।वे साहित्य प्रेमियों के साथ साथ सामान्य लोगों में भी लोकप्रिय थे ।अन्त में आगामी स्वतन्त्रता दिवस को धूम धाम से मनाने पर सहमतिके बाद सभापति के भाषणोंउपरांत बैठक की कार्यवाही समाप्त कर दी गई ।मौके पर सच्चिदानंद मेहता,मनोरंजन प्रसाद,मदनमोहन मेहता,हरिशंकर झा,दिलीप कुमार अग्रवाल,हरिनारायण रजक,दयानंद यादव,जगन्नाथ मंडल,बिश्वनाथ पासवान, जनार्दन दास पारखी,सूर्यकांत ठाकुर,रायमंड सोरेन, पृथ्वी चन्द दास,खदानंद साह, सूर्यनारायण पटेल, देवकला देवी,उद्यानंद झा,अरुण मिश्र, शुरेस मिश्र,जालेश्वर प्रसाद मंडल आदि मौजूद थे ।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम मोदी ने किया किशनगंज रेलवे-स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास- डा. दिलीप



**किशनगंज।**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आज माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किशनगंज रेलवे-स्टेशन के पुनर्विकास को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम में विधान पार्षद सह सिक्किम प्रदेश के प्रभारी डा.दिलीप कुमार जायसवाल जी सम्मिलित हुए । डा. दिलीप जायसवाल ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना से बिहार के कई स्टेशनों का पुनर्विकास होगा।मिलेगी ये सुविधाएं उन्होंने कहा कि पूरे देश के 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया.गौरतलब है कि भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहाहै. देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है.अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार के कई स्टेशनों की सूरत बदलेगी. इसमें किशनगंज , ठाकुरगंज सहित बिहार के कई बड़े स्टेशन शामिल हैं. गौरतलब है कि भारतीय रेल आधुनिकीकरण की दिशा में और भारत सरकार के न्यू इंडिया के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहाहै. देशभर में रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय प्रतिष्ठानों के रूप में विकसित करने का काम तेजी से किया जा रहा है।

## खास खबर

## पत्नी से पति का हुआ विवाद,तंग आकर पति ने खाया जहर,हालत गंभीर.



**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज और मधेपुरा जिले के शंकरपुर सीमा पर स्थित शंकरपुर थाना क्षेत्र के इकराहा वार्ड नम्बर 3 में पत्नी से आपसी विवाद होने के बाद गुस्साए पति ने तंग आकर जहर खाकर खुदकुशी करने का नाकाम प्रयास किया है गंभीर रूप से बेहोशी हालत में स्थानीय निवासी विनोद साह के 28 वर्षीय पुत्र पीड़ित गौतम राजा को ग्रामीणों द्वारा नजदीकी अस्पताल त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल ईलाज के लिए लाया गया है जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.उमेश कुमार की निगरानी में पीड़ित का ईलाज किया जा रहा है पीड़ित के परिजन का कहना है कि पति पत्नी में आपसी लड़ाई झगड़ा हुआ था उसी में यह कोई कीटनाशक दवाई खा लिया।जिसके बाद हालत गंभीर होने के बाद इसे अस्पताल लाया गया है लड़ाई किस वजह से हुई इसके कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया है वही चिकित्सक डॉ.उमेश कुमार ने बताया कि प्वाइजनिंग केश है पीड़ित का ईलाज किया जा रहा है अगर सुधार होगा तो ठीक है अगर पीड़ित की स्थिति में सुधार नहीं होगा तो इसे बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया जाएगा।इस संबंध में पुलिस को भी सूचना दी गई है।

## कोसी के पानी उतार-चढ़ाव से दुबियाही पंचायत में रोड के ऊपर पानी बहने से रोड का हाल हुआ बेहाल







**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के बांध के भीतर कोशी के पानी में हमेशा उतार चढ़ाव होना आम बात है। ताजूब की बात तो यह है की करोड़ों रुपया खर्च करके विभाग के द्वारा रोड बनाई जाती है। लेकिन इसका देख रेख नही किया जा रहा है। ऐसा ही मामला दुबियाही पंचायत के वार्ड नंबर 02 स्थित दुबियाही चौक से 100 मीटर उत्तर रोड नंबर 6 की है जहां रविवार को पानी में वृद्धि हो जाने से रोड के ऊपर होकर पानी बह रहा है। जो किसी भी पल टूटकर बड़ा गढ़ा जैसा बन सकता है। और रोड छत विछत हो जाएगा और लोगों का आना जाना इस मार्ग से बंद हो जाएगा। लेकिन विभागीय अधिकारी मौन बैठे है। वहीं उपस्थित जिला परिषद सदस्य हसनेंन नोमानी, ललन कुमार यादव,राजधर यादव,शंभू कुमार यादव,नुनु लाल पांडे,संजय कुमार,भूलो यादव,ब्रजेश यादव,हीरालाल शर्मा, रामलखन यादव, सुधीर यादव आदि लोगों ने बताया की अभी रोड टूट भी जाएगा तो इसका कोई देख रेख नहीं होगा हालांकि टूट जाने के बाद मोटे रकम पर टेंडर लेकर इसको दुरुस्त किया जाएगा। जबकि रोड टूटने की जानकारी जलसंसाधन विभाग को भी दिया गया है। लेकिन अभी तक इधर झांकने तक नहीं आया है। जबकि यह रोड नंबर 06 है। इस मार्ग से होकर कोशी क्षेत्र के विभिन्न गांवों को किशनपुर और सुपौल के साथ जोड़ती है अगर यह रोड टूट जाती है तो लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना परेगा।

## जद यू कार्यालय में किसान एंव सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री रामचन्द्र यादव की अध्यक्षता में कार्यकारणी समिति की हुई अहम बैठक

### मुख्य अतिथि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुशवाहा जी उपस्थित हुए।




**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले के नगर परिषद अंतर्गत जनता दल यू जिला कार्यालय सुपौल के कर्पूरी सभागार में किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्री रामचंद्र यादव के अध्यक्षता में जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुशवाहा जी उपस्थित हुए।

बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व विधायक श्री लखन ठाकुर, अमर कुमार चौधरी, युगल किशोर अग्रवाल ,हरेकांत झा जगदीश प्रसाद यादव,मो खुर्सीद आलम ,गुंजन सिंह, गणेश सिंह ,ओम प्रकाश यादव, प्रमोद कुमार ,मंडल हरिमोहन विश्वास, किसन मंडल, मकसूद आलम, कमाल खान, अजय कुमार,कमल यादव ,नथुनी मंडल, रामकिशोर राय ,पूनम देवी,सिकन्दर सरदार, रीनावाला समदार, प्रियंका कुमारी, राहुल ठाकुर, मंजू देवी, अनिता देवी,सबलू मंडल, निर्धन पसमान, लक्ष्मी यादव ,सदानंद पासवान,ध्रुव सिंह आदि साथी उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष श्री राम चंद्र यादव माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री मनोज कुशवाहा सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ साथियों को पाग चादर और माला से सम्मानित किए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जितना काम आज बिहार सरकार के द्वारा किसानों के लिए किया गया, आज तक देश के किसी भी राज्य सरकार ने नहीं किया। बिहार के किसानों के लिए माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी कृषि रोड मैप तैयार किए। आज किसानों को बिहार में बिजली विभाग के द्वारा अलग से फीडर का निर्माण कर हर घर को जल के साथ हर खेत को पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। वो भी देश में सबसे सस्ते दरों पर। बिहार सरकार किसानों को उचित मूल्य पर बीज के साथ खाद भी उपलद्ध कर रही हैं। इसका परिणाम हैं कि आज बिहार में कृषि का ऊपज देश के अन्य भाग से अधिक हैं।वही जदयू जिलाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने डीजल अनुदान, फसल क्षतिपूर्ति अनुदान, किसान सम्मान निधि आदि सरकारी कदमों से किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है।

## राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार मंच द्वारा जिला कार्यालय शिवपुरी थरबिट्टा में एक बैठक का हुआ आयोजन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड क्षेत्र में रविवार को राष्टीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार मंच के बैनर तले जिला कार्यालय शिवपुरी थरबिट्टा में प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश उर्फ योगी बाबा के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की आप लोग ने पूर्व में जनहित निवारण प्रकोष्ठ में कहा था की कई ऐसे लोग है जिनका उम्र 60 वर्ष से अधिक है। कई विधवा और विकलांग है जिन्हे पेंशन नहीं मिलता है। इन सभी ज्वलंत समस्या को लेकर माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया हूं। पुनः में मुख्यमंत्री से मिलकर आवेदन दूंगा यदि नहीं होगा तो देश व्यापी आंदोलन होगा। साथ ही वृद्धा विकलांग विधवा पेंशन को चार सौ के बदले एक हजार के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे चुका हूं। साथ ही स्वास्थ,शिक्षा,रोजगार और किसान के लिए मुफ्त में खाद्य बिज मिलना चाहिए क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है। मौके पर अमेरिका देवी, कारी देवी,बिंदुला देवी , महंथी मंडल,गीता देवी,सुमित्रा देवी,हरिलाल मंडल आदि लोग मोजूद थे।

## आरजेडी ने पंचायत स्तर पर डॉ भीमराव अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम का किया आयोजन





**सोनू आलम/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल/**जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के भीमपुर पंचायत में रविवार को आरजेडी के द्वारा पंचायत स्तरीय डॉ भीमराव अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता छातापुर प्रखंड अध्यक्ष मो हसन अंसारी ने किया। इस कार्यक्रम में आरजेडी के पूर्व प्रत्यासी एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भीमराव अंबेडकर परिचर्चा के प्रभारी डॉ विपिन कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के आरजेडी कार्यकर्ता एवं विभिन्न पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष समेत आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए। मौके पर विपिन कुमार सिंह ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए और इनके नीतियों, सिद्धांतों एवं उनके राहों पर चलने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ साहब देश के समाज सुधारक हुए, जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया। उन्होंने दलित महादलित को चलने का एक अवसर दिया और अपने आवाजों को बुलंद करने का हौसला बढ़ाया। इन्हीं के कदमो पर चलते हुए नीतीश जी ने पंचायत स्तर पर आरक्षण दिया। साथ ही इसी कारणों से पंचायतों में भी दलित महादलित लोगों को भी पंचायत में अहम भूमिका मिला। उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश जी ने छोटे तपके लोगों को खड़ा होने का अवसर दिया, जो कन्धे से कंधे मिलाकर समाज को आगे बढ़ाने में अहम सहभागिता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ साहब ने कहा था कि शिक्षित हो, संघर्ष करे और आपस में संघटित हो। आगे उन्होंने कहा कि धर्म रूपी चश्मा को खोलकर एक साथ मिलकर आगे बढ़े और देश को मजबूती प्रदान करे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ खड़ा होकर महागठबंधन को जिताने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि डॉ भीमराव अंबेडकर के कहे बातों का अनुसरण करें और उनके कहे कदमों पर चलने जा प्रयास करें। छातापुर प्रखंड अध्यक्ष श्री अंसारी ने कहा कि आज देश में दलित और महादलितों को मोहरा बनाकर राजनीति करते हैं। जिससे लोगों को बचना चाहिए। मौके पर भूभनेश्वर निजपुरिया, भीमपुर मुखिया रंजन कुमार भारती,रामसेवक सिंह,अनमोल सिंह,दीपक पासवान, सूर्य नारायण मंडल,मोहन यादव,उमा देवी,शारदा देवी,जागेश्वर सिंह, दुर्गानंद जी कपिलदेव सिंह, दिनेश मंडल, अर्जून शर्मा, शिवसंकर सादा, राजकुमार साह,रामलखन यादव, पंकज कुमार यादव,अशोक सिंह, ललित कुमार,पप्पू सिंह मुकेश सिंह आदि मौजूद थे।

## झोला छाप डॉक्टर ने लिया एक वर्षीय बच्चे की जान गलत सुई लगाने का आरोप



**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल में आज रोज रविवार की अहले सुबह त्रिवेणीगंज अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए लाए एक वर्षीय बच्चे को डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने आरोप लगाया कि मेरे एक वर्षीय बच्चे को दो सुई लगाने के बाद बच्चे का स्थिति बिगड़ने लगा झोला छाप डॉक्टर पर लगाया गलत सुई देने का आरोप परिजनों में मचा कोहराम और बताया गया कि त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लतौना दक्षिण पंचायत अंतर्गत कसहा में झोला छाप डॉक्टर द्वारा दो सुई लगाने के बाद एक वर्षीय बच्चे की मौत हो गई मृतक के परिजन झोला छाप डॉक्टर डॉ मुसन राम पर गलत सुई देने का आरोप लगा रहे हैं। मृतक के परिजनों का आरोप है की प्रमोद कुमार का एक वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार को चोट लगने के बाद उसे पास के ही एक डॉक्टर मुसन राम के पास इलाज कराने ले गए। जहां डॉक्टर मूसन राम ने बच्चे को दो सुई लगाया। जिसके बाद बच्चे की तबियत बिगड़ने लगी। बच्चे की हालत खराब होते देख परिजन द्वारा आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज लाया गया। तब तक बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया परिजन झोला छाप डॉक्टर मूसन राम पर गलत सुई लगाने का आरोप लगा रहे हैं।

## कलयुग केवल नाम अधारा सुमरी सुमर नर उत्तरपारा



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल/**जिले में नगर परिषद अंतर्गत एकल अभियान अंचल की और से नौ दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ श्री राधा कृष्ण ठाकुरवारी में हुआ। जिसमें एकल अभियान अंचल समिति सदस्य सुमन चंद जी व्यास पीठ की पुजन किया एवं आरती किया।आज प्रथम दिवस के कथा में व्यास सुश्री साध्वी सुकृति दीदी के मुखारविंद से बताया गया कि भगवान राम के नाम की महिमा भगवान का धाम महिमा गुरु बनाने का महत्व गुरु बनाने से क्या जीवन में परिवर्तन और लाभ होता है सत्संग की महिमा और कलयुग में केवल नाम ही आधार है पूजा जब तक का कोई लाभ नहीं है कलयुग बहुत सरल भी है और कलयुग को बहुत महंत भी इसलिए दिया गया है क्योंकि और युग में लोग पूजा या जब तक करके भगवान को प्रसन्न कर लेते थे लेकिन कलयुग एक मात्र ऐसा युग है जिसमें केवल और केवल भगवान के नाम को जब करके न भवसागर से पर हो सकता है इसीलिए कलयुग को महान युग भी कहा गया है कि इतनी छोटे से नाम से हम भगवान के धाम को जा सकते हैं इन सब महिमा पर चर्चा की गई।कथा उपस्थित संभाग श्री हरि कथा अध्यक्ष श्री विनोद कुमार शर्मा केंद्रीय सीएसआर प्रमुख कामेश्वर शर्मा,अमर कुमार चौधरी रामकुमार चौधरी, संतोष प्रधान, डॉ प्रभु दयाल साह, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ राजा सिंह, बैद्यनाथ चौधरी,नलिन जायसवाल,संभाग अभियान प्रमुख आमोद कुमार पासवान,संतोष अग्रवाल,दामोदर अग्रवाल, हीरा लाल कामत, संजीव झा,सरोज झा, बद्री मिश्रा,दशरथ पासवान, शंभु मिश्रा,रंधीर चौधरी, अरुण चंद,राम प्रसाद गुप्ता,अनिरुद्ध कुमार, राम उदगार दास,चंदन कुमार शर्मा,संजय कुमार,कैलाश कुमार, किशन कुमार,सुमन कुमार,प्रशांत कुमार आदि भक्तजन उपस्थित हुए।

## विभिन्न कांडो के नामजद पिता एवं बेटे सहित चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजे गए जेल




**जितेन्द्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिवेणीगंज, सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज पुलिस ने बीती रात्रि थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर विभिन्न कांडो के चार अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। त्रिवेणीगंज थानाध्यक्ष कृष्ण बली सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीएसटी मामले में नगर परिषद क्षेत्र के लतौना वार्ड नंबर 15 निवासी रमण दास को गिरफ्तार किया गया। वही हत्या के अभियुक्त योगियाचाहि वार्ड नंबर 6 निवासी दिलो यादव उर्फ दिलेन कुमार जबकि मारपीट के मामले में नगर परिषद क्षेत्र के लतौना वार्ड नंबर 15 निवासी योगेंद्र दास एवं लड़का सिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि सभी गिरफ्तार चारो आरोपी को न्यायिक हिरासत में सुपौल जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार

### बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी के लापरवाही के वजह से किसान हो रहे हैं परेशान

## सरकार के ओर किसानों के खेती के वास्ते दिन में 12 घंटे बिजली देने के बात हवा हवाई साबित हो रहा है

**ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,मरौना, सुपौल/**जिले के मरौना प्रखंड में एक ओर जहां लंबे समय से बारिस नही होने के कारण किसान परेशान दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी के लापरवाही के वजह से किसान अपने हाल पर आंसू बहा रहा है।

सरकार के ओर किसानों के खेती के वास्ते दिन में 12 घंटे बिजली देने के बात हवा हवाई साबित हो रहा है। बता दे की मरौना फिडर कार्यरत लाइन मैन के लापरवाही के वजह से किसानों को हमेशा फजीहत झेलनी परती है। पावर ग्रिड में लाइन रहने के वावजूद भी किसानों को खेती नही हो पा रहा है।

> जिले के मरौना प्रखंड में एक ओर जहां लंबे समय से बारिस नही होने के कारण किसान परेशान दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर बिजली विभाग के पदाधिकारी व कर्मचारी के लापरवाही के वजह से किसान अपने हाल पर आंसू बहा रहा है। सरकार के ओर किसानों के खेती के वास्ते दिन में 12 घंटे बिजली देने के बात हवा हवाई साबित हो रहा है। बता दे की मरौना फिडर कार्यरत लाइन मैन के लापरवाही के वजह से किसानों को हमेशा फजीहत झेलनी परती है।

पिछले दो दिनों कृषि लाइन की स्थिति खराब होने के कारण दिन दिन भर खेत में बैठ कर वापस आ जाता है।

लेकिन पावरग्रिड में लाइन रहने के वावजूद भी किसान अपने खेत में निरर्थक बैठे रहते है। लेकिन लाइन ठीक नहीं ठीक किया जाता हैं। नाम नही छापने के शर्त पर कुछ किसान ने बताया लाइन मैन के द्वारा कहा जाता है नीचे से ऊपर तक सबको नजराना दिया जाता है। इसलिए अपने मर्जी से काम करता हूं। जिसके कारण किसान परेशान है।किसान संतोष यादव, तरूण यादव,गोबिंद यादव,अशोक यादव, लक्ष्मी नारायण यादव,राम सेवक यादव,चंदेश्वर यादव ,राम नारायण यादव, दिनेश यादव सैकड़ो किसान ने बताया की जब कभी मरौना फिडर लाइन खराब होता है यहां के लाइन मेन कभी किसी का फोन नहीं उठता है। जब पदाधिकारियों के द्वारा लाइन मेन को कहा जाता है तो बिजली विभाग के पदाधिकारी के ग्रुप में लाइन मैन लिखता है यह किसान झूठ बोलता है। लेकिन दुःख की बात यह है की एक लाइन मैन अपने बारिए पदाधिकारी को भी उल्लू बनाने से बाज नहीं आते है।

इसे क्या कहा जाए। शनिवार को मरौना फिडर के सिमराहा वार्ड 10 में दिन बिजली गुल रही लेकिन ग्रामीणों के द्वारा सैकड़ो बार लाइन सही करने के लिए कहा गया लेकिन किसी का फोन नही उठाया।जब शनिवार को शाम पांच बजे पावरग्रिड में सिप्ट बदलने के बाद कर्मी सुनील यादव के द्वारा वहां के लोकल मिस्त्री के द्वारा बिजली बहाल किया गया। अतः जिला प्रशासन।से ग्रामीणों ने उक्त समस्या की निदान की मांग की है ।ताकि किसान ढंग से खेती कर सके अन्यथा हम लोग लाइन मैन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

## प्रखंड क्षेत्र के मोजहा पंचायत ,सिसवा गांव में अचानक घर मे आग लग जाने के कारण घर मे रखा अनाज,कपरा ,नगद रुपये जलकर हुई राख





**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मौजहा पंचायत शिसवा गांव के वार्ड नंबर 10 में बीते दिनों राम कुमार मंडल के घर में अचानक आग लग जाने के कारण घर में रखा अनाज,कपड़ा, फर्नीचर के समान,कुछ नगद रुपया सब कुछ जल कर राख में बदल गया था।इसी को लेकर मौजहा पंचायत के भावी पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार यादव के द्वारा रविवार को सिसवा गांव पहुंचकर राम कुमार मंडल एवं अन्य अग्नि पीड़ितों के बीच सामग्री वितरण किया। इस संबंध में अजय कुमार यादव ने बताया की बीते दिनों इस परिवार का घर जल गया था खाने तक के लिए कुछ नहीं बचा था। जिसके कारण सहयोग हेतु 25 किलो चावल, 5 किलो दाल, 1 किलो करवा तेल, 10 किलो चूड़ा, एक साड़ी, एवं सर्फ, साबुन ,के अलावा 25 सौ रूपया नगद पिड़ित परिवार को दिए है।ताकि अपनी कुछ आवश्यकता को पूरा कर सके।

## ख़ास ख़बर

## छात्र जीवन से विद्यार्थियों के हित में काम करने वाले संजय तिवारी बने तिलौथू भाजपा प्रखंड अध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर तिलौथू (रोहतास)** जिस समय एक युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी पढ़ाई उनका रोजगार और उनके परिवार की देखभाल के लिए अपने कैरियर को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। उस समय एक कर्मठ, तिलौथू की धरती पर युवाओं में जागरूकता लाने के लिए क्रांतिकारी के रूप में कार्य करता है। समाज के दर्जनों संगठन के विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए अपनी पहचान जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर बनाता है। कालांतर में बहुत सारे नकारात्मक सकारात्मक लोग इनके आगे पीछे लगे रहे। पर अपने सच्चाई के रास्ते को इन्होंने कभी नहीं छोड़ा। आज उसी परिणाम स्वरूप इन्हें विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का एक खंड की जिम्मेवारी इन्हें मिली है। भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता रह चुके संजय तिवारी को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। अब इन्हें तिलौथू प्रखंड का भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। संजय तिवारी ने रोहतास जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, और वह बधाई भी दे रहे हैं। अब उन विद्यार्थियों को एहसास हो गया है, कि हमारी बातों को ऊपर तक पहुंचाने वाला कोई अपने बीच का युवा नेता हमारे साथ खड़ा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ हजारों युवाओं ने संजय तिवारी को बधाई दी।

## छात्र राजनीति में सक्रिय रहे संजय तिवारी बने बीजेपी के तिलौथू प्रखंड अध्यक्ष



**दैनिक शुभ भास्कर सासाराम (रोहतास)।** छात्र राजनीति में दो दशक तक सक्रिय रहे बीजेपी नेता संजय तिवारी को जिले के तिलौथू प्रखंड का अध्यक्ष बनाया गया। घोषणा होने के बाद उन्होंने जिलाध्यक्ष सुशील कुमार और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार जताया है। मनोनयन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। साथ ही उम्मीद जताया गया है कि बीजेपी संगठन को नई मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों में एमएलसी निवेदिता सिंह, बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुशील मोदी के आप्त सचिव शैलेंद्र ओझा, बीजेपी नेता महेंद्र ओझा उर्फ छोटी, नवीन नटराज सहित अन्य शामिल हैं। श्री तिवारी इससे पूर्व बीजेपी के जिला कार्यकारिणी में रह चुके हैं।बीजेपी के नेताओं का कहना है कि जिस समय एक युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। उनकी पढ़ाई उनका रोजगार और उनके परिवार की देखभाल के लिए अपने कैरियर को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। उस समय एक कर्मठ, तिलौथू की धरती पर युवाओं में जागरूकता लाने के लिए क्रांतिकारी के रूप में कार्य करता है। समाज के दर्जनों संगठन के विभिन्न दायित्व का निर्वहन करते हुए अपनी पहचान जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर बनाता है। कालांतर में बहुत सारे नकारात्मक सकारात्मक लोग इनके आगे पीछे लगे रहे। पर अपने सच्चाई के रास्ते को इन्होंने कभी नहीं छोड़ा। आज उसी परिणाम स्वरूप इन्हें विश्व के सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का एक खंड की जिम्मेवारी इन्हें मिली है। भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता रह चुके संजय तिवारी को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए एक बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। अब इन्हें तिलौथू प्रखंड का भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। संजय तिवारी ने रोहतास जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया। प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, और वह बधाई भी दे रहे हैं। अब उन विद्यार्थियों को एहसास हो गया है, कि हमारी बातों को ऊपर तक पहुंचाने वाला कोई अपने बीच का युवा नेता हमारे साथ खड़ा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ हजारों युवाओं ने संजय तिवारी को

## सत्येंद्र पाठक बने भाजपा के मंडल अध्यक्ष

**संझौली(रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की गई है। सत्येंद्र पाठक को संझौली मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी है। वही कई लोगों ने बधाइयां भी दी है। नवचयनित मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौपी है, वह ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम होगा। बधाई देने वालों में वशिष्ट पासवान, लव मिश्र, गौरव गुप्ता, विजय सिंह, मनीष पटेल, भागवत पासवान व राम सूरत सिंह आदि कई शामिल हैं।

# भाकपा माले लिबरेशन का एक दिवसीय लोकसभा स्तरीय बैठक संपन्न




**नासरीगंज (रोहतास)** नगर पंचायत के धुस स्थित प्लाजा मैरिज हॉल में भाकपा माले लिबरेशन की एक दिवसीय काराकाट लोकसभा क्षेत्र स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें औरंगाबाद और रोहतास जिला कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने आगामी 2024 में सांप्रदायिक व फासीवादी भाजपा को शिकस्त देने के लिए पार्टी सदस्यों व कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी क्षमता और ताकत झोंक देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मोदी राज में आज देश अभूतपूर्व संकट के दौर से गुजर रहा है। कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार मोदी सरकार की पहचान बन चुकी है और 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी सुनिश्चित हार की आशंका से देश मे सांप्रदायिक उन्माद पैदा कर अपने पक्ष में हिन्दू ध्रुवीकरण करने की हर संभव प्रयास करने में लगी है। हरियाणा के नूंह, बिहार के नालंदा, सासाराम, भभुआ, दरभंगा और देश के अन्य प्रदेशों में साम्प्रदायिक उन्माद पैदा करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि मणीपुर में तीन महीने से जारी जातीय हिंसा की आग मिजोरम व असम तक फ़ैल चुका है और दो कुकी महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने से पुरी दुनिया के सामने देश का सिर शर्म से झुक गया।डबल इंजन की सरकार मणिपुर की जातीय हिंसा को रोकने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। जिसके लिए मणीपुर के सीएम एन बिरेन सिंह और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को फौरन इस्तीफा देना चाहिए। वहीं पॉलित ब्यूरो सदस्य अमर ने आह्वान किया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर दस पार्टी सदस्य भरती कर पार्टी के ब्रांचों को सक्रिय किया जाए। अखिल भारतीय किसान महासभा के राष्ट्रीय महासचिव राजा राम सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष की इंडिया गठबंधन से भाजपा बुरी तरह डरी हुई है और 2024 में होने वाली अपनी हार से बौखला गई है। वहीं काराकाट लोकसभा सीट पर अपनी दावेदारी ठोकते हुए उन्होंने कहा कि भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा ने सोन अंचल के जिलों में किसानों के प्रमुख सवाल कादवन जलाशय योजना, एमएसपी, बिहार में बाजार समिति के निर्माण व सोन नहर आधुनिकरण के सवाल पर लगातार आंदोलन चलाती रही है और यह आंदोलन आगे भी चलाने के लिए संसद के अंदर व बाहर काराकाट लोकसभा क्षेत्र के किसानों के व्यापक गोलबंदी की जरूरत है। बैठक के अंत में काराकाट लोकसभा क्षेत्र स्तरिय चुनाव तैयारी समिति व चुनाव संचालन समितियों का निर्माण किया गया। काराकाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र में भी अगस्त के अंत तक विधानसभा चुनाव तैयारी समिति व चुनाव संचालन समिति का निर्माण कर लेने का निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी 27 अगस्त को औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में काराकाट लोकसभा क्षेत्र स्तरिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य के शामिल होने की संभावना है। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य एवं काराकाट विधायक अरुण सिंह, रोहतास जिला सचिव नंदकिशोर पासवान, औरंगाबाद जिला सचिव मुनारीक पासवान ने संयुक्त रूप से की।

## भाजपा के लालबाबु पुनः बने नासरीगंज नगर अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया



**नासरीगंज(रोहतास)** - नासरीगंज नगर मंडल के दुबारा नगर अध्यक्ष चयनित किए जाने पर भाजपा के नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं रोहतास जिला के सम्मानित जिलाध्यक्ष सुशील कुमार को बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है ।लालबाबु उर्फ संजय कुमार को दुबारा जिम्मेवारी मिलने पर नगर एवं प्रखंड के वरीष्ठ एवं सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष व खुशी व्यापत है। नगर अध्यक्ष लालबाबु उर्फ संजय कुमार ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष एवं जिला कमिटी द्वारा आज रोहतास जिला के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई ।भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि मैं पार्टी का एक छोटा सेवक हूँ ।उन्होंने कहा कि 1994 से पार्टी का सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुझे 2019 में पहली बार मण्डल अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली थी जिसे मैं अपने टीम के सहयोग से पार्टी का सेवा किया और दुबारा मौका मिलने पर पार्टी के सेवा करने के लिए एक नई ऊर्जा मिली है। जिसे मैं जिम्मेवारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। नगर अध्यक्ष ने भाजपा के रोहतास जिला कमिटी, विधान पार्षद सदस्य अवधेश नारायण सिंह, संतोष सिंह, निवेदिता सिंह जिवन कुमार, पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद चौरसिया एवं जिले के सभी नए एवं पुर्व पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है। नगर अध्यक्ष बनने पर दयानन्द प्रसाद, मदनमोहन केशरी, अमित कुशवाहा, बंशीधर कुशवाहा, सिकंदर सिंह, अभय सिंह, कनकधीर उपाध्याय, रौशन कुमार सिंह, ललन पंडीत, चन्द्रकान्त कुमार मुन्ना, जय सियाराम, राधारमण गुप्ता, संजय गुप्ता, अनिल सुमन, सुनिल चौधरी, उपेन्द्र पासवान, मंतोष यादव, अजय गुप्ता, संतोष कुमार वार्ड पार्षद, संदीप बहादुर सिंह, अमित चन्द्रवंशी, चन्द्रहान्शु मिश्रा, संतोष आर्य, जयनंदन प्रसाद, दीनदयाल सिंह, अंजनी सिंह, अनिल यादव, रौशन सिंह, पंकज यादव, नौतेज कुमार, अंशु कुमार, मुकुल प्रसाद समेत नगर एवं प्रखंड के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामना दिया।

# खरवारो ने सम्मान समारोह का किया आयोजन





**कोचस (रोहतास)** कोचस महालक्ष्मी मैरेज हाल में "आदीवासी स्वाभिमान सम्मान समारोह" कार्यक्रम" युवा खरवार महासभा बिहार का ज़िला इकाई रोहतास के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता एस. डी. खरवार एवं मंच संचालन जितेंद्र खरवार ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि,माननीय अध्यक्ष,शम्भु कुमार सुमन उपस्थित रहे,तथा विसीष्ठ श्री प्रमोद कुमार सिंह,जनजाति मामला के विशेषज्ञ एवं सुग्रीम सिंह खरवार, अध्यक्ष - कैमुरांचल विकास मोर्चा भी उपस्थित रहे, सभी अतिथियो को अंग वस्त्र एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया गया तथा वीर योद्धा नीलाम्बर पीताम्बर का स्मृति चीन्ह भेट किया गया प्रदेश अध्यक्ष राजू खरवार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष-युवा खरवार महासभा बिहार राजेश खरवार ने माननीय अध्यक्ष से आग्रह किया हमारे खरवार समाज के सदस्यों पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है जिसके कारण सुचारु रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत नही हो पा रहा है और अभी जातीय जनगणना में भी बहुत क्षेत्रों से शिकायत आ रहा है की गणना कर्मीयो द्वारा खरवार जाति और कोड 41 अंकित नही किया जा रहा है,

इस पर रोक लगाने का आग्रह किया और सुचारु रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने का माँग किया गया, अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा की आदीवासी समुदाय के किसी भी जाति के साथ कोई भी अत्याचार आयोग बर्दाश्त नही किया जाएगा, और तत्काल प्रभाव से कोचस CO को बुलाया परंतु वो तवीयत खराब होने के कारण नही आए उनके सहयोगी ऋश्र उपस्थित हुए जिन्हें माननीय अध्यक्ष ने सख्त आदेशित किया की जनगणना में बीना कोई साक्ष्य माँगे इन्लोग का जाति खरवार कोड 41 अंकित कराए और जाति प्रमाण पत्र सुचारु रूप से जारी करें, अध्यक्ष ने यह भी बताया की समीक्षा बैठक में जनगणना में खरवार जाति के साथ कोई भेद भाव नही किया जाए और जाति प्रमाण पत्र सुचारु रूप से जारी करने के लिए ज़िला पदाधिकारी एवं सन्बिधत सभी पदाधिकारीयो को निदेशीत कर दीया गया है इसके बावजूद भी किसी क्षेत्र में खरवार के साथ कर्मचारियों एवं पदाधिकारीयो द्वारा मनमानी किया जाति हो तो आपलोग आयोग को सूचित करें कठोर कार्यवाही होगी!

## हरियाणा मे कमाने गए युवक को लगी करंट हुई मौत



**कोचस (रोहतास)** ओपी थाना क्षेत्र के परसथुआ बाजार में रविवार को मातम सा छा गया जब परसथुआ के एक युवक का शव बाजार में पहुँचते ही सबकी आँखें नम हो गई। इस घटना की जानकारी कथराई पंचायत के पंचायत समिती प्रतिनिधी सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय शर्मा ने देते हुए बताया कि परसथुआ निवासी मुखिया राम का 20 वर्षीय पुत्र निरंजन कुमार हरियाणा के पानीपत शहर में किसी कम्पनी में हेल्पर का कार्य करता था। बीते शुक्रवार की शाम को वह कम्पनी में प्रतिदिन की तरह कार्य कर रहा था कि अचानक कम्पनी के नंगा तार के शार्ट सर्किट के चपटे में आ गया। आनन-फानन में सहायक हेल्परों के द्वारा उसे पानीपत के किसी निजी क्लीनिक में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मार्मिक घटना के बाद कुछ मजदूर साथी व आसपास के कम्पनी में कार्यरत रिश्तेदारों के द्वारा रविवार को उसका शव परसथुआ लाया गया। शव पहुँचते ही परिजनों में चीख़-पुकार मच गया। शव का दाह-संस्कार परसथुआ में किया गया। वही लोगों के जेहन में एक ही बात बार- बार सोचने पर मजबूर कर देगा कि काश हमलोगों के प्रदेश में भी मजदूरी के लिए काम मिल जाता तो अपने घर से इतना दूर काम करने के लिए नही जाना पड़ता। मगर पेट की भूख, पिता की दवा बहन की शादी व अन्य कई जिम्मेवारियों के बोझ तले अपने अरमानों का गला घोटकर कुछ अबोध मजदूर अन्य प्रदेशों में मजदूरी करने के लिए मजबूर हो जाते है। वही इस घटना के बाद गाँव में मातम पसरा है।

## उचित समय पर उपचार नही मिलने से महिला का हृदय गति रुका, हुई मौत

**कोचस (रोहतास)** कोचस प्रखंड क्षेत्र के कथराई पंचायत के कथराई गांव में एक महिला की सही समय पर इलाज नही होने पर हृदय गति रुकने से मौत हो गया। इसकी जानकारी कथराई पंचायत समिति प्रतिनिधी सह राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि कथराई निवासी रामचंद्र चौधरी की पत्नी संयोगा देवी कि कुछ दिनों से तबीयत बहुत खराब चल रहा था। अत्यधिक गरीब असहाय होने के वजह से रामचंद्र चौधरी दवा करा पाने में असमर्थ थे। कुछ ग्रामीणों के सहयोग करने के कहने पर वह सम्मान पर ठेस पहुँचने जैसा बर्ताव करते थे । लिहाजा उनकी पत्नी की ससमय पर इलाज नही होने के दौरान रविवार को उनकी हृदय गति रूक गई जिसके उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा है।

## एलआईसी से संबंधित लोगों को दी गई जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर/ संझौली(रोहतास)**भारतीय जीवन बीमा के एजेंट पुष्पा कुमारी द्वारा संझौली के निजी हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित कर, लोगों को एलआईसी से संबंधित कई तरह की जानकारियां दी गई. कार्यक्रम में आए विकास अधिकारी गणेश कुमार व शाखा प्रबंधक डेहरी रजनीश कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहां की 'जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी' एलआईसी आपके साथ है. उक्त अवसर पर राजीव पांडे, संजीत पांडे, जगदेव सिंह, अमर कुमार विष्णु सिंह अमित कुमार जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।


## भाजपा नोखा नगर अध्यक्ष बने मनोज चंदेल



**नोखा (रोहतास)** नगर के भाजपा नेता मनोज चंदेल को नगर अध्यक्ष बनाया गया है जिसमें कार्यकर्ताओं में खुशी का लहर है इसकी सूचना देते हुए नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय सम्राट चौधरी द्वारा अनुमोदित सूची रोहतास जिला के भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील चंद्रवंशी ने जारी कर रोहतास जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष एव नगर अध्यक्ष बनाने की घोषणा की जिसमें नोखा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल ने कहे कि रोहतास जिला कमेटी को मैं धन्यवाद देता हूं कि मुझे चयन करते हुए मुझ पर भरोसा और विश्वास किये। मैं पार्टी का हर आदेश का पालन करुंगा बधाई देने वाले भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान भाजपा नेता गांधी चौधरी भाजपा नेता जवाहर प्रसाद उमाशंकर प्रसाद भाजपा जिला मंत्री सुनीता गुप्ता सतनारायण चंद्रवंशी बिहारी प्रसाद गुप्ता पिंटू केसरी बोल बम केसरी विनोद ठाकुर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उमेश चौहान ललित राय राधेश्याम चंद्रवंशी लोगों ने बधाई दिया।

**जलस्तर** ` भारी बारिश के बाद सोन नद के जलस्तर में काफी बढ़ोतरी हो रही है।

# सोन नद का बढ़ा जलस्तर, बाढ़ की सत्ता रही लोगों को डर



**नासरीगंज(रोहतास)** - प्रखण्ड क्षेत्र में भारी बारिश के बाद सोन नद के जलस्तर में काफी बढ़ोतरी हो रही है। दिन-प्रतिदिन सोन नद का जलस्तर बढ़ रहा है। जिससे सोन नद के तट पर बसे गांव के लोगों को कटाव की चिंता सताने लगी है। सोन नद बिकराल रूप धारण कर चुका है। पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश से इंदपुरी बराज में काफी ज्यादा पानी आ चुका है।

जिसे सोन नद में धीरे-धीरे छोड़ा जा रहा है। सोन नद में पानी बढ़ने से सोन डिले पर रहने और खेती करने वाले लोग अपने घरों की ओर पलायन को मजबूर हो गए हैं। सोन नद में ज्यादा पानी बढ़ने से खेती की प्रभावित होने की संभावना है।

सोन नद में बाढ़ आने से नासरीगंज व कच्छवाह के लगभग 10 गांव सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। जिसमें महादेवा, मंगराव, तुर्क बिगहा, गनौरी विगहा समेत कई गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। यहां सोन के बाढ़ का सीधा असर पड़ता है। सोन में आई बाढ़ का असर विगत कुछ वर्ष पहले देखा गया है। जहां कई गांव में बाढ़ का पानी घुस जाने से लोगों के सामने आर्थिक रूप से गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई थी। वहीं कई गांव में लोग नाव का सहारा लेकर आवागमन करने को मजबूर थे। शनिवार की सुबह इंद्रपुरी बाराज से 21 हजार 700 क्यूसेक पानी सोन नद में छोड़ा गया है।

वही लगभग एक लाख 40 हजार क्यूसेक पानी अभी भी इंद्रपुरी बराज पर रोका गया है। सोन नद के बढ़ते जलस्तर को देखने के लिए सोन तटीय इलाके के जगहों पर मेले जैसा दृश्य लगा हुआ रह रहा है।

जहां लोग सोन नदी के जलस्तर को देखने के लिए इकठ्ठा हो रहे हैं और इसका आनंद भी ले रहे हैं। सोन नद में पानी बढ़ने से निचले क्षेत्र के लोगों में बाढ़ का डर अभी से सताने लगा है।

महादेवा और मंगराव में बाढ़ जैसे हालात लोगों ने पहले भी देख लिया है। जिसके कारण लोगों को खाने-पीने से लेकर रहने तक की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। हालाकिं प्रशासन के द्वारा अभी तक सोन नद के तटीय इलाकों के लोगों को बाढ़ से जुड़ी चेतावनी देने का कार्य नही किया गया है।

वहीं मंगराव गांव के निवासी अनिल कुमार ने कहा कि जिस तरह से लगातार सोन नद के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। उससे लगता है कि ज्यादा पानी बढ़ने से बाढ़ अवश्य ही आ सकता है। जिसको लेकर हम सभी पहले ही सचेत हो चुके हैं। अगर सोन नद का जलस्तर बढ़ता है तो उसके लिए हमलोग बैकल्पिक व्यवस्था कर लेंगे। हालाकिं प्रशासन को इसके पूर्व सभी गांव में सूचना अवश्य दे देनी चाहिए। मंगराव निवासी वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि सावन के महीने में बारिश प्रत्येक वर्ष होती है। जिस तरह से पहाड़ो पर बारिश हो रही है। उससे सोन नद का जलस्तर बढ़ना लाजमी है। इंद्रपुरी बराज की जितनी क्षमता है उतना ही पानी का स्टॉक रख सकता है। अगर ज्यादा पानी आ गया तो उसे सोन नद में छोड़ना मजबूरी जो जाता है। फिलहाल सोन नद में उतनी ज्यादा जलस्तर अभी नही बढ़ा है। अगर ज्यादा बढ़ती है तो बाढ़ की संभावना प्रबल है।

## 21.32 करोड़ की लागत से सासाराम जंक्शन का होगा कायाकल्प, मिलेंगी आधुनिक सुविधा







**दैनिक शुभ भास्कर सासाराम (रोहतास)** जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन अब नए लुक में दिखेगा और आम जनों को बेहतर आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी. दअरसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमृत स्टेशन योजना के तहत -गया रेलखंड के सासाराम जंक्शन को भी 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में शामिल किया गया है. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 508 रेलवे स्टेशन की आधारशिला रखीवही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 508 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने की शुरुआत की गई. बता दें कि सासाराम रेलवे स्टेशन पर भी इसे लेकर वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई. विधान पार्षद निवेदिता सिंह, संतोष सिंह और राजद विधायक राजेश गुप्ता भी इस दौरान उपस्थित रहे. अमृत स्टेशन योजना के तहत सासाराम रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए 21.32 करोड़ की राशि सेंसन की गई है. वहीं इन स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस करने का लक्ष्य रखा गया है. 2 साल के अंदर यह स्टेशन पूरी तरह से आधुनिक रूप में नजर आएंगे. यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ ही लोको पायलट के लिए भी यहां पर सभी सुविधाओं से लैस रनिंग रूम तैयार किया जाएगा.

## खास ख़बर

## 89 बोतल शराब के साथ एक महिला गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता दुर्गावती/** दुर्गावती (कैमूर)- दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत इन दिनों तस्करी के मामले में महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने में पीछे नहीं हैं। जिले के विभिन्न जगहों से आए दिन महिलाओं को लेकर खबरें छपती रहती हैं । इसी क्रम में दुर्गावती थाना क्षेत्र के डहला मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम पुलिस ने 89 बोतल शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला सुशीला कुंवर पति शिव पर्सन ग्राम भदौरा थाना चैनपुर जिला कैमूर की निवासी बताई जाती है। पुलिस को सूचना मिली कि यूपी से शराब लेकर एक महिला दुर्गावती की तरफ आ रही है । सूचना मिलने के बाद पुलिस डहला मोड़ के पास पहुंच गई। तभी एक महिला किसी वाहन से उतर कर आ रही थी। पुलिस ने जब महिला को रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 89 बोतल ब्लू लाइन देसी शराब बरामद हुआ।पुलिस ने शराब को जप्त कर ली तथा महिला को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

## चैनपुर पुलिस ने चार अलग-अलग जगहों वारंटीओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चैनपुर/** चैनपुर कैमूर भभुआ से चैनपुर पुलिस पूर्व के केस में वारंटीयो को चैनपुर के अलग-अलग जगहों से चैनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर थाना लाया गया उक्त वारंटी ने पूर्व के केस में अपना हाजिरी नहीं लगाने से कोटद्वारा वारंट जारी कर चैनपुर थाना को निर्देशित किया गया था जिसके आलोक में चैनपुर के एएसआई अशोक कुमार ने एक टीम गठित कर चैनपुर थाने से अपने पुलिस बल के साथ करजी गांव पहुंची जहां पुलिस को देखते ही वारंटीओं ने भागने की कोशिश किया लेकिन सभी वारंटी को पुलिस बल के जवानों ने घेराबंदी कर तीनों को एक जगह से गिरफ्तार किया गया जहां उन लोगों से पूछताछ किया गया तो अपना अपना नाम उमेश राम, दुलार राम, श्याम नारायण राम, इन तीनों के पिता स्वर्गीय बिग्गू राम ग्राम करजाव थाना चैनपुर जिला कैमूर बताया गया इन सभी को वारंटीओं को चैनपुर थाना लाया गया और एक वारंटी को चैनपुर पुलिस ने चैनपुर के नोनिया मोहल्ला से परदेसी नोनिया पिता रामसूरत नोनिया को नोनिया मोहल्ला चैनपुर कैमूर भभुआ अपना नाम बताया पुलिस ने उक्त वारंटी को चैनपुर थाने लाकर इन सभी वारंटीओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में मेडिकल एवं कोरोना जांच कराकर इन सभी वारंटी ओं को भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया वही इस संदर्भ में चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया की सभी वारंटी को चैनपुर के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर किया गया था और इन लोगों को भभुआ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

## दो पंचायत के बीच का दंश झेल रहा एक छोटा सा गांव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भगवानपुर/**भगवानपुर (कैमूर) दो पंचायत के बीच एक ऐसा गांव जो आज भी सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं से दूर है। जैसे रुबान मिशन का शौचालय, रोड, नाली, नल जल, यह यह सभी योजनाओं से वंचित यह गांव योजनाओं के इंतजार में आज भी लगे हुए हैं। वहां के ग्रामीण शिवमूरत मल्लाह, दिनेश मल्लाह,लक्ष्मण मल्लाह, लल्लन मल्लाह ने बताया कि भगवानपुर पंचायत और रामगढ़ पंचायत इस दो पंचायत के बीच हमारा गांव हनुमान घाट मे कोई सरकारी योजना अब तक नही मिल पाया। हमे आज तक कोई सरकरी योजनाओ का लाभ नही मिल सका। रामगढ़ पंचायत का एरिया है,लेकिन वहा बसे सभी लोग भगवानपुर पंचायत के किसान है, जो वहा रह कर अपना खेती बारी बहुत पहले से कर रहे है। वहां खेती कर रहे हैं सभी लोगों ने बताया कि हमें सरकार की कोई भी व्यवस्था या सरकारी योजनाओं का लाभ दोनों पंचायत में किसी पंचायत से नहीं मिल रहा है। जबकि हम लोग भभुआ अधौरा पथ पर बसा हनुमान घाट गांव में रहते हैं। हम लोग भी इंसान हैं लेकिन कभी-कभी हम लोगों को यह महसूस होता है कि हम लोग अपने भारत देश के निवासी नहीं है तभी तो हम लोगों को हमारे सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हमारा आधार कार्ड है पहचान पत्र है सभी प्रकार के आईडी प्रूफ हैं उसके बावजूद भी हम लोग किसी पंचायत के अंतर्गत नहीं आते। यहां रहने वाले सभी लोग भगवानपुर पंचायत के वोटर हैं।

# दुर्गावती रेलवे स्टेशन की बदलेगी तस्वीर प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/**दुर्गावती (कैमूर) अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश में बन रहे 508 स्टेशनो की सूची में, दुर्गावती स्टेशन का भी नाम जुड़ जाने से प्रखंड वासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। वैसे तो कैमूर जिले में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दुर्गावती मोहनियां कूदरा को भी लिया गया है। रेलवे स्टेशन के शिलान्यास के शुभारंभ के लिए स्टेशन परिसर पर संपूर्ण ढंग से तैयारियां 2 दिन पूर्व से ही चल रही थी। यह दुर्गावती रेलवे स्टेशन 18 करोड़ 400000 की योजना से निर्मित होगा जिसमें सारी सुविधाओं के साथ-साथ नए लुक में क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखने को मिलेगी। 11:00 बजे भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने रिमोट के द्वारा शिलान्यास किया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में कुल 24 हजार करोड रुपए की लागत से 508 रेलवे स्टेशन को चयनित किया गया है और स्टेशनों को बनाते समय उन राज्यों के सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों में उसका लुक देखने को मिलेगा ।भारतीय रेलवे दुनिया के रेलवे से काम ज्यादा किया है। हमने रेलवे की बजट को पहले से ज्यादा बढ़ाया है ताकि देश के हर हिस्से को रेल सुविधा से जोड़ा जाए। इसीलिए रेलवे बजट को पिछले बजट से ज्यादा बढ़ाकर दो लाख 40 हजार करोड़ कर दिया गया है।

दूसरे देशों में रेलवे आधुनिकता को देखकर के लोग सोचते थे इस बात को मैं भी समझता हूं। हमने रेलवे को नजदीक से देखा है इसलिए यात्रियों को रुकने के लिए अच्छे वेटिंग रूम बैठने के लिए अच्छी कुर्सियां रेलवे के प्लेटफार्म को बदलने के लिए अच्छे सीढ़ियों के निर्माण भी ख्याल रखा है। इस अवसर पर जूटी ग्रामीण जनता ने उपलब्ध शिकायत पुस्तिका पर सामूहिक रूप से हस्ताक्षर कर कोरोना काल से बंद सभी ट्रेनों को पुनः चालू करने का आग्रह किया तथा कोई एक ट्रेन दिल्ली के लिए ठहराव की भी मांग की।

दुर्गावती स्टेशन के मैनेजर बबलू कुमार ने बताया कि इस शिकायत पुस्तिका के हस्ताक्षर और शिकायत को सीधे रेल मंत्री भारत सरकार को भेजा जाएगा ताकि यात्रियों को सुविधा मिल सके। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से शुरू हुआ जो 12:00 बजे तक चलता रहा क्षेत्र से काफी मात्रा में क्षेत्रीय जनता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही । रेलवे विभाग के अधिकारी वारिस नयन सीनियर डीएन कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार सीनियर डीएसटीई अभिषेक साहू सीनियर डीई एन डॉक्टर सी एस झा वरिष्ठ चिकित्सक रेलवे दीपक कुमार डीसीएम प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीचा मिश्रा अंचल पदाधिकारी लक्ष्मण सिंह थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह पूर्व भाजपा विधायक अशोक कुमार सिंह जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल पूर्व भाजपा के प्रत्याशी रहे अभय सिंह क्षेत्रीय नेता दारा सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष बबलू पांडे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## जन्मदिन के शुभ अवसर पर सदर अस्पताल भभुआ में रक्तदान शिविर का आयोजन





**कैमुर भभुआ/शुभ भास्कर/** दिन रविवार को यूथ फॉर सेवा के ब्रांड एम्बेसडर शिवम कुमार जी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ता सतीश कुमार कनौजिया के जन्मदिन के शुभ अवसर पर सदर अस्पताल भभुआ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें सर्वप्रथम सतीश कुमार कनौजिया ने रक्तदान करके उद्घाटन किया।उनके बाद सभी मित्रों ने बारी बारी से रक्तदान किया जिसमें अखिल भारतीय धोबी महासंघ युवा जिलाध्यक्ष राजू रंजन रजक, दीपक कनौजिया, विकास कुमार, हरिश्चन्द्र बिंद,विनोद कुमार बैंठा कुछ 6 यूनिट संग्रहण हुआ। इस रक्तदान शिविर में रक्त केन्द्र लैब टेक्नीशियन अजय प्रताप सिंह, निरंजन सिंह व सहयोग शिक्षक विकास कुमार रजक, अखिलेश कुमार, विजय सौरभ आदि उपस्थित रहें। रक्तवीर शिवम कुमार ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों आयोजन करने का मकसद लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना। लोगों को रक्तदान के लिए आगे कदम बढ़ाने के लिये कहा मौका दीजिये अपने लहू को किसी और के रगों में बहने का और जोड़िये खून का रिश्ता। हम लोग एक टीम बना कर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक व प्रेरित करके रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। रक्त के अभाव में दुर्घटना में घायल, डीलेभरी या गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। रक्तदान करने से ऐसे लोगों को समय पर रक्त मिल पाएगा और उनका जीवन बच पाएगा। ऐसे कार्यक्रम हमेशा हम लोग आयोजित करके करते हैं वैसे भी जन्मदिन को यादगार के स्वरूप रक्तदान अवश्य करें और जागरूकता बढ़ाना, जीवन रक्षक रक्त के दान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना और रक्तदाताओं के प्रति आभार जताना है।

इसके अलावा रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करते हैं जैसे ये बताना कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती है और हर तीसरे महीने में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इसके लिए रक्तदाता व्यस्क यानी उसकी उम्र 18 साल से अधिक होनी चाहिए. रक्तदान करने के लिए वजन 45 किलोग्राम से ज्यादा होना चाहिए. एक इंसान के शरीर में लगभग 5 लीटर खून होता है. इसमें से लगभग 500 मिलीलीटर की छोटी-सी मात्रा में ही रक्तदान किया जाता है. तीन महीने में शरीर में रक्त फिर से सामान्य हो जाता है. इसलिए अगर रक्तदान के सभी मापदंड पूरे हों, तो तीन महीने बाद दोबारा सुरक्षित रक्तदान किया जा सकता है। रक्तदान से होने वाले कई फायदे रक्तदान से कैंसर पीड़ित मरीजों, रक्तस्राव विकार, एनीमिया और दूसरी खून की कमी से जुड़ी बीमारियों के इलाज में मदद करता है. रक्तदान से प्राप्त करने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए फायदा जगजाहिर है. साथ ही यह रक्तदाता के लिए भी फायदेमंद होता हैं।

## मोहर्रम पर्व के दिन उपद्रव करने के मामले में मुख्य दो आरोपियों ने किया सरेंडर पुलिस ने लिया रिमांड पर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/** भभुआं (कैमूर)- जिला मुख्यालय भभुआ अंतर्गत मोहर्रम पर्व के दिन उपद्रव करने वाले मुख्य दो आरोपीयों ने, भभुआं कोर्ट में सरेंडर कर दिया, वही भभुआं थाने की पुलिस ने रिमांड पर लेते हुए मेडिकल जांच करवाया है। जानकारी के अनुसार भभुआं शहर के वार्ड नंबर 23 निवासी मुख्तार खांन का 31 वर्षीय पुत्र बाबू खांन व वार्ड नंबर 22 निवासी निहाल खांन का 28 वर्षीय पुत्र बड़े खांन है जो मुर्हरम पर्व के दिन उपद्रव करने का मुख्य आरोपी हैं।

जिसको भभुआं थाने की पुलिस ने पूछताछ के लिए कोर्ट से आदेश लेते हुए रिमांड पर लिया है। इससे पहले मुख्य आरोपीयों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जिसको भभुआं थाने की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## अमृत भारत योजना के अंतर्गत भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के विकास परियोजना का हुआ शिलान्यास





**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।**रविवार की दिन दस बजे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये देश के 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पांच सौ आठ रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की निव रखी। साथ ही पीएम मोदी ने बिहार के 49 रेलवे स्टेशनों का आधारशिला रखी। इन स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए 25.84 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।इस दौरान, रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे।ये 508 रेलवे स्टेशन 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं।450 से ज्यादा रेलवे स्टेशन राज्यों के और करीब 20 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हैं।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कैमुर जिले की भभुआ रोड रेलवे स्टेशन के पूर्ण विकास परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस स्टेशन का पूर्ण विकास 24.22 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा और यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। भभुआ रोड स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सासाराम संसदीय क्षेत्र के सांसद छेदी पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेल विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं और रेल सुविधाएं काफी हद तक बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के तहत सासाराम संसदीय क्षेत्र के तीन स्टेशनों में भभुआ रोड, कुदरा,दुर्गावती का चयन किया गया है इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया इस मौके पर मोहनिया के विद्यालय के बच्चों के द्वारा लेखन प्रतियोगिता पेंटिंग और नृत्य की गई तथा मौजूद अतिथियों के द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया इस मौके पर उपस्थित भभुआ विधानसभा के भाजपा के पूर्व विधायक रिंकी रानी पांडे बृजकिशोर बिंद, मोहनिया विधानसभा के वर्तमान राजद विधायिका संगीता कुमार के साथ सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विवाहिता का शव बरामद मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस



**दुर्गावती कैमुर/ शुभ भास्कर/** समाज में बढ़ते अपराध और कुरीतियों का दौर आज भी जारी है। महिलाओं के सुरक्षा के लिए सरकार पर आए दिन नए नए कानून बना रही है तो मुख्यधारा में जोड़ने के लिए नौकरियों में पुरुषों के समान अधिकार दे रही है इसके बावजूद भी महिलाओं की हत्याओं का दौर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी क्रम में दुर्गावती पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में एक विवाहिता का शव बरामद किया है। इधर विवाहिता के ससुराल पहुंचे मयके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया । मामला दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत सारंगपुर गांव का बताया जाता है। इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दुर्गावती पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को सदर अस्पताल भभुआ पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । मिली जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना के नीबिया ताड़ गांव निवासी साधु बिंद अपने पुत्र की शादी इसी वर्ष में सारंगपुर गांव निवासी प्यारे बिंद के पुत्र अजय बिंद से की थी जो कि एक वर्ष भी पूरा नहीं कर पाया था। इस घटना के बाद मृतिका के माता-पिता व भाई भी किसी तरह सूचना पाकर गांव में पहुंच गए और इसकी सूचना तत्काल दुर्गावती पुलिस को दी। मृतका के पिता को क्या पता था जिस पुत्री की शादी धूमधाम से किया आज उसका मृतक शरीर और मुंह हम लोगों को देखने को मिलेगा ।घटना से मर्माहत माता और पिता इस करुण दृश्य को देखकर बिलख रहे थे। उनके करुण क्रंदन से थाना परिसर में गमगीन माहौल छा गया। हाला की इस मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए थाने में लड़की के पिता साधु बिंद के आवेदन पर थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

## अधौरा प्रखंड के देवरी उप स्वास्थ्य केंद्र पर मूलभूत समस्याओं की अभाव



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/** अधौरा (कैमूर) अधौरा प्रखंड के ग्राम पंचायत कोलुआ के ग्राम देवरी में स्वास्थ्य उप केंद्र का छत पानी से रिस रहा है ।ऐसे में एनएम प्रियंका कुमारी ने बताया की न तो उप केंद्र पर पानी का व्यवस्था है ।ना तो बिजली का व्यवस्था है। और शौचालय भी भस गया है। ऐसे में आने वाले मरीज लोगों का कैसे दवा वितरण एवं इलाज हो पाएगा।

**पौधा रोपण** शहीद वीर-वीरांगनाओं के सम्मान में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत शहीद वीर-वीरांगनाओं के सम्मान में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित







**भभुआ कैमुर/ शुभ भास्कर/** चैनपुर प्रखंड के मेढ़ गांव में पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार के नेतृत्व में "मेरी माटी, मेरा देश" अभियान के अंतर्गत शहीद वीर-वीरांगनाओं के सम्मान में पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि एक पेड़, एक जीवन पृथ्वी की रक्षा करना हर युवा का धर्म होना चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के आवाह्न पर पूरे देश में शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए ÷मेरी माटी, मेरा देश÷ अभियान चलाएं जा रहे हैं। अमृत महोत्सव की गूंज पूरे देश में हर तरफ सुनाई दे रही है। यह अभियान देश की खातिर बलिदान होने वाले वीर सपूतों के लिए हैं। देशभर में उन लोगों के सम्मान में कार्यक्रम हो रहें हैं। जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्रण न्योछावर किए। उन सभी वीर-वीरांगनाओं के यादों में 30 अगस्त तक हम लोग कई विभिन्न जगहों पर जैसे गांव, पंचायत, सरकारी विघालय, कॉलेज, शहीद स्मारक, आदि जगहों पर फलदार व छायादार पौधा रोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएंगा। इसी क्रम में गांव मेढ़ पंचायत में आम, नीम, जामुन, कदम, सागवान, पीपल, अमरूद आदि का फलदार व छायादार पौधा रोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है साथ अपने शुद्ध प्राण वायु के लिए भी एक पौधा अवश्य लगायें ताकि हमारी धरती हरी-भरी हो और पर्यावरण संरक्षण हो सके।

## पंचायत विधिक जागरूकता कार्यक्रम में नहीं पहुंचे BDO एवं CO और नहीं पहुंचे पंचायत के प्रतिनिधि, नहीं खुला पंचायत भवन का ताला तो बाहर ही टेबल कुर्सी लगाकर चला जागरूक अभियान





**दैनिक सुभ भास्कर संवाददाता भगवानपुर/**कैमूर जिला भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार विधिक जागरूकता कार्यक्रम दिनांक 7/8/2023 दिन रविवार को यह जागरूकता कार्यक्रम भगवानपुर प्रखण्ड के पहाड़िया पंचायत भवन में होना था यह बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार 27/8/2023 को प्रखंड एवं अंचल के बड़ा बाबू को लेटर रिसीव करा कर जानकारी दिया गया था की साथ 7/8 2023 को पहाड़िया पंचायत के पंचायत भवन में यह कार्यक्रम कराया जाएगा एवं पंचायत के सभी लोगों को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जाएगा ।लेकिन कार्यकर्म नहीं पहुंचे प्रशिक्षु वीडियो अंकिता शेखर और नहीं पहुंचे अंचल अंचलाधिकारी विनोद कुमार सिंह और नहीं पहुंचे पंचायत के कोई भी प्रतिनिधि और नहीं खुला पंचायत भवन का ताला जहां खुले आसमान में कुर्सी टेबल लगाकर प्रखंड के PLV पारा विधिक स्वयं सेवक दीपक सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार मंगलेश्वर सिंह ने जिला जज के द्वारा डीपी किए गए थे आज के जागरूकता के लिए जहां उनको बाहर बैठकर पंचायत के लोगों को जागरूक किए ।लेकिन प्रखंड एवं पंचायत के लिए शर्मनाक बात है पंचायत भवन रहते हुए एवं पंचायत के प्रतिनिधि को रहते हुए पंचायत भवन को ना खुलना एक बहुत ही निंदनीय कार्य किया गया है जो कि पंचायत में पड़े व्यवस्था को समाज के काम करने के लिए पंचायत में बिहार सरकार ने पंचायत भवन बनाई है

## खास ख़बर

### कमल नयन दास जी महाराज ने किया श्री राम जन्म भूमि के शिलान्यास के वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अयोजित मेले का उद्घाटन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** रघुवंशी अयोध्या वासी सेवा संस्थान अयोध्या वा युवा सोच नया परिवर्तन सामाजिक संगठन शिलान्यास का वर्षगांठ मना रहा है संस्था द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम में कलश यात्रा और रामायण पाठ के बाद लगा भव्य मेला मेले का उदघाटन महंत कमल नयन दास जी महाराज ने किया और कहां कि हम सभी वो भावी पीढ़ी है जो एक लंबे संघर्ष के बाद भगवान राम का भव्य और दिव्य राम मंदिर बनते देख रहे है जनवरी में भगवान रामचंद्र अपने गर्भ ग्रह में विराजमान हो जायेंगे राम भक्त आपने प्रभू राम के भव्य मंदिर का दर्शन कर सकेंगे द्य संस्था के अध्यक्ष लवकुश चौरासिया ने कहा कि प्रभु राम का भव्य दिव्य राम मंदिर बन रहा है ये हम सभी के लिए बहुत ही गौरव की बात है नीरज साहू ने कहा प्रभु का कार्य करने में आत्मीय आनंद की अनुभूति होती है इस मौके शिव कुमार साहू ,राम सिंह , रवि मौर्य सनातनी ,जनार्दन मौर्य,अरुण यादव , प्रदीप गुप्ता ,सुरेंद्र कोरी,सुरेन्द्र गुप्ता , हजारों राम भक्त मौजूद रहे

### टूट कर गिरे विद्युत तार की चपेट में आकर 20 वर्षीय युवती की मौत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/मिल्कीपुर -अयोध्या।खंडासा थाना क्षेत्र के कंजी गांव में शौच लिए निकली 20 वर्षीय युवती किरन की टूट कर गिरे 11 हजार वोल्ट की लाइन के तार की चपेट में आने से झुलसकर दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची खंडासा पुलिस ने युवती का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। कंजी गांव निवासी राम अवध पासी की 20 वर्षीय बेटी किरन रविवार की भोर करीब 5 बजे अपने घर से शौच के लिए बाहर निकली थी। गांव के बाहर सड़क के किनारे स्थित 11 हजार वोल्ट की मेन लाइन का जर्जर तार टूट कर गिरा था जिसमें विद्युत प्रवाह जारी था। जिसकी चपेट में वह आ गई और उसकी मौके पर ही झुलस कर दर्दनाक मौत हो गई। मामले में युवती के पिता राम अवध पासी ने कुमारगंज विद्युत उपकेंद्र के का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने युवती का शव कब्जे में ले लिया व विधिक कार्यवाही शुरू की। ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ दीपक सिंह का कहना है कि मेरे द्वारा विद्युत लाइन का जर्जर तार बदले जाने हेतु कई बार विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की गई गई, किंतु कोई भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। जिसका परिणाम है कि आए दिन जर्जर लाइन का तार टूट कर गिरता रहता है। जिसके चलते कोई न कोई घटना घट जाती है। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की भी मांग की है।

### दिवाली गांव में मारपीट, 4 के विरुद्ध केस दर्ज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/रुदौली-अयोध्या। पटरंगा थाना अंतर्गत दिवाली गांव में शनिवार की सुबह मारपीट हो गई।जिसमें एक महिला को चोट आई।मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।दिवाली गांव की रहने वाली शिकायत कर्त्ता का आरोप है कि शुक्रवार की देर रात्रि 11 बजे उसकी बेटी दरवाजे पर लेटी थी।कि गांव के निवासी राम औतार चुपके से बेटी की चारपाई पर गए और उसका मुंह बंद कर दिए।बेटी के चिल्लाने पर राम औतार वहां से भाग गया।पीड़िता ने बताया शनिवार की सुबह जब राम औतार की करतूत उनके परिजनों को बताने गई।तो शिकायत सुनने के बजाय चंद्रिका रामकेवल राहुल उल्टे उस पर ही हमलावर हो गए।एसओ पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया कि महिला की तहरीर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

### प्रमुख सचिव के द्वारा सौ लोगों को पेन गेस्ट हाउस का प्रमाण पत्र वितरित किया गया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/अयोध्या। विश्व प्रसिद्ध अयोध्या नगरी के राम कथा पार्क संग्रहालय में यशस्वी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पेइंग गेस्ट हाउस पंजीकरण प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव दयाशंकर मिश्र के द्वारा अयोध्या जनपद के जिलाधिकारी मंडल अधिकारी एवं समस्त विभाग के उच्च अधिकारियों के उपस्थिति में सौ लोगों को पेन गेस्ट हाउस का प्रमाण पत्र वितरित किया गया प्रमुख सचिव द्वारा इस मौके पर सभी मकान मालिकों को यह सुझाव दिया गया कि आने वाले 2024 में भव्य राम मंदिर का निर्माण होने के बाद लगभग 10 करोड़ लोग अयोध्या आएंगे उनकी सेवा के लिए सुविधा के लिए आप अयोध्या वासियों को तत्पर रहना है और यह संदेश देना है कि अयोध्यावासी पूरे विश्व में भगवान राम के आदर्शों का पालन करते हुए सबको प्यार व हर संभव सहयोग देंगे ।

## शिव चिंतन से चिंता मुक्ति- हरि प्रसाद





**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** क्षेत्र के महंगूपुर गाँव में आयोजित शिवपुराण की कथा में कथा व्यास आचार्य हरि प्रसाद मिश्र ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान शंकर की करूणा और कृपा संपूर्ण विष्व में व्याप्त है उनकी कृपा दृष्टि से ही यह जगत संचालित है। जब तक शिव की कृपा नहीं होती जीवन में हम एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकते। शिव पुराण में चौबीस हजार श्लोक हैं उनमें से एक श्लोक ही नहीं बल्कि एक शब्द मात्र को भी अपने जीवन मे धारण करने से इस मानव देह का के लिए सिद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा हमें मनुष्य का शरीर तो मिल गया लेकिन हमने इसके महत्व को नहीं समझा तो सब बेकार है। मानव देह का महत्व भगवान की भक्ति में है। शिवजी अत्यंत दयालु महादेव हैं. कथा व्यास ने कहा कि हर श्वास में ओम नमः शिवाय मंत्र का जप कीजिए और जीवन में जो भी समस्याएं हों। उनके समाधान के लिए व्यर्थ मत भटकिए बल्कि श्रद्धा पूर्वक शिवजी को रोज जलार्पण कीजिए अर्थात एक लोटा जल सारी समस्याओं का हल है.

कथा में डा केशव दत्त पाण्डेय, शंकराचार्य मिश्र, सुशील पाण्डेय, दिव्यांशु, देवेंद्र पाण्डेय, मुट्टूर पाण्डेय, अनिल तिवारी, भानुप्रताप पाण्डेय, राम मणि पाण्डेय, प्रणव, अथर्व, कपिल, वरेण्यम आदि लोग उपस्थित रहे.

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास की वीडियों काफ्रेंसिंग के माध्यम से रखी आधारशिला, स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/अयोध्या। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी राम नगरी को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने का कार्यक्रम है जिससे देश में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके इसके लिए मोदी और योगी सरकार प्रयासरत है रामलला के दर्शन को आने वाले पर्यटकों को कोई समस्या ना हो इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार लगातार कार्य कर रही है इसी क्रम में आज दर्शन नगर अयोध्या स्टेशन का पुर्नविकास की वीडियों काफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री ने रखी आधारशिला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 508 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास की वीडियों काफ्रेंसिंग के माध्यम से आधारशिला रखी। जिसमें अयोध्या का दर्शन नगर रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

दर्शननगर रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सांसद लल्लू सिंह शामिल हुए। इसमें नये स्टेशन भवन का निर्माण व पोर्टिको का प्रावधान होगा। स्टेशन भवन में यात्रियों के लिए फूड प्लाजा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आधुनिक प्रतीक्षालय, बेबी फीडिंग कक्ष, कैफेटेरिया एवं रिटेल सुविधाएं, आधुनिक फर्नीचर, एक स्टेशन एक उत्पाद के कम से कम दो स्टाल, एग्जीक्यूटिव लाउंज एवं व्यवसायिक बैठकों के लिए स्थान व लाकर रुम होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त दर्शननगर रेलवे स्टेशन बनेगा सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से युक्त दर्शननगर रेलवे स्टेशन बनेगा। विश्व स्तरीय आधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन का सौन्दयीकरण करके यहां यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

बाराबंकी अयोध्या अकबरपुर जफराबाद रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अयोध्या को जोड़ने वाले सभी मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। देश विदेश से रामनगरी में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए श्रीराम हवाई अड्डे का निर्माण कार्य किया जा रहा है। रामनगरी अयोध्या आने वाले समय में देश के विकसित व सुन्दर शहर में एक होगा। आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जा रही है महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसके लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए कई रेलवे ओवरब्रिजों का निर्माण किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि रामनगरी अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर आ गयी है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार कई गुना बढ़ती जा रही है। जिसके लिए सरकार लगातार सुविधाओं का विकास कर रही है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि पयर्टन सुविधाओं के विकास का सबसे ज्यादा लाभ स्थानीय लोगो के मिलेगा। लगातार मिल रहे परियोजनाओं से पूरे अयोध्या जनपद में रोजगार सृजन होगा।

जिससे यहां के लोगो में समृद्धि आयेगी। पिछले 9 वर्षो से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया चल रही मोदी सरकार के नए भारत के स्वप्न को साकार करते हुए, पिछले 9 वर्षों से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इसके अंतर्गत, आधारभूत ढांचे, तकनीक और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के विभिन्न प्रयास शामिल हैं । इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों की पुनर्सज्जा, नई रेलवे लाइनें बिछाने, शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और यात्रियों एवं परिसंपततियों की संरक्षा को बढ़ाने जैसी व्यापक गतिविधियां शामिल हैं ।

रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रयास में, भारत सरकार द्वारा लागू की गई 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत देश में रेलवे स्टेशनों को आधुनिक और दीर्घकालिक प्रतिष्ठानों के रूप में पुनर्विकसित किया जा रहा हैं।ये रेलवे स्टेशन भारत के गौरव, उसकी कला और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे ।'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत दी जाने वाली सुविधाओं में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, खुले सर्कुलेटिंग एरिया, उन्नत पार्किंग क्षेत्र, लिफ्ट, एस्केलेटर, दिव्यांगजनों के अनुकूल आधारभूत सुविधाएं, हरित और नवीनीकृत ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण-अनुकूल इमारतें शामिल हैं ।कार्यक्रम के अगले चरण में प्रधान मंत्री द्वारा वीडियों कांफ्रेंसिंग द्वारा 'अमृत भारत स्टेशन योजना' का शुभारम्भ करते हुए इसकी आधार शिला रखी गयी एवं उन्होंने अपना संबोधन प्रस्तुत किया

## महिलाओं को नियम और कानून की रखनी चाहिए जानकारी- गरिमा पांडेय



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/ बीकापुर -अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के शिवतर ग्राम पंचायत में रविवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश कुमार तिवारी के दिशा निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति दीदी चौपाल के तहत गांव की महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति मोबाइल ,महिला हेल्प डेस्क, महिला रिपोर्ट पुलिस चौकी परामर्श केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी गई।

साइबर क्राइम से बचाव के लिए भी जरूरी टिप्स दिया गया और जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 108, 112,181 के बारे में जानकारी दी गई।

बताया गया कि सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा और अधिकार के लिए तमाम नियम और कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी रखना चाहिए। तथा जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए। महिलाओं को किसी भी विषम परिस्थितियों में आत्मबल को मजबूत करके अपराध और उत्पीड़न का विरोध करने का टिप्स दिया गया।

कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित शपथ भी ली गई। चौपाल में बीकापुर कोतवाली के उप निरीक्षक भानु प्रताप शाही, महिला आरक्षी रेनू देवी, ज्योति शर्मा, गरिमा पांडे द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया। एवं पंपलेट भी वितरित किए गए।

## विहिप की जिला योजना बैठक में पदाधिकारी मनोनीत



**नवाबगंज (गोण्डा) शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा** रविवार को विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक मनकापुर के एक पैलेस में आयोजित की गयीं. बैठक को प्रान्त संगठन मंत्री राजेश ने सम्बोधित करते हुए आगामी कार्ययोजना बनाई. तथा अखंड भारत दिवस, विहिप स्थापना दिवस व शौर्य यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारियां सौंपी. बैठक में नवाबगंज प्रखंड ग्रामीण से प्रेम नाथ मिश्र को प्रखंड अध्यक्ष व रामदेव यादव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया. बैठक में सभी ने की ध्वनि के साथ समर्थन प्रदान किया. वहीं नए दायित्व प्राप्त करने वाले लोगो के प्रति जिला प्रखंड के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी.

## शहर से लेकर गांव तक फर्जी निजी हॉस्पिटलों का फैला मकडजाल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में शहर से लेकर गांव तक फर्जी अस्पताल, फर्जी क्लिनिक, और फर्जी पैथोलॉजी का जाल फैला हुआ है। यह जाल इतना लंबा है कि अस्पतालों में भर्ती होने वाला मरीज जान भी नहीं पाता की जिस अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है स्वास्थ विभाग द्वारा पंजीकृत है भी या नही। हर साल सैकड़ों की संख्या में फर्जी अस्पताल क्लीनिक और पैथोलॉजी खुलकर तैयार हो जाते हैं। मगर इन नए खुलते हॉस्पिटल की बिल्डिंग स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आती हैं। स्वास्थ्य विभाग के अगर किसी मामले को लेकर अस्पताल को सील कर दिया गया तो वही अस्पताल अब दोबारा नाम बदलकर उसी बिल्डिंग में चल रहे हैं। कई अस्पताल तो ऐसे हैं जो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा तो पंजीकरण तो है मगर उनको कंपाउंडर चला रहे हैं।

इन्ही झोलाछाप डॉक्टर की वजह से कभी-कभी अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों की जान तक चली जाती है। जनपद में कई अस्पताल ऐसे हैं जो बेसमेंट में भी संचालित हो रहे हैं। अगर अस्पताल के मानकों की बात करें तो बेसमेंट में किसी भी मरीज को भर्ती नहीं किया जा सकता। मगर शहर के अधिकांश बड़े बड़े अस्पताल भी बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं। जबकि इन अस्पतालों का औचक निरीक्षण समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी करते रहते हैं मगर आंखों से देखकर भी बेसमेंट में भर्ती होने वाले मरीज स्वास्थ विभाग के अधिकारी को दिखाई नहीं देते हैं।अस्पताल स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को नजर नहीं आते हैं। शहर में कुकुरमुत्ता की तरह नए नए अस्पताल रोजाना खुलते जा रहे हैं।

गली मोहल्ले में खुले रहते हैं फर्जी क्लिनिक एवं फर्जी मेडिकल स्टोर हॉस्पिटलों के अलावा गली मोहल्लों में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खुले हुए हैं। एक मोहल्ले में कम से कम 5 क्लिनिक होना आम बात है। बता दें जब तक झोलाछाप के द्वारा किसी मरीज की जान नहीं जाती जब तक स्वास्थ्य अधिकारी अपनी कुंभकरण की नींद में सोते रहते हैं जब किसी मरीज की जान जाती है तो आनन-फानन में टीम का गठन कर कुछ फर्जी अस्पतालों और कुछ क्लीनिक को सील कर विभाग के अधिकारी अपनी पीठ थपथपा लेते हैं फिर मामला शांत होने के बाद दोबारा कुंभकरण की नींद में फिर सो जाते हैं।

## मिशन शक्ति से बहन बेटियों को बल मिलता है

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/रूदौली-अयोध्या। शनिवार को बाबा हरदेव महादेव स्मारक इंटर कॉलेज लोधौरा में बेटियों के सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ किया गया।सैदपुर चौकी प्रभारी सुधीर त्रिपाठी ने महिलाओं तथा बालिकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें सुरक्षित परिवेश प्रदान करने एवं अपनी सुरक्षा किस प्रकार से की जाए इस संबंध में जानकारी दी।इसके अतिरिक्त उन्हें यह भी जानकारी दी गई कि महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति हिंसा एवं अपराध करने वाले लोगों की पहचान कर उसकी सूचना पुलिस थाने में दें।इसके साथ ही सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करें।उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किये गए।इस अभियान का मूल मकसद राज्य में महिलाओं व बेटियों को सुरक्षा प्रदान करना है।

छात्रों व महिलाओं के भीतर पैदा हुए डर को ख़त्म करने के उद्देश्य से भी यह अभियान चलाया जा रहा है।इसके जरिये जागरूकता पैदा कर उत्तर प्रदेश में बहन बेटियों के साथ होने वाले अपराधों को रोका जा सकेगा, जो अति आवश्यक है।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसके ज़रिये बहन बेटियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबर 1090,181,112, आदि महत्त्वपूर्ण नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।मिशन शक्ति एंटी रोमियो स्क्वाड जैसी महत्वाकांक्षी योजना शासन द्वारा संचालित है इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं बालिकाओं को शतक और स्वाबलंबी बनाए जाने का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है।वही इंटर कॉलेज के प्रबंधक इंद्रजीत सिंह ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।और कहा निश्चित ही इस तरह के आयोजन से बहन बेटियों के अंदर का डर का खात्मा होता है।और वो निडर होकर अपने हक की लड़ाई लड़ सकती है।इस मौके पर इंटर कॉलेज में सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

**कार्यक्रम** कार्यक्रम को संबोधित करते बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद खां

## अपनी लेखनी के माध्यम से शीतला सिंह ने समाज में फैलाई चेतना जागृति- आबाद अहमद खां



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/ बीकापुर- अयोध्या। तहसील परिसर के डॉ राम मनोहर लोहिया सभागार में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार दैनिक जनमोर्चा के प्रधान संपादक एवं भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य रहे वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय शीतला सिंह का जन्म दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की और पत्रकारिता जगत का सूर्य करार दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकापुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आबाद अहमद खां ने कहा कि बाबूजी का व्यक्तित्व पत्रकारिता का एक स्तंभ है। वह देश के पत्रकारों में शुमार रहे। उनकी यश गाथा से पत्रकारिता का इतिहास गौरवान्वित महसूस करता है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जनमोर्चा के प्रसार प्रचार के लिए उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने तक जनता की आवाज बुलंद की और उनके विचारों को आत्मसात कर जनमोर्चा की ख्याति जनता में और मजबूत की जा सकती है। वह ईमानदार, जुझारू और संघर्षशील थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अंबिका मिश्रा ने शीतला सिंह जी को पत्रकारों का पितामह करार देते हुए कहा कि उन्होंने पत्रकारिता जगत में फैजाबाद का झंडा पूरे देश में मजबूती से खड़ा किया। कहा कि जनमोर्चा के माध्यम से जनता की आवाज उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बृजेश तिवारी ने कहा कि बाबू जी की आत्मा पत्रकारिता में रची बसी हुई थी। उनके विचारों को आत्मसात करने पर ही उनसे जुड़े कार्यक्रमों की सार्थकता सिद्ध होगी। उन्होंने जीवन पर्यंत अपनी लेखनी के माध्यम से बिना किसी स्वार्थ के जन-जन में रोशनी फ़ैलाने का काम किया है।ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि जनमोर्चा के संस्थापक और प्रधान संपादक शीतला सिंह जी की भूमिका समाज को निखारने और विकासोन्मुखी दिशा के लिए यादगार रहेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता बैजनाथ तिवारी ने कहा कि निष्ठा, ईमानदारी और लगन के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा कर बाबूजी को याद किया जा सकता है जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता सदानंद पाठक ने कहा कि पत्रकारिता जगत में आई गिरावट को दूर करने के लिए बाबूजी के विचार नींव की ईट साबित होंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ से समाज को बड़ी उम्मीदें हैं, उस पर खरा उतरना ही होगा। वरिष्ठ पत्रकार विनोद श्रीवास्तव ने बाबू जी के साथ के कई संस्मरण सुनाए।

वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र पाठक और के एस मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता जगत के लिए बाबू जी का योगदान अविस्मरणीय है। इस अवसर पर अधिवक्ता आलोक सिंह, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष के के शुक्ला, राहुल दुबे, आदर्श प्रेस क्लब के सचिव संदीप मिश्रा, इन्द्र कुमार पांडेय, नकुल आदि मौजूद रहे।

## अयोध्या की रहने वाली शिवानी मिश्रा ने किया अयोध्या का नाम रोशन







**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** धर्म नगरी अयोध्या की रहने वाली शिवानी मिश्रा ने किया अयोध्या का नाम रोशन धर्म नगरी अयोध्या की रहने वाली शिवानी मिश्रा ने अपने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की

इतना ही नहीं सीशिवानी मिश्रा ने यूजीसी नेट जेआरएफ में 77 रैंक लाकर सफलता हासिल कर अपने परिवार का बल्कि अयोध्या जनपद का नाम भी रोशन किया

राम नगरी अयोध्या की तिलक नगर जनौरा की निवासी शिवानी मिश्रा ने अपने प्रयास से सफलता प्राप्त की

उनकी इस सफलता के बाद उनको बधाई देने वालों का तांता लगा रहा वही सफल प्रतियोगी शिवानी मिश्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार के सदस्यों और अपनी मेहनत को दिया है वहीं एक तरफ इनरव्हील की टीम द्वारा शिवानी मिश्रा को तिलक लगाकर एवं एक स्मृति चिन्ह देकर इनरव्हील की टीम ने शिवानी मिश्रा को सम्मानित किया

इनरव्हील की प्रेसिडेंट रत्ना जायसवाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शिवानी मिश्रा ने अयोध्या जिले के नाम के साथ साथ कॉलोनी वासियों का मान बढ़ाया है शिवानी मिश्रा जल्द ही ऐम्स ज्वाइन करने जा रही हैं इनर व्हील की टीम में मुख्य रूप से श्यामा शर्मा रत्ना जायसवाल प्रतिमा,मीनू, मुकेश, साधना एवं सुशीला शर्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित रही शिवानी मिश्रा, रत्ना जयसवाल (प्रेसिडेंट इनरव्हील), के के मिश्रा (पिता)

## ख़ास ख़बर

## 14 से 24 वर्ष के ड्रॉपआउट किशोरी एवं युवतियों का आयोजित हुआ परीक्षा



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत करमाटाड़ प्रखंड के तर्कोजोरी पंचायत में 14 से 24 वर्ष के ड्रॉपआउट किशोरी एवं युवतियों को स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड व एनआईओएस के के माध्यम से आठवीं एवं नवमी परीक्षा का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेवा में किया गया। जिसमें लगभग 40 छात्राएं उपस्थित हुई। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में तेजस्विनी परियोजना के द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस कार्य में तेजस्विनी परियोजना के प्रखंड समन्वयक तरुण झा , क्षेत्र समन्वयक अंजनी कुमारी एवं संकुल समन्वयक डॉली दत्ता का योगदान रहा। साथ ही ब्रिज एजुकेटर के रूप में रीमा कुमारी नीतू कुमारी अमृता कुमारी राजेश कुमार एवं अन्य तेजस्विनी कर्मियों का काफी योगदान रहा।

## लिपिक मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक डॉ इरफ़ान अंसारी को सौंपा मांग पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**झारखण्ड राज्य मुफ्फसिल लिपिक मोर्चा, जामताड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों ने मुख्यमंत्री के नाम विधायक डॉक्टर इरफ़ान अंसारी को एक मांग पत्र सौपा। जिसमे झारखण्ड राज्य अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत लिपिकों को नियुक्ति से 2400 ग्रेड पे प्रदान करने, सभी विभागों के लिपिकों हेतु एक सामान नियमावली की व्यवस्था एवं एकल लिपिकीय पद कार्यालयों / विद्यालयों में उच्चतर पदों का सृजन कर प्रोन्नति प्रदान करने की मांग रखी गयी। इस अवसर पर जामताड़ा जिला संयोजक रजनीश झा, सहसंयोजक मुकेश कुमार , कुमारी आभा मंडल, इतु बंदोपाध्याय, सोम गोराई, प्रीति झा, मोहम्मद युसूफ, विनोद कुमार, अप्पू दास, राजकुमार मल्लिक, प्रशांत कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## महेशमुंडा चेक पोस्ट पर पुलिस ने चलाया वाहन तलाशी अभियान, दो कटा चलान



**दैनिक शुभ भास्कर/ सुष्मिता कुमारी/ नाला (जामताड़ा)/** वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर नाला-आसनसोल मुख्य मार्ग पर महेशमुंडा के समीप नाला पुलिस ने वाहन तलाशी अभियान चलाया। इस क्रम में दर्जनों वाहनों की जांच की गई। जिसमें दो वाहनों का चालान काटा गया। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि वाहनों में ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किए जाने के कारण 2 बाइक का चालान काटा गया। इसके अलावा बिना हेलमेट के वाहन परिचालन किया जा रहा था । इस दौरान वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के अनुपालन को लेकर भी आवश्यक परामर्श दी गई। इस अवसर पर नाला थाना के सहायक पुलिस अवर निरीक्षक शंभू नाथ दत्ता, एएसआई राजु महली सशस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

# आदिवासी छात्र संघ कुंडहित इकाई की हुई बैठक, विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित(जामताड़ा)/**रविवार को कुंडहित में पंडित रघुनाथ मुरमू ओलचिकी ईतुन आसडा आदिवासी छात्र संघ कुंडहित इकाई द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान छात्र संघ के संचेतक आलोक कृष्णा हांसदा ने बताया कि आगामी 9 अगस्त के दिन भारत बंद राष्ट्रीय बिरसा ब्रिगेड की ओर से प्रस्तावित है।

साथ ही आगामी 7 अगस्त को राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद की ओर से भारत बंद का नैतिक समर्थन करते हुए 9 अगस्त को आक्रोश रैली निकाला जाएगा।

बताया कि संघ के सदस्यों को उस दिन किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग नहीं लेने का सुझाव दिया गया। आगे उन्होंने बताया कि आजादी के 75 साल तक आदिवासियों के संवैधानिक हक से महरूम रखा गया जो कि काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। आदिवासियों को हिंदू बनाने का सहमत वर्षों से जारी है और सरकार आज यूसीसी जैसे कानून ठोकने का काम कर रही है।

यूसीसी भारत के आदिवासियों पर लागू न करें जैसे कि उत्तर भारत आदिवासियों पर लागू नहीं होना, सरकार के गृह मंत्री का कहना है अगर यूसीसी लागू होता है तो यह निश्चित है कि यहां के धार्मिक अल्पसंख्यक मुस्लिम, इसाई, जैन आदि भी कहीं के नहीं रहेंगे। जिस तरह गृह मंत्री का आश्वासन मिला है कि अनुसूची 371 को खत्म नहीं करेंगे, ठीक उसी तरह बरकरार का आश्वासन नहीं मिलने तक आदिवासी छात्र संघ इसका पुरजोर विरोध दर्ज करेंगे। भारत सरकार अविलंब आईएलओ 169 कन्वेंशन का पुष्टिकर आदिवासियों के राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्वदेशी अधिकार को बहाल करें। मौके पर छात्र संघ के संचेतक आलोक कृष्ण हांसदा, संयोजक सुनील मुर्मू, जयंत मरांडी, रवि लाल हैम्ब्रम, सावित्री मुर्मू, बसंती टूडू, जियामुन मरांडी, सावित्री सोरेन, जीवन मुर्मू, माम्पी सोरेन आदि उपस्थित थे।

# 20वा गणेश महोत्सव की तैयारी को ले श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**जेबीसी हाई स्कूल के समीप श्री श्री गणेश पूजा महोत्सव समिति की बैठक संघ के अध्यक्ष मुक्ता दत्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक व सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गणेश चतुर्थी के दिन से स्थानीय गांधी मैदान में 10 दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। बैठक के बाद जानकारी देते हुए मुक्ता दत्ता ने बताया कि इस वर्ष 20वा गणेश महोत्सव आयोजन होना है। 19 सितंबर से शुरू होने वाले इस महोत्सव के अवसर पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जाएगा और इसके लिए भूमि पूजन सह ध्वजारोहण 7 अगस्त को गांधी मैदान में किया जाएगा। गणेश पूजा में यजमान के रूप में इस सर्वसम्मति से सुनील कुमार का नाम प्रस्तावित किया गया। सभी सदस्यों ने इस दौरान भव्य पंडाल बनाने, लाइटिंग तथा साउंड सिस्टम के इंतजाम को लेकर अपने अपने सुझाव दिए। मूर्ति का निर्माण बंगाल के कारीगरों द्वारा कराया जाएगा। बैठक के अंत में गणेश पूजा महोत्सव समिति के दिवंगत सदस्य जीतेन टेकरीवाल की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

# पुलिस ने तीन अलग-अलग मामले में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर पुलिस ने तीन अलग-अलग मामले में कार्रवाई करते हुए 4 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपी को स्वास्थ जांच कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।

घटना के संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रामदयाल मुंडा ने बताया की बीते रात मधुपुर थाना क्षेत्र के जयंती ग्राम में नरेश चंद्र दास के घर में नगदी, आभूषण ,कुलर, स्मार्ट टीवी, इनवर्टर सहित अन्य समान की चोरी का मामला थाने में दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने व घटना में संलिप्त रहने वाला जयंती ग्राम निवासी मोहम्मद अनवर अंसारी उर्फ चरका व केशरगाढ़ा निवासी लुकमान शेख को गिरफ्तार कर लिया है ।वहीं चोरी किए गए सामान कूलर, फ्रिज, इन्वर्टर आदि को भी जब्त कर थाने ले आई है। वहीं दूसरी घटना लालगढ़ में जमीन विवाद को लेकर शमीम शेख व जमील शेख के साथ मारपीट मामले में हदीस सेख को गिरफ्तार कर लिया।

जबकि तीसरी घटना भेड़वा नावाडीह में 5 अगस्त को मनोज कुमार मेहरा के घर से दो मोबाइल चोरी की घटना को अंज़ाम देने वाला मधुपुर थाना क्षेत्र के नीमतला भेड़वा निवासी रोशन राणा को मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। अलग-अलग मामले में पकड़े गए सभी आरोपियों को पुलिस ने स्वास्थ्य जांच करा कर न्यायिक हिरासत में जेल में भेज दिया है।

# एसडीओ आशीष अग्रवाल ने शहरी क्षेत्र में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का बूथ संख्या 183 / 195 /196 का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** मधुपुर अनुमंडल के शहरी क्षेत्र में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल ने शहरी क्षेत्र के बूथ संख्या 183, 195, 196 बीएलओ की उपस्थिति में कार्यों का निरीक्षण किया। मतदाता पुनरीक्षण का कार्य बीएलओ द्वारा घर घर जाकर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले मतदाताओं का पहचान कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना है। इसको लेकर कार्यों का अनुमंडल पदाधिकारी सह ई आर ओ आशीष अग्रवाल ने स्थल निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष अग्रवाल ने बताया बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर का कार्य संतोषजनक नहीं है। स्थल जांच से पता चला कि कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। इसमें सुधार लाने की जरूरत है। सभी एईआरओ सुनिश्चित करें के निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से लिया जाए और खुद स्थल का निरीक्षण करें। मौके पर सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को लेकर दो गुटों में हुई मारपीट, मामला पहुंचा थाने



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ मुहल्ले में जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई । जिसमें भुजाली व रड से मार कर दो लोगों को जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट मामले को लेकर लालगढ़ निवासी पीड़ित शमीम शेख ने मधुपुर थाने में लिखित आवेदन देकर बताया कि उसके गोतिया हदिश सेख,जाकिर शेख, समीर शेख, गुलाम सेख सभी मिलकर जबरन हम लोगों की जमीन का नापी कर रहा था तभी मैं ओर मेरे भाई रोकने गएं तो गाली गलौज कर भुजाली और रड से मारकर मुझे और मेरे भाई जमील शेख को बुरी तरह से घायल कर दिया। जिसकी लिखित आवेदन थाने में देकर न्याय की गुहार लगाया । आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लालगढ़ निवासी हदिश सेख को हिरासत में लिया है। वहीं अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## शादी की नियत से नाबालिग लड़की को भगा ले जाने का मामला पहुंचा कुंडहित थाना

**दैनिक शुभ भास्कर/कुंडहित(जामताड़ा)/**नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसा कर शादी के नियत से घर से भगा ले जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। दोनों प्रेमी युगल रविवार शाम कुंडहित थाना पहुंचे। प्रेमी युगल कुंडहित थाना पहुंचने पर दोनों परिवार के परिजन भी कुंडहित थाना पहुंचे। खबर लिखे जाने तक दोनों के परिजनो के बीच मामले को लेकर समझौता की बात चल रही है।जानकारी के अनुसार कुंडहित थाना अन्तर्गत सिंगारपुर गांव के नित्य गोपाल घोष के पुत्र कृष्ण घोष के साथ थाना क्षेत्र के नाबालिग लड़की के साथ काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। शनिवार की शाम करीब 3 बजे दोनों में फोन से बातचीत होने के उपरांत शादी के नियत से घर से भाग गए। देर शाम तक नाबालिग लड़की नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा कुंडहित थाना में लिखित सूचना दी गई। कुंडहित थाना में लड़की अगवा होने की आवेदन मिलते ही पुलिस अपना कार्रवाई शुरू कर दी । इसकी खबर दोनों को मिलते ही रविवार शाम प्रेमी युगल ने कुंडहित थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। समाचार लिखे जाने तक दोनों परिजनों में समझौता की बात चल रही है।

## सत्यमेव जयते फाउंडेशन ने पीड़ित महिला को श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** रविवार को सत्यमेव जयते फाउंडेशन, जामताड़ा के द्वारा जामताड़ा प्रखंड के मिहिजाम नगर के वार्ड नंबर 15 के रहने वाली मीरा देवी को श्रवण यंत्र उनके आवास जाकर प्रदान किया। विदित हो कि मीरा देवी को कान से कम सुनाई देने की समस्या विगत कई वर्षों से थी। उन्हें कान से कम सुनाई पड़ रहा था । काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। इस बाबत सत्यमेव जयते फाउंडेशन के सचिव राजेंद्र शर्मा को जानकारी होते ही उक्त महिला को उनके द्वारा रविवार को कान का मशीन श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया गया। श्रवण यंत्र प्राप्त कर महिला ने प्रसन्नता व्यक्त किया और राजेन्द्र शर्मा, सचिव, सत्यमेव जयते फाउंडेशन, जामताड़ा (झारखंड) को साधुवाद दिया।

## 17 वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति का हुआ गठन



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**रविवार को बेसिक स्कूल मिहिजाम प्रांगण में 17 वीं झारखंड राज्य सीनियर पुरूष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन समिति का गठन किया गया। यह समिति का गठन जिला कबड्डी संघ के सचिव अरविंद कुमार ओझा के अध्यक्षता में किया गया। जिसमें अध्यक्ष- अनिमेष मधुकर, उपाध्यक्ष चंदन पंकज ,निखिल शाह, सचिन कमल गुप्ता,सह सचिव संजय परशुरामका,कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,स्वागत प्रमुख मुकेश यादव, सह स्वागत प्रमुख हरिश्वर,सह स्वागत प्रमुख गौरव,मंच संचालक धर्मेंद्र गुप्ता,सह मंच संचालक विकास ठाकुर,सूचना प्रसारण मंत्री सुवेश शाह,सह सूचना प्रसारण मंत्री काजू शर्मा सह सूचना प्रसारण मंत्री राज कमल सिंह,भोजनालय प्रमुख रंजीत सिंह,सह भोजनालय प्रमुख विभाष, सह भोजनालय प्रमुख कन्हैया,सह भोजनालय प्रमुख सौरभ ताती, सह भोजनालय प्रमुख साधन, अवसान प्रमुख संदीप तांतीया,सह आवासन प्रमुख पुरुष शीतल,सह आवासन प्रमुख पुरुष राजा वर्मा को बनाया गया।

## उर्स का सपा नेता ने फीता काट कर किया शुभारम्भ

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। रुदौली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वाजिदपुर में बाबा कुतुब अली शाह र.अ. के 85 वे सालाना उर्स के अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एहसान मो अली उर्फ़ चौधरी शहरयार ने पहुँच कर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर शुभकामनाए देते हुए कहा कि यह उर्स एकता व सदभावना का प्रतीक है जहाँ सभी वर्गो के लोग भाग लेते हैं व अपनी आस्था प्रकट करते हैं।यह एकता व सदभावना की मिसाल है।इससे क्षेत्र में भाईचारे का संदेश जाता है।उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं की ऐसे महान आत्माए हमारी रुदौली की मिट्टी में दफ़्न हैं जिनकी कृपा से यहाँ की गंगा जामुनी क़ायम है।इस अवसर पर मो अनस,बबलू अंसारी, समीउल्लाह, मो मुक़ीम,शुऐब खां,परवेज़ अहमद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**बैठक** बैठक मुख्य रूप से जिला सह सदस्यता प्रभारी संजय मंडल के नेतृत्व में की गई।

# अभाविप ने सदस्यता अभियान को ले किया पोस्टर विमोचन




**दैनिक शुभ भास्कर/ मनीष बरणवाल/ जामताड़ा/** स्थानीय टावर चौक के समीप स्थित भगवाना टावर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 7 अगस्त से 30 अगस्त तक प्रांत द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान को लेकर बैठक व पोस्टर विमोचन किया।

यह बैठक मुख्य रूप से जिला सह सदस्यता प्रभारी संजय मंडल के नेतृत्व में की गई। मौके पर सदस्यता अभियान को लेकर प्रचार प्रसार, दीवार लेखन, सोशल मीडिया, प्रवास, सभी इकाईयों के लिए सदस्यता का लक्ष्य जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इसके साथ ही सभी इकाइयों के लिए प्रवासी तय किए गए। इस दौरान जिला सह सदस्यता प्रभारी संजय मंडल ने कहा कि इस बार अभाविप जामताड़ा के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा सदस्यता ग्रहण करवाने के लिए प्रयासरत है। साथ ही इस सदस्यता अभियान को महापर्व की तरह बनाएंगे। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किशोर सोरेन ने कहा कि अभाविप 75 वर्षों का हो चुका है। इसलिए अमृत महोत्सव का सदस्यता अभियान ऐतिहासिक होगा।

मौके पर जामताड़ा जिला के जिला प्रमुख डॉ सोमेन सरकार सर, जिला संयोजक आकाश साहू, जामताड़ा नगर के नगर मंत्री राज सोनकर, नारायणपुर इकाई के नगर मंत्री वरुण पंडित, नगर सह मंत्री पवन मंडल, टिंकु मंडल, अभय राउत, अविनाश राउत, कॉलेज अध्यक्ष प्रकाश यादव, कॉलेज मंत्री किशोर यादव, कॉलेज सह मंत्री मनोज मंडल राज स्वर्णकार जेबीसी प्लस टू प्रमुख अजय राउत आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# फ्लॉक लीडर गाइड कैप्टन और रेंजर लीडर्स का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/**पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा मधुपुर शहर के बावन बीघा मोहल्ला में स्थित टीटीसी प्रशिक्षण केंद्र में सात दिवसीय (फ्लॉक लीडर्स), (गाइड कैप्टन) और (रेंजर लीडर्स) का राज्य स्तरीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के छठे दिन पाथरोल काली मंदिर से पूजा अर्चना के साथ शिविर प्रारंभ हुआ। सभी प्रशिक्षुओं ने पाथरोल काली मंदिर की पूजा अर्चना की और यात्रा का आनंद लिया। वहां से लौटने के बाद झंडा समारोह आयोजित कि गई। इसके बाद विभिन्न सत्र जैसे लेन-देन संबंधी विश्लेषण, राज्य मुख्य आयुक्त शील्ड, लैशिंग,अलंकरण समारोह, फ्लाइंग अप समारोह आयोजित किए गए। शाम को आयोजित ग्रैंड कैम्प फायर प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें सभी प्रशिक्षु सांस्कृतिक एवं जीवंत प्रस्तुतियां दी ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### कैम्प में प्रगणक, पर्यवेक्षक शामिल होकर करवाएंगे गणना सम्बंधित एंट्री

**हसनपुरा (सीवान)** प्रखंड व नपं के सभी पर्यवेक्षक एवं प्रगंणक निम्नलिखित तिथिवार कैम्प में शामिल होकर गणना सम्बंधित मोबाइल ऐप के माध्यम से एंट्री का कार्य किया जाएगा। जो कि नगर पंचायत कार्यालय गोपालपुर में होना सुनिश्चित किया गया है। 7 अगस्त से सभी भरे हुए प्रपत्र को मोबाइल ऐप के माध्यम से कैंप में ऑनलाइन एंट्री किया जाएगा। वहीं प्रपत्र का मिलान कर पर्यवेक्षक से हस्ताक्षर कराकर ससमय उपस्थित रहने को निर्देश दिया गया है। जो कि 9 अगस्त तक कार्य किया जाना है।

### जाति आधारित गणना प्रपत्र का ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की तैयारी की समीक्षा

**दैनिक शुभ भास्कर संवादाता।** प्रखंड में चल रहे जाति आधारित गणना प्रपत्र का ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की तैयारियों की समीक्षा उप समाहर्ता जावेद अहसद के द्वारा की गई। विदित हो कि जाति आधारित गणना प्रपत्र की ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने का कार्य कल से शुरू हो रहा है, जिसकी तैयारी के लिए उप समाहर्ता प्रखंड कार्यालय पहुंचे।प्रखंड कार्यालय में ऑनलाइन प्रपत्र अपलोड करने के लिए प्रखंड सभागार में सौ प्रगणक तथा विश्वान कक्ष में सौ प्रगणक को बैठने के लिए कुर्सी टेबल लगाया गया है।वही उप समाहर्ता ने बताया कि सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक सभी प्रगणक तथा पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे और अपने-अपने गणना ब्लॉक का ऑनलाइन पोर्टल पर अधिकृत मोबाइल से डाटा अपलोड करेंगे।वही चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरी ने बताया कि आज पर्यवेक्षक संख्या एक से चौतीस तक का डाटा अपलोड किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से लकड़ी औराई लकड़ी दरगाह, कैलगढ़ उत्तर, कैलगढ़ दक्षिण, सुंदरपुर, हथीगाही,पडरौना खुर्द, कुरवां पंचायत के सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहेंगे।इस संदर्भ में जेएसएस कृष्णा कुमार मांझी ने बताया कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक अपना रजिस्टर्ड मोबाइल लेकर प्रखंड कार्यालय में ससमय उपस्थित रहेंगे। किसी भी परिस्थिति में कोई प्रगणक या पर्यवेक्षक अनुपस्थित नहीं होगें।

### सोमवार तक रघुनाथपुर में जाति आधारित गणना हर हाल में सम्पन्न -बीडीओ

**रघुनाथपुर, सीवान/**सिवान जिले के रघुनाथपुर में हर हाल में सोमवार तक जातीय जनगणना संपन्न करा लिया जाएगा। जिसको लेकर चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्रगणक तथा सभी पर्यवेक्षकों को तेजी लाने का आदेश दिया।बताते चलें कि रविवार को जलती धूप में दिनभर प्रगणक तथा पर्यवेक्षक को दौड़ते हुए देखा गया। जाति आधारित गणना करवाने को ले माननीय उच्च न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद विभाग ने गणना को लेकर कार्य तेज कर दिया है। रघुनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज अधिकारी अशोक कुमार ने प्रखंड के सभी 81 पर्यवेक्षक संग बैठक कर कार्य में तेजी लाने संबंधी निर्देश दिए। बैठक के दौरान किस पंचायत में कितना काम हो चुका है पहले इसकी समीक्षा की गई। इसके बाद शीघ्र कार्य को सम्पन्न कराने के गुर बताए। वही आईटी सहायक प्रशांत कुमार द्वारा बताया गया की गणना संबंधी एप्प अभी एक्टिव नही है जैसे एक्टिव होगा सभी को सूचित कर दिया जाएगा। बीडीओ श्री कुमार ने बताया की एप्प जबतक सक्रिय होगा तब तक ऑफलाइन सर्वे युद्ध स्तर पर संपन्न करा लें। मौके पर अनिल कुमार मिश्र, मो0 आलम, संजीव कुमार पांडेय, राजेश्वर कुमार, अरविंद तिवारी, विवेक कुमार सिंह, जयप्रकाश यादव, प्रदीप मिश्र, दीनबंधु शर्मा, नसीम अंसारी, साहेब हुसैन अंसारी सहित सभी पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

### मैरवा में जातिय जनगणना का कार्य पूर्ण, 70 फीसदी हो गई इंट्री

**मैरवा सीवान संवाददाता।** जिले में मैरवा प्रखंड में जातिय जनगणना का काम सबसे तेज होने की सूचना प्राप्त हुई है । इस संबंध में बताया जा रहा है कि मैरवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का जातिय जनगणना कार्य पूर्ण रूप से संपन्न कर लिया गया है । वही 70 फ़ीसदी डाटा एंट्री का भी काम हो चुका है। इस संबंध में बातचीत करते हुए चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार ने बताया कि सोमवार से बचे हुए इंट्री का कार्य भी कराया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि 100-100 के संख्या में एंट्री का कार्य जांच के बाद सोमवार से कराया जाएगा । जो अति शीघ्र समाप्त कर लिया जाएगा। बताते चलें कि चार्ज पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय कुमार के तत्परता की चर्चा लगातार क्षेत्र में हो रही है। उन्होंने बड़ी ही कर्तव्यनिष्ठ तथा कुशलतापूर्वक सभी प्रगणक तथा सभी पर्यवेक्षकों से ससमय बैठक बुलाकर तथा समय-समय पर प्रशिक्षण देकर यह कार्य बड़े ही सुगमता पूर्वक संपन्न करा लिया। जिसकी चर्चा लगातार क्षेत्र में हो रही है।

# सेवानिवृत्त शिक्षिका सुधा कुमारी का शैक्षणिक कार्यकाल अनुकरणीय







**सीवान संवाददाता/** सदर स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिठौरी अंचल सह जिला सिवान की प्रधानाध्यापिका सुधा कुमारी का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ ।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के बच्चों द्वारा अतिथियों का स्वागत गीत एवम् विदाई गीत से हुआ ! अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाध्यापक विद्याभूषण दुबे ने कहा कि अपने सेवाकाल में बेदाग सेवानिवृत होना सुधा कुमारी जी के विराट व्यक्तित्व को दर्शाता है ! प्रभारी प्रधानाध्यापक डा. मन्नू राय ने कहा कि सुधा कुमारी का कृतित्व एवम व्यक्तित्व अनुकरणीय रहा है। डा पारसनाथ सिंह ने कहा की भारतीय परंपरा का निर्वहन है विदाई समारोह । माधव पांडे ने कहा कि इस संसार में आना और जाना ईश्वर की नियति है,उसी प्रकार सेवा में आना और रिटायर होना है।, भुवाल शर्मा ने सुधा कुमारी के साथ कार्यानुभवो को साझा किए। धर्मनाथ प्रसाद ने कहा कि सुधा कुमारी का आचरण सरल और सरस रहा है।

अजीत कुमार सुधा कुमारी के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि आपने विद्यालय के लिए हमेशा तत्पर रही हैं।ललन यादव ने कहा कि सुधा कुमारी विद्यालय की तमाम उलझनों, समस्यायों से जूझते हुए उसका निराकरण करते हुए विद्यालय में पठन पाठन का वातावरण बनाया, जिसकी जितनी प्रसंशा की जाए ,कम है,कार्यक्रम को योगेंद्र सिंह ,ठाकुर गिरी,प्राचार्य आनंद कुमार, रामनिवास यादव, सुभाष तिवारी,सुधाकर मणि त्रिपाठी, तारकेश्वर दुबे, राजेंद्र सिंह, सीमा कुमारी,मुकेश कुमार दुबे, विकाश सिंह, पंचायत के मुखिया मांकेश्वर मांझी, सचिव संगीता देवी , अध्यक्ष अवधेश माली,प्रखण्ड संसाधन केंद्र सिवान सदर के लिपिक राहुल कुमार ने संबोधित किए। सेवानिवृत शिक्षिका सुधा कुमारी ने विदाई को विरह की वेला बताते हुए कहा की हमने विद्यालय में जो किया,उसमे विद्यालय के सभी स्टाफ एवम् संकुल के सभी शिक्षको का सहयोग रहा है,इसके लिए सभी को धन्यवाद देती हूं।ईश्वर से प्रार्थना करती हूं की आप सभी मिलजुल कर विद्यालय में अकादमिक वातावरण बनाए रखेंगे।विदाई सह सम्मान समारोह में संकुल के शिक्षक हरिवंश कुमार,रंजू शर्मा,अली अकबर, ओम प्रकाश यादव, संजय राय,अनिल कुमार सिंह, अमृता सिंह, संजय यादव, दिनेश राम,गीता देवी, प्रीति श्रीवास्तव, रूबी कुमारी, उर्मिला कुमारी, अमाना खातून, हसमुन खातून, सुनीता कुमारी, जयप्रकाश प्रसाद, अशोक चौधरी, देवेंद्र कुमार, छोटेलाल माझी, राजेंद्र अकेला, सच्चिदानंद दुबे, चंद्र किशोर जी,धर्मेंद्र कुमार यादव,कृष्णा माझी, धर्मेंद्र कुमार सहित शिक्षक शामिल हुए।इस विदाई सह सम्मान समारोह के क्रम में सेवानिवृत शिक्षिका सुधा कुमारी को प्रभारी प्रधानयापक द्वारा सम्मान पत्र, अंगवस्त्र,पुष्प गुच्छ एवम संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उपहार एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षाविद कमलेश्वर ओझा ने किया। समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों सम्मानित अभिभावक, विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# अग्निपीड़ित परिवार के बीच गैस चूल्हा, नगद राशि तथा खाद्य सामग्री का वितरण


**हसनपुरा (सीवान)** प्रखंड के पियाउर पंचायत के उजरहां गांव निवासी रामबिलास यादव की पुत्री ग्रेपलिंग खिलाड़ी के झोपड़ीनुमा मकान में बीते गुरुवार की रात तीन अगस्त को आग लगने से हजारों की संपत्ति राख हो गई थी। इस मामले में ग्रेपलिंग खिलाड़ी की मां ज्ञान्ती देवी ने स्थानीय थाने में आवेदन दिया है। पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया है कि मेरा झोपडीनुमा मकान उसमें भुसा तथा गेहूं चावल एव अन्य जरूरी सामग्री रखा था। आगजनी मे जलकर खाक हो गया। झोपडी के आगे एक खोप भी है जहां बीते 3 अगस्त की




रात हम सपरिवार खाना खाकर कर के सो गए । तभी अचानक ग्रमीणों ने आवाज दिया आग लगी है। झोपड़ीनुमा मकान सहित इस अगलगी में बिछावन, खोप में रखे धान, गेंहूं आदि समान जलकर राख हो गया। वही इस घटना के बाद ग्रेपलिंग खिलाड़ी के घर रविवार को लायंस क्लब सीवान, एक्यूरेट डाइग्नोस्टिक लैब तथा डॉक्टर रोहित की तरफ से खाद्य सामग्री, नगद राशि तथा गैस चूल्हा देकर मदद किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविन्द पाठक ने कहा कि पीड़ित परिवार को अभी राहत प्रदान करने के लिए कुछ मदद किया गया है। लायन पवन कुमार, एक्यूरेट डायोगनोस्टिक के डॉक्टर सौरव सिंह, दंत चिकित्स्क डॉक्टर रोहित कुमार, टिंकू सिंह, सुबोध सिंह, मदन पासवान आदि ने मदद का हाथ बढ़ाया है। आगे भी जो भी जरूरत होगी मदद की जाएगी।

# सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्राओं का अश्लील वीडियो बनाने को लेकर धरना प्रदर्शन तोड़फोड़





**सिवान संवाददाता।** जिला मुख्यालय के मैरवा -सिवान मुख्य मार्ग पर स्थित नवनिर्मित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्राओं का अश्लील वीडियो बनाने को लेकर देर रात्रि तक जमकर धरना प्रदर्शन किया गया। जहां छात्रों ने जमकर तोड़फोड़ मचाई। वहीं देर शाम एक छात्रा के बेहोश हो जाने की भी बात सामने आ रही है। सूत्रों की मानें तो छात्र-छात्राओं ने मिलकर सीसीटीवी कैमरा समेत कालेज के परिसर में लगे फूल पत्ते एवं अन्य सजावट के लिए लगे हुए प्रसाधनों को एवं दरवाजा आदि को तोड़ डाला। बाद में इसकी जानकारी सिवान एसडीएम रामबाबू बैठा तथा मुफस्सिल थाने को हुई। जानकारी के बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस तथा सिवान एसडीएम रामबाबू बैठा मौका पर पहुंचकर शिक्षकों को रोका तथा उनकी बातें सुनी। काफी मान मनोबल के बाद छात्र देर शाम मानने को राजी हो पाये। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि फर्स्ट ईयर की छात्राओं का हॉस्टल में अश्लील वीडियो बनाया जा रहा है। जिसके जानकारी के बाद विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है धरना प्रदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। जबकि प्राचार्य के पटना जाने की बात सामने आ रही है।

### 7 अगस्त से 11 अगस्त तक लगेगा कैंप

**रघुनाथपुर संवाददाता सिवान** जिला के रघुनाथपुर में हो रहे जातीय जनगणना में विलंब की स्थिति से निपटने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी अशोक कुमार ने प्रखंड के सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक साथ बैठक कर कार्य में तेजी लाने संबंधी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी 7 अगस्त से लेकर 11 अगस्त तक सभी प्रगणक तथा पर्यवेक्षक प्रखंड सभागार में कैंप में उपस्थित रहेंगे । जो कैंप सुबह 8:00 बजे से लेकर संध्या 4:00 बजे तक चलेगा। जहां सभी प्रविष्टियों कंप्यूटर में लोड कर कर ही उनका घर जाना होगा।

### बड़े शराब माफिया के गिरफ्तारी ,पुलिस ने ली राहत की सांस

**सीवान संवाददाता।** सिवान जिले के बड़े शराब माफिया गिरोह की गिरफ्तारी बीती रात्रि होने के बाद स्थानीय उत्पाद विभाग की पुलिस ने राहत की सांस ली है इस संबंध में बताया जा रहा है कि सिवान जिले के मैरवा सिवान मुख्य मार्ग पर लक्ष्मीपुर के समीप 6600 लीटर शराब को बरामद किया गया था वही बड़े शराब माफिया की भी गिरफ्तारी होने की सूचना दी गई। बताते है कि भरौली पंचायत के मुखिया नागेंद्र सिंह को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया है । बताते चलें कि नागेंद्र सिंह शराब का बहुत बड़ा तस्कर बताया जा रहा है। 6600 लीटर शराब को सिवान जिले के मैरवा थाने के लक्ष्मीपुर ढाला के पास बरामद किया गया है । जिसमें भरौली पंचायत के मुखिया नागेंद्र सिंह को बड़े तस्कर के रूप में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार मुखिया बड़ा शराब तस्कर बताया जाता है। जिसके गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। वही गायघाट पंचायत के पूर्व मुखिया विनय पाण्डेय को भी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। सीवान जिले में एक्साइज विभाग ने शराब के विरुद्ध चलाया अभियान। इस दौरान भरौली पंचायत के मुखिया नागेंद्र सिंह,गायघाट पंचायत के पूर्व मुखिया विनय पांडेय, दिवाकर पांडेय,राजेश कुमार को शराब के साथ किया गिरफ्तार, इनके पास से अंग्रेजी शराब की 36 बोतल शराब बरामद, जांच के बाद भेजे गए जेल, मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ढाला के पास से पुलिस ने कारवाई की तथा पकड़ लिया।

### अज्ञात महिला का लाश बरामद



**सिवान संवाददाता।** जिले के पचरुखी बाजार के मोहम्मदपुर बायपास के समीप शनिवार को एक अज्ञात लाश बरामद हुआ। मौके पे पचरुखी थाना पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में ले लिया। जिसे पंचनामा बनाकर सिवान सदर अस्पताल भेज दिया गया।वही लाश को देखने से लगता है कि ये किसी महिला का बॉडी है। जिसे कहीं से लाकर यहां फेका गया है। पचरुखी में इसे लेकर कई प्रकार की चर्चा लगातार हो रही है।

### गंदे विधायक के गंदे मुंह से निकली गंदी वचन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/**जीरादेई (सिवान) 5 अगस्त को जीरादेई प्रखंड मुख्यालय के अंचल सह प्रखंड परिसर में, जीरादेई के गंदगी में पले गंदे विधायक अमरजीत कुशवाहा ने, गंदे व विवादित बयान देकर क्षेत्रीय लोगों को झकझोर दिया है। बताते चलें कि वोट की राजनीति को लेकर अमरजीत कुशवाहा सभी सवर्णो को अंग्रेजों का दलाल कहते हुए नजर आ रहे हैं। जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल गर्म है। बताते चलें कि पिछले चार साल पूर्व भाकपा माले के विधायक अमरजीत कुशवाहा पर राजपूत बिरादरी के पंचायत शिक्षक राजू सिंह को गोली मारने का भी आरोप है। जिस आरोप में 2 साल कैद की सजा काट चुके, विधायक अमरजीत कुशवाहा अभी जमानत पर बाहर निकला हुआ हैं, फिर भी गंदी जुबान से उसके गंदे विवादित बयान के आने के बाद लगातार क्षेत्र में कई प्रकार के चर्चे हो रहे हैं। ऐसे देश के कुछ गंदी कानूनों की वजह से अमरजीत कुशवाहा अभी वर्तमान में जीरादेई से विधायक हैं।

### 33 वीं बिहार स्टेट सुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन आज से



**सीवान संवाददाता।** जिले के सिवान सदर प्रखंड के चनऔर में स्थित विज्ञानानंद केन्द्रीय विद्यालय में 33 वीं बिहार स्टेट सुटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन आज से यानि सोमवार से आयोजित की जाएगी। जिसकी सूचना प्राप्त हुई है। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट रविन्द्रन संकरन, एडीजी बिहार पुलिस होंगे। वही इसका शुभारंभ दिन में ढ़ाई बजे किया जाएगा।

प्रतियोगिता | कक्षा 1 से 10 तक के दर्जनों छात्रों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

# चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा





**हुसैनगंज, एक संवाददाता।** प्रखंड के स्कूली बच्चों ने रविवार को हुसैनगंज में हुए चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पर्यावरण एवं राष्ट्रभक्ति की थीम पर एक से बढ़कर एक ड्रॉइंग कर अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा। विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 1 से 10 तक के दर्जनों छात्रों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रखंड के हुसैनगंज चट्टी स्थित आलम स्टडी प्वाइंट में रविवार को पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुबह सात बजे से चित्रकला प्रतियोगिता शुरू हुई जिसमें विद्यार्थियों को इंस्टीट्यूट की तरफ कार्डबोर्ड, पेंसिल इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। तय वक्त के दौरान विद्यार्थियों ने ख्यालों की दुनिया से प्रकृति के बेहतरीन नक्शे कैनवास पर उतारे। कलाकारी की मिशाल पेश करते हुए सभी ने एक से बढ़कर एक तस्वीरें बनाई। इंस्टीट्यूट संचालक ने बताया कि इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों की प्रतिभा सामने आती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने बेहतरीन तस्वीरें बनाई हैं। जिनमे से पांच सर्वश्रेष्ठ तस्वीरों को प्रथम द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान के लिए नामित कर उन्हे इनाम दिया जाएगा। भाग लेने वाले विद्यार्थियों में खुशबू कुमारी, तनहित अफजल, सानवी कुमारी, रिजविया मेंहदी, मुन्तजिर मेंहदी, मोइज मेंहदी, प्रियांशु कुमार, हिमांशु कुमार, आशिया परवीन, फातमा शब्बीर, कृष्णा कुमार, तरन्नुम परवीन, साहिल कुमार, वैभव वरुण, आफिया अफजल, सूफिया, कहकशां, अर्शिया, आलोक, अर्पित, इशांत, अनुज, आसिफ, फरीद खान समेत अन्य विद्यार्थी शामिल रहे।

# सीवान से बलिया जाना हुआ आसान, सरजू नदी में स्टीमर का परिचालन शुरू



**सिवान संवाददाता** सिवान जिले से सरजू नदी होते हुए बलिया जाना अब आसान हो गया । इस संबंध में स्थानीय दरौली प्रशासन ने बताया कि सरजू नदी से दरौली से बलिया जाना अब आसान हो जाएगा। सूत्रों की माने तो दरौली के रास्ते सरजू नदी पार करने के बाद बलिया मात्र 10 किलोमीटर या 15 किलोमीटर ही है । जहां अब सरजू नदी में यात्री एस्टिमर चलना शुरू हो गया। जिसको लेकर व्यवसाय करने वाले लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त हो चला है। बताते चलें कि पिछले कई वर्षों से स्ट्रीमर की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर शनिवार को स्ट्रीमर का परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त हो चला है। बताते चलें कि पिछले दो-तीन वर्षों से दरौली तथा बलिया के बीच में पीपा के पुल का भी निर्माण कराया गया था। जो तेज बहाव के कारण बार-बार वह जा रहा था जिससे बलिया तथा सिवान में व्यवसाय करने वाले लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था वही सरजू नदी पर बलिया तथा दरौली के बीच में एसटी मर के चलने से अब यह रास्ता आसान हो जाएगा जिसको लेकर आम जनों में तमाम तरह के चर्चे हो रहे हैं।

## ख़ास ख़बर

### बारिश के चलते काशी विद्यापीठ रोड पर गिरा कदम का पेड़



**वाराणसी।** काफी दिनों के लंबी प्रतीक्षा के बाद बीती देर शाम नगर में हुई बारिश के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पेड़ों के गिरने की खबरें संज्ञान में आई। इसी क्रम में नगर के सिगरा थाना क्षेत्र स्थित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ रोड पर बिजली विभाग के सामने बारिश के चलते एक कदम का पेड़ गिर गया। घटना से चंद सेकेंड पहले ही कई लोग उधर से गुजरे, संयोग अच्छा था कि सभी बाल-बाल बच गए। सड़क पर पेड़ गिरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पेड़ गिरने के बाद सिगरा थाने को इसकी सूचना दी गई। पीआरवी आई लेकिन किसी से पूछा तक नहीं कि क्या दिक्कत है। एंबुलेंस पहुंचने पर लोगों ने किसी तरह पेड़ को हटाकर निकलने के लिए रास्ता बनाया। प्रत्यक्षदर्शी पांडेपुर निवासी विशाल पांडेय ने बताया कि वे यात्रियों को लेकर बनारस स्टेशन जा रहे थे। उनके गुजरने के कुछ सेकेंड बाद ही पेड़ धराशायी हो गया। उन्होंने कहा कि संयोग अच्छा रहा कि हम लोग निकल गए, वरना पेड़ की चपेट में आते तो न जाने क्या हो जाता।

### विभिन्न मामलों में दोषी पाये गये पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज




**वाराणसी।** जहां एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा पुलिसकर्मियों को आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करने और अनुशासनात्मक रवैया अपनाने के निर्देश दिये जा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जनमानस की सेवा में सदैव तत्पर रहने का दावा करने वाले वाराणसी पुलिस के कुछ पुलिसकर्मी अपने अनुशासनहीन रवैये के कारण पूरे पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जनमानस के बीच पुलिस की छवि को बरकरार रखने के लिए ऐसे दागी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध घोर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है। इसी क्रम में कमिश्नरेट में तैनात चार सिपाही सहित पांच पुलिसकर्मियों को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बर्खास्त किए गए पुलिस कर्मियों में 1994 बैच का सिपाही हरिबंश भारती, 2018 बैच का सिपाही अमित कुमार, 2015 बैच का सिपाही संजय कुमार शुक्ला व 2014 बैच का मनोज कुमार तिवारी और अर्दली चपरासी अमृत लाल शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन मुख्यालय एवं अपराध अमित कुमार ने बताया कि पांचों पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनहीनता के अलग-अलग मामलों में शिकायतें थीं। विभागीय जांच में पांचों पुलिसकर्मी दोषी पाए गए। दोष सिद्ध होने पर पांचों को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

### गंगा के जलस्तर में बढ़ाव का सिलसिला अनवरत जारी



**वाराणसी।** भगवान शिव की सबसे प्रिय नगरी काशी में गंगा के जलस्तर में बढ़ाव का सिलसिला अनवरत जारी है। रविवार सुबह वाराणसी में गंगा के जलस्तर में बढ़ाव 10 सेमी. प्रति घंटा दर्ज किया गया, जो शनिवार को 3 से 5 सेमी. प्रति घंटा था। इससे यह आशंका है कि जल्द ही गंगा का जलस्तर खतरे के निशान (70 मीटर) को छू सकता है। इधर, गंगा में उफान के कारण तटवर्ती इलाकों में रहने वालों की धुकधुकी बढ़ गई है। एनडीआरएफ टीम के साथ ही साथ पुलिस-प्रशासन भी चौकस है। घाटों का संपर्क पहले ही टूट चुका है। हरिश्चंद्र और मणिकर्णिका घाट के रैंप पर पानी चढ़ने के कारण शवदाह के लिए आने वाले लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। जलस्तर बढ़ने के कारण गंगा में नौका संचालन पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। केंद्रीय जल आयोग की बाढ़ बुलेटिन के अनुसार रविवार सुबह गंगा का जलस्तर 66.72 मीटर दर्ज किया गया। जलस्तर में 10 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ाव का सिलसिला बना है। तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों ने बयाया कि इससे पहले गंगा के पानी में इतनी तेजी से कभी उतार चढ़ाव नहीं देखा था। ज्ञातव्य हो कि वाराणसी में गंगा का चेतावनी बिंदु 70.262 मीटर और खतरा बिंदु 71.262 मीटर है।

# डेंगू के प्रसार के संभावना के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ाई चौकसी, सीएचसी में 5 व पीएचसी में 2 बेड डेंगू मरीजों के लिए हुए आरक्षित



**वाराणसी।** वर्षा ऋतु में गांवों में जलजमाव के दृष्टिगत पंचायती राज विभाग के सहयोग व समन्वय से जलजमाव वाले स्थलों का चिन्हीकरण कर जलभराव निस्तारण व एंटीलार्वा का सतत छिड़काव किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि गांवों में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत 158 चिन्हित जलभराव स्थलों का निस्तारण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जा रहा है। जबकि शहरी क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा जलभराव निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रामनगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय के साथ-साथ अन्य परिसरों में प्रतिदिन एंटीलार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर जलनिकासी का समुचित प्रबन्ध किया जा रहा है। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान जुलाई में सफलतापूर्वक चलाया गया। जिसमें विभागीय लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत कार्य सम्पन्न हुये। दस्तक अभियान में कुल 71286 घरों में आशा व आंगनबाड़ियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर कुल 41236 मच्छर के स्रोतों को नष्ट किया गया। कुल 2584 बुखार के रोगियों की जांच में 03 मलेरिया व 05 संदिग्ध डेंगू मरीज मिले, जिनका इलाज किया गया है।

वर्तमान में जनपद में डेंगू का कोई भी पुष्ट मरीज सूचित नहीं हुआ है। वही जनपद के समस्त प्राइवेट और सरकारी चिकित्सालय व लैब को यूडीएसपी पोर्टल के माध्यम से जोड़ा गया है व सभी लैब को मरीजों के जांच की जानकारी देनी है। उन्होंने बताया कि जनपद में सभी सीएचसी में 5-5 व पीएचसी में 02-02 बेड डेंगू मरीजों हेतु आरक्षित कर दिये गये हैं। पं0 दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में 100 बेड व एसएसपीजी मण्डलीय जिला चिकित्सालय में 50 बेड तथा लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय पर 50 बेड आरक्षित हैं। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आशा द्वारा फीवर सर्विलांस के साथ-साथ घर-घर स्रोत विनष्टीकरण का कार्य जुलाई से नवम्बर तक चलाया जा रहा है।

# बेटे ने फावड़े से वार कर की पिता की हत्या, खेत में बने कमरे में शव जलाकर मौके से हुआ फरार



**वाराणसी।** जनपद के बड़ागांव थानान्तर्गत गोपालपुर टिकरी कलां गांव में एक ऐसी दर्दनाक घटना घटित हुई जिसको लेकर पूरे ग्रामीण स्तब्ध हैं। गांव के ही रहने वाले राजकुमार सरोज ने फावड़े से वार कर अपने पिता रामजी सरोज (50) की हत्या कर दी। इसके बाद पिता के शव को घर के समीप स्थित खेत में बने एक कमरे में ले जाकर जला दिया। ग्रामीणों की सूचना पर रविवार सुबह बड़ागांव थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी। उक्त के संबंध में बड़ागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुर टिकरी कलां गांव के ग्रामीणों ने बताया कि राजकुमार के आए दिन के विवाद से परेशान होकर उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया है। शनिवार रात उसने अपने पिता से भी अकारण ही कहासुनी शुरू की। रात लगभग 2 बजे राजकुमार ने गहरी नींद में सो रहे अपने पिता रामजी सरोज पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को समीप ही स्थित खेत में बने कमरे में ले गया। वहां लकड़ी और गोहरी पर शव रख कर उसने आग लगा दी। रविवार की सुबह ग्रामीण रामजी के खेत में बने कमरे से धुआं उठते हुए देख कर उसके करीब पहुंचे तो नजारा देख कर वह सन्न रह गए। आनन-फानन में आग बुझाकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष बड़ागांव राजकुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश में पुलिस की दो टीमें लगाई गई है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# भूखे को भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ कार्य है




**राकेश जैन/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर** /महाराणा भोपाल चिकित्सालय के मुख्य गार्डन में निःशुल्क भोजन वितरण सेवा संस्थान द्वारा भोजन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि महाराणा भोपाल चिकित्सालय के सुपर स्पेशलिस्ट के नर्सिंग अधीक्षक श्रीमान मोहन लाल जी मेघवाल साहब विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मनीष थे संस्थान के सदस्य रितेश जैन, जितेश ने अपन्नाना उड़ाकर एवं समिति चित्र भेंट कर सम्मानित किया (मेघवाल) ने बताया कि बीमारी से परेशान मरीज एवं उनके परिजन की मदद करना प्रभु की सेवा के बराबर है और निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना जीवन का श्रेष्ठ धर्म, परम पुनीत कार्य है साथ ही संस्थान की टीम को बधाई देते हुए कहां की मुझे गर्व होता है कि मैं ऐसी संस्था से जुड़ा हुआ हूं और जो अब दोनों समय का भोजन वितरण करने जा रही है यह बड़े पुण्य का काम है इससे बड़ा कोई काम नहीं

संस्थान के अध्यक्ष सौरभ जैन, संरक्षक महावीर नागदा ने बताया कि रविवार को भोजन वितरण कार्यक्रम में 750 परिजन को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया संस्थान के सचिव राजकुमार सचदेव ने बताया कि भोजन वितरण की सेवा देने के लिए संस्थान के कर्मठ सदस्य संग्राम सिंह चावत, शारदा वर्मा,सुमिता जैन, भगवत मेहता,पिंटू चौधरी, सत्यनारायण सोनी,राजेश तलेसरा,विपिन तलेसरा,केदारनाथ दाधीच, ओंकार लाल,हितेश, गौरव,सुनील सेन,सुनीता जैन,भरत सोनी, संतोष सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, हरीश पेंटर राजेश देवपुरा,दिनेश अरोड़ा,सनत जोशी,हेमंत कसारा,लोकेश, आशिक अली, अनिल भटनागर, अशोक पालीवाल, लोकेश जैन,योगेंद्र कुमावत, दिनेश पारख,रेणुका राठौड़, गायत्री कुंवर, रितेश जैन, प्रेम कांत शर्मा, धीरज, मयंक आदि उपस्थित है

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से हुई घायल



**वाराणसी।** नगर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आये दिन लोगों के सड़क दुर्घटना में जान गंवाने के मामले प्रायः संज्ञान में आ रहे हैं। इसी क्रम में बीती देर रात कमिश्नरेट के चौबेपुर थानान्तर्गत शाहपुर पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार औढ़े बछांव निवासी पवन गुप्ता (32) वर्ष अपने किसी रिश्तेदार के घर आयोजित धार्मिक समारोह से लौट रहा था। बाइक पर उसकी पत्नी संध्या भी बैठी थी। रात करीब 12 बजे शाहपुर पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने के कारण घटनास्थल पर पवन की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को आनन-फानन अस्पताल भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पेशे से ऑटो चालक संदीप तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी शादी 5 साल पहले हुई थी उसकी कोई संतान नहीं है।

### मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण आग़ाज़ आज से

**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर**/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष के तहत सोमवार से टीकाकरण शुरू होगा जिसका उद्घाटन माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा किया जाएगा जिसकी शुरुआत माछला मगरा के आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों के टीकाकरण के साथ की जाएगी ।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि 3 चरणों में होने वाला यह अभियान 14 अक्टूबर तक चलेगा जिसमें बच्चों को टीके लगाए जाएंगे वहीं गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जाएगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लान बनाया गया है जिसके तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को टीके लगाए जाएंगे। इसमें 5 वर्ष तक के वंचित बच्चों को टीकाकरण के लिए विशेष रूप से चिन्हित किया गया है । बच्चों को नियमित टीकाकरण के जरिए 5 साल में क्षय, हेपेटाइटिस , गलघोंटू ,पोलियो , काली खांसी , टिटेनस, डायरिया ,निमोनिया ,मीजल्स व रूबेला के टीके लगाए जाएँगे।

### आज से शुरू होगा हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान का द्वितीय चरण

**राकेश जैन/ दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान/ उदयपुर/** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि राज्य सरकार के निरोगी राजस्थान अभियान के अंतर्गत वेक्टर बोर्न बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए जिले में 7 अगस्त से 15 सितंबर तक हमारा स्वास्थ्य, हमारी जिम्मेदारी अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जाएगा । इस अभियान के अंतर्गत मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला तोड़ने के लिए मच्छर रोधी गतिविधियां की जाएगी। अभियान में मौसमी बीमारियों ,मच्छर जनित रोग डेंगू मलेरिया ,चिकनगुनिया आदि बीमारियों के प्रभावी नियंत्रण के लिए रोकथाम कार्यक्रम किया जाएगा। चिकित्सा विभाग द्वारा आशा व एएनएम की टीम द्वारा सर्वे कार्य किया जाएगा । टीमों द्वारा घर-घर बुखार के रोगियों का सर्वे कर हाउस इंडेक्स मॉनिटरिंग की जाएगी। एंटी लारवा , एंटी एडल्ट गतिविधियां व बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिकाएँ बनाई जाएगी।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों का भी सहयोग व समन्वय रहेगा । नालियों की सफाई, एम एल ओ डालना ,पानी के स्रोतों की सफाई ,अनावश्यक वनस्पतियों की सफाई की जाएगी। घरों में कूलर, टंकी ,परिंडे, फ्रिज फूलदान आदि को साफ कर उन में इकट्ठा पानी हटाया जाएगा।

### राजस्थान सरकार फ्लैगशिप व सरकार की उपलब्धियों की बुकलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन



दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह /राजस्थान / चित्तौड़गढ़ / रावतभाटा तहसील की दुर्गम व दूरस्थ ग्राम पंचायत देवपुरा में राज्य सरकार की योजनाओं से पंचायतवासियों को अवगत करवाने के उद्देश्य से पंचायत मुख्यालय पर सरकार की उपलब्धियों का बुकलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। देवपुरा ग्रामपंचायत सरपंच रामदयाल मेघवाल ने बताया कि राजस्थान सरकार की जन कल्याणकारी एवं फ्लैगशिप योजनाओं के बारे में पंचायतवासियो को अवगत करवाने के उद्देश्य से पंचायत कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

**आयोजन** कार्यक्रम के आयोजक अंकुर सिहाग ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत

# अचीवर्स को विभिन्न केटेगरी में बेस्ट ऑफ़ इंडस्ट्री अवार्ड से किया सम्मानित




**सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/ राजस्थान /जयपुर/**बेस्ट ऑफ़ इंडस्ट्री अवार्ड का भव्य समापन 51 अचीवर्स को अपने उल्लेखनीय कार्य के लिए मुग्धा गोडसे ने किया सम्मानित प्रसिद्ध बॉलीवुड एक्ट्रेस मुग्धा गोडसे ने अपनी खूबसूरती और स्टाइल के साथ गुलाबी नगरी की शाम में चार चांद लगाए। मौका था बेस्ट ऑफ़ इंडस्ट्री अवार्ड्स 2023 और आज का जयपुर मैगज़ीन के अगस्त एडिशन के लॉन्चिंग का, शहर के द पैलेस होटल में भव्य आयोजन का। इस कार्यक्रम के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के साथ समाज में मूल्यवान स्थान बना चुके लगभग 51 हस्तियों को सम्मानित किया गया। जहां 51 अचीवर्स को 25 से ज्यादा कैटेगरीज, जैसे फैशन, एजुकेशन, बिज़नेस, आर्ट एंड कल्चर, मेडिकल, ज्वेलरी, ब्लॉगर, एफ एंड बी, डिफेन्स, सोशल में चयन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अंकुर सिहाग ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत विशिष्ट अतिथि वाटर प्रूफिंग किंग राज खान, एस बी सिंह, आज का जयपुर मैगज़ीन के कवर फेस रोहित जैन , कार्यक्रम की ब्रांड एम्बेसडर ईशु कालरा , रिंकु सिंह गुर्जर, अंबालिका शास्त्री सहित कोणार्क जैन, प्रभाकर कुमार तिवारी, मनीष सोलंकी, नरेंद्र सामोता,जेकेजे जेवेल्लेर्स से दीपक जी,पृथिवी पाल सिंह और आशीष शर्मा, करण सिंह तोमर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम में आज का जयपुर मैगज़ीन के अगस्त एडिशन का लॉन्च किया गया जिसके कवर फेस रोहित जैन थे जिसकी लॉन्चिंग मुग्धा गोडसे ने की. जिसके बाद सेलिब्रिटी मुग्धा गोडसे ने सोशल एक्टिविस्ट और बिजनेसमैन पवन कुमार पारीक, बेस्ट क्रिप्टो टोकन इन इंडिया के लिए बिट फार्मा टोकन, बेस्ट फाइनेंसियल इंस्टिट्यूशन के लिए एसबीएमएफए ,यंग एंट्रेप्रेनर रोहित जैन, बेस्ट मार्केटिंग स्टार्टअप कोणार्क जैन,बेस्ट आर्गेनिक हेल्थ और वैलनेस प्रोडक्ट के लिए सतीश राघव और करण सिंह तोमर,बेस्ट इंडियन रेस्टुरेंट छबड़ा वेग रेस्टुरेंट

आदि कैटेगरीज में अवार्ड्स प्रदान किए गए।

# संचालक की तबीयत बिगड़ी असहाय बच्चे परेशान



**दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर** /निराश्रितों के निवालों पर रोड़ा बनी सहायक निदेशक न जाने कब हटेगी-संचालक की तीन बार तबियत बिगड़ी-एक तरफ जहां राज्य एवम केन्द्र सरकार बच्चों के लिए सवेंदनशील है वही पदासीन भृष्ट अधिकारी ऐसे बालको के निवालों पर रोड़ा बने है हालात ये है कि इनकी पहुच ऊपर तक होने से इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पाती।लवीना विकास सेवा संस्थान को 21 सितम्बर 2017 से 31 मार्च 2021 तक के अनुदान हेतु माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर करा कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट लगने के बाद विभाग की सहायक निदेशक मीना शर्मा ने दबाव बनाना शुरू कर दिया है।सहायक निदेशक का ऑफर है कि अब तक कि गई शिकायतों के बारे में संस्थान संचालक लिखकर देवे की उनका मानसिक संतुलन सही नहीं है एवम नशे के हालात में की है तब जाकर वे संचालक पर दबाव बनाना छोड़ अनुदान देगी इस पर संस्थान संचालक ने असहमति जाहीर करते हुए बच्चों के अधिकार के लिए वे निरन्तर संघर्ष करेंगे हारेंगे नहीं।संस्थान निदेशक पूर्बिया ने बताया कि न्यायाधिपति पर भरोसा है।सहायक निदेशक की मंशा साफ नहीं होने से राज्य एवम भारत सरकार से सत्र-2021-21 में दिनांक-14/12/2022 को स्वीकृत अनावर्तक मद का अनुदान-454500/- पर कुंडली मार बैठी है।परिस्थितियों से झुझते संस्थान संचालक की अब तक तीन बार तबियत बिगड़ चुकी है।फिर भी विभाग ने दबाव बनाना नहीं छोड़ा है।बता दे कि सहायक निदेशक के रवैये से जिले में संचालित की कई बालगृह बन्द हो चुके है।

# खास ख़बर

## कटिहार में 14 वर्षीय नाबालिग को दो भाइयों ने मिलकर कर दिया प्रेग्नेंट, अब अपनाने से दोनों भाई कर रहे इनकार, पिता इंसाफ की लगा रहा गुहार




**दैनिक शुभ भास्कर/ जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**14 वर्षीय नाबालिग को दो भाइयों ने मिलकर कर दिया गर्भवती। कटिहार जिले की सुधानी ओपी क्षेत्र से यह मामला सामने आया है। जहां 14 वर्षीय नाबालिग का दो भाइयों ने पिछले एक साल से यौन शोषण किया। मामले का खुलासा जब नाबालिग गर्भवती हो गई तब पता चला। पिछले 2 महीने से दोनों भाइयों के परिजन इस मामले को दबाने में लगे हुए थे। लेकिन 3 दिन पूर्व पीड़िता के पिता ने सुधानी ओपी में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। जहां प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई और शनिवार को नाबालिक का मेडिकल जांच कराने सदर अस्पताल पुलिस लेकर पहुंची। मामले के बारे में पीड़िता के पिता ने बताया कि वह बाहर कमाने के लिए गए थे। 2 महीना पूर्व वह घर वापस लौटे और जब उनकी बेटी 5 माह की गर्भवती हुई तब जाकर इस घटना के बारे में जानकारी मिली। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पीड़िता की मेडिकल जांच के बाद सीजीएम के पास बयान कराया गया है।

## कटिहार सदर अस्पताल में सुरक्षा कर्मी के सामने साइकिल की हुई चोरी, पीड़ित साइकिल ढूंढने का लगा रहा गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**सदर अस्पताल ललियाही मोहल्ले के रहने वाले निखलेश कुमार सिंह अपने भाई का एक्सरे रिपोर्ट लेने अपने साइकिल से पहुंचे थे और वह अपनी साइकिल को सदर अस्पताल परिसर में लॉक कर एक्सरे रिपोर्ट लेने चले गए। एक्स-रे रिपोर्ट लेने के बाद वह साइकिल लेने पहुंचे तो देखा उनका साइकिल वहां से गायब था। उन्होंने बताया कि 2 दिन पूर्व ही उन्होंने नई साइकिल खरीदा था। साइकिल चोरी होने के बाद युवक को काफी सदमा लगा और जमीन पर ही लोट लोट कर रोने लगा और अपनी साइकिल ढूंढने का गुहार लगाने लगा। व्यक्ति के जमीन पर लोट लोट कर रोने को देखकर सदर अस्पताल इलाज के लिए आए लोगों का भीड़ जमा हो गया। इसी दौरान सीसीटीवी कैमरे पर जब घटना को देखा गया तो उस जगह पर दो युवक पहुंचे। जहां पहले युवक ने साइकिल का लॉक तोड़ा और दूसरा युवक साइकिल लेकर फरार हो गया। इस दौरान उस जगह पर दो सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। लेकिन उन्हें भनक तक नहीं लगी। बता दें कि सदर अस्पताल में सुरक्षा को लेकर हर माह लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। लेकिन सुरक्षाकर्मी रहने के बावजूद किसी की साइकिल तो किसी का फोन किसी की मोटरसाइकिल किसी का ऑटो से बैटरी चोरी हो जाता है। कई मामले चोरी के सामने आ चुके है। लेकिन इसके बावजूद सुरक्षाकर्मी उन मामलों पर नहीं ध्यान देते हैं। जिसका खामियाजा यहां आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ता है।

# विधायक मनीष जायसवाल द्वारा अयोजित नमो कैरम टूर्नामेंट-2023 का हुआ सफल समापन





**हजारीबाग** सदर विधायक मनीष जायसवाल के विशेश्वर दयाल जायसवाल पथ स्थित विधायक सेवा कार्यालय परिसर में विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो कैरम टूर्नामेंट- 2023 का सफल समापन रविवार को हुआ। इस तीन दिवसीय कैरम टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर दिखा वहीं कैरम टूर्नामेंट का रोमांस देखने दर्शकों का सैलाब भी उमड़ा। इस टूर्नामेंट में 50 पुरुष खिलाड़ियों के साथ महिला खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। 04 अगस्त को शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कुल 49 मैच और महिला वर्ग में 11 मैच हुए। बेहद रोमांचक नमो कैरम टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में राजेश भेंगरा और महिला वर्ग में अंजली पांडेय ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों को लगातार पकड़ते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार को टूर्नामेंट आयोजन स्थल विधायक सेवा केंद्र परिसर में समापन समारोह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का खिताब महज 11 साल के बाल खिलाड़ी अर्नव को और विशिष्ट प्लेयर का खिताब 67 वर्ष की आयु वाले वृद्ध खिलाड़ी श्यामसुंदर शर्मा को दिया गया। इसके अलावे विधायक मनीष जायसवाल ने महिला वर्ग की विजेता अंजली पांडेय और उपविजेता शिवानी कुमारी तथा पुरुष वर्ग के विजेता राजेश भेंगरा, उपविजेता विजय राम एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले उत्कर्ष, चतुर्थ स्थान पर रहने वाले इंद्रजीत को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। महिला वर्ग के विजेता को 21 सौ रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी, उपवेजता को 15 सौ रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं पुरुष वर्ग के विजेता को 51 सौ रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी, उपविजेता को 31 सौ रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष खिलाड़ियों को 21-21 सौ रुपए और आकर्षक नमो ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले अंपायर सत्यम कुमार सिंह और ऋतिक राणा को भी सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष जयप्रकाश जैन ने और धन्यवाद ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि बंटी तिवारी ने किया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए और खिलाड़ियों को संबोधित किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हजारीबाग में संभवत यह पहला ऑर्गेनाइज कैरम टूर्नामेंट का सफल संचालन हुआ जिसमें हजारीबाग कैरम एसोसिएशन का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि नमो की प्रेरणा हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से मिली। साल 2016 में पहली बार नमो के नाम पर नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हुआ जो अब एक उत्सव का रूप धारण कर रहा है। फिलहाल नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के माध्यम से करीब 500 खिलाड़ियों का महाकुंभ लगता है। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के तर्ज पर पहली बार नमो कैरम टूर्नामेंट का आयोजन हुआ और हमने ठाना है की नमो को हम और आगे तक ले जाते हुए खेल के विभिन्न विधाओं में प्रतिस्पर्धा का माहौल बना कर प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगे

### विजेता, उपविजेता सहित सर्वश्रेष्ठ एवं विशिष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित, रेफरी के साथ हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के प्रति विधायक ने जताया आभार
### नमो ब्रांड क्षेत्र के खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारने में होगा मददगार, फुटबॉल और कैरम के बाद अन्य खेलों में भी प्रतियोगित का अयोजन कर बनाएंगे प्रतिस्पर्धा का बेहतर माहौल- मनीष जायसवाल

ताकि क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी को एक बेहतर मंच मिल सकेगा और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आएगी। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि खेल न सिर्फ मनोरंजन का बल्कि सर्वांगीण विकास के साथ नेतृत्व करने की क्षमता और संघर्ष करने की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस किसी में भी स्पोर्ट्समैन स्पिरिट रहती है वह जल्दी मुख्यधारा से भटकता नहीं है और सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में बेहतर करने की ओर अग्रसर होता है। हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के संरक्षक भैया मुरारी सिन्हा ने विधायक मनीष जायसवाल की खेल- खिलाड़ियों के प्रति इस सोच को सलाम किया और उन्हें हजारीबाग के फुटबॉल के रोमांच को जीवंतता प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। भैया मुरारी प्रसाद ने विधायक मनीष जायसवाल से आग्रह किया कि जिस प्रकार हजारीबाग में फुटबॉल का रोमांच युवाओं के सर चढ़कर बोल रही है उसी प्रकार खेल के विभिन्न विधाओं में भी खिलाड़ियों को जोड़ने के लिए ऐसे ही प्रतियोगिताओं का आयोजन कराते रहें। हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष जयप्रकाश जैन उर्फ़ जे.पी. जैन ने विधायक मनीष जायसवाल को साधुवाद देते हुए कहा कि आपने कैरम टूर्नामेंट का आगाज़ किया है हमें विश्वास है की भविष्य में यह टूर्नामेंट बेहद लोकप्रिय होगा और यहां से राष्टीय-अंतरराष्टीय कैरम खिलाड़ी निखर कर बाहर आएंगे।मौके पर विशेषरूप से हजारीबाग कैरम एसोसिएशन के संरक्षक भैया मुरारी कुमार सिन्हा, अध्यक्ष जयप्रकाश जैन, सचिव रविंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. प्रह्लाद सिंह, उपाध्यक्ष मो. मुज्जफर हुसैन, डॉ.भैया असीम कुमार, बहादुर राम, समाजसेवी मुनींद्र शर्मा, नारायण गुप्ता, मुखिया नारायण साव, विधायक खेलकूद प्रतिनिधि बंटी तिवारी, समाजसेवी जयप्रकाश, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, विधायक प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, भाजयुमो नेता विकास सिन्हा, राजकरण पांडेय, निशिकांत सिंह, आशीष गुप्ता, मुकेश सोनी, शैलेश चंद्रवंशी, मिथलेश यादव, सागर कुमार, अनिल मिश्रा, सुमन राय, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, कार्यालय प्रभारी विशेषांक वर्मा, कार्यालय सह प्रभारी जितेंद्र केशरी, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

# चंपारण के स्वतंत्रता सेनानी जीवन परिचय श्रृंखला की चौथी कडी, स्वतंत्रता सेनानी सूर्य प्रसाद अस्थाना



**मोतिहारी अशोक वर्मा/** स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा जब भी होती है तो चंपारण का नाम बड़े ही आदर और सम्मान के साथ देश में लिया जाता है। यही कारण है कि 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर चंपारण सत्याग्रह शताब्दी वर्ष मनाया गया। स्वाधीनता संग्राम में चंपारण के नवयुवको के जजबा और संघर्ष के अनेक दास्तान है ।गांधीजी ने जैसे ही करो या मरो का नारा दिया चंपारण के नौजवान अपने जान को हथेली पर रखकर आंदोलन मे कूद पड़े ।1942 में जिले का गोविंदगंज थाना फूंक दिया गया।स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष एवं त्याग बलिदान के गाथा को आज कथा कहानी के रूप मे बड़े ही गर्व से लोग सुनते सुनाते हैं। भले ही स्वतंत्रता सेनानियों के परिकल्पना का राष्ट नहीं बन सका लेकिन इसमें उनका कोई दोष नहीं। दोष तो उनका है जिनके कंधे पर नए भारत के निर्माण की जिम्मेदारी मिली थी। आज भी चंपारण जिले मे स्वतंत्रता सेनानी के वंशज अपने बाप दादा के परिकल्पना को जमीन पर उतारने के लिए प्रयासरत है लेकिन जिस कदर सिस्टम में गिरावट आई है यह कार्य बहुत दुरुह होता जा रहा है। क्रांतिकारी नवयुवको की टोली में एक नाम सूर्य प्रसाद अस्थाना का बडे हीं सम्मान के लिया जाता है। सेनानी अस्थाना के डर से अंग्रेज कांपते थे।महान देशभक्त बालदेव प्रसाद अस्थाना के पुत्र सूरज प्रसाद अस्थाना का जन्म जिले के भोपतपूर बझिया गांव में 1925 में हुआ था। बचपन से ही श्री अस्थाना बगावती तेवर के थे अपने मित्रों के बीच भी सिद्धांत और आदर्श के नाम पर वे लड पडते थे। किशोर उम्र में ही वे अपने साथियों के साथ तिरंगा झंडा लेकर निकल पड़ते थे, पुलिस इन्हें खदेड़ने थी और ये अपने दोस्तों के साथ गांव के गली और पगडंडियों के रास्ते जंगल झाड़ियों में छुप जाते थे।1917 में सफल चंपारण सत्याग्रह के कारण जिले के सेनानी काफी जोश में थे और जैसे ही बापू ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन का शंखनाद किया और करो या मरो का नारा दिया मानो सभी आंदोलनकारियों के अंदर एक नई ऊर्जा आ गई और वे टूट पड़े अंग्रेजों के ऊपर। तमाम सरकारी दफ्तरों पर तिरंगा लहराने लगा, दमन का सिलसिला भी काफी तेज हुआ। काफी लोग चंपारण में शहीद हुए और गिरफ्तारी भी जमकर हुई। उसी कड़ी में श्री अस्थाना भी गिरफ्तार किए गए और इन्हें 6 मास की सश्रम कारावास की सजा हुई ।जेल से छुटने के बाद आंदोलन में सक्रिय रहे। इस बीच देश आजाद हुआ और नए भारत के निर्माण में श्री अस्थाना ने अपना भरपूर योगदान दिया । सूर्य प्रसाद अस्थाना को दो पुत्र हुए राकेश कुमार अस्थाना व राजेश अस्थाना पुत्री रंजना कुमारी अस्थाना उर्फ रंजना कुमारी वर्मा है। आजादी के बाद सूरज बाबू मोतिहारी के चांदमारी वार्ड नंबर 24 में बस गए। तीनों पुत्र पुत्री संस्कारी पिता से देशभक्ति का संस्कार लेकर आज अपने जीवन को आगे बढ़ा रहे हैं।स्वतंत्रता सेनानी सूर्य प्रसाद अस्थान जीवन भर खादी वस्त्र ही धारण किए,वे हमेशा गांधी टोपी पहनते थे।महान स्वतंत्रता सेनानी सूर्य प्रसाद अस्थाना की मृत्यु 2002 ईस्वी में हुई ।आजादी के 75 वर्ष पर चंपारण के महान सेनानी को जिले वासी बड़े ही आदर और सम्मान से याद करते हैं ।

# जगसिट फाउंडेशन एवं ग्लोबल ह्यूमन राइट्स वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयुर्वेद जागरुकत्ता अभियान





**संवाददाता / हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** जगसिट फाउंडेशन एवं ग्लोबल ह्यूमन राइट्स वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से आयुर्वेद जागरुकत्ता अभियान नाम से के.आयुर्वेद संस्थान परिसर में, जो हज़ारीबाग सदर प्रखण्ड लाखे एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वस्थ रहने के विषय पर चर्चा हुई। इस बैठक में, आयोजक अधिवक्ता शहादत अंसारी ने कहा कि "स्वस्थ रहना हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है" और स्वास्थ्य पर आधारित जागृति अभियान हमेशा जारी रहेगा। डॉ कुणाल वर्मा ( जगसिट फाउंडेशन के सचिव ) ने वकील अंसारी के बयान का समर्थन किया और कहा ÷स्वास्थ्य ही बेहतर जीवन है बैठक में कई लोगों ने भाग लिया, जैसे श्री भरत सिंह, श्री प्रदीप कुमार, बिनोद पासवान जी, राजकुमार जी, उषा देवी, ममता देवी, कविता देवी, डॉ. सिकंदर (चतरा),-ब्रजेश पाठक , संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

**पुनर्विकास** बरकाकाना रेलवे स्टेशन का 33 करोड़ से होगा पुनर्विकास

# मोदी जी के नेतृत्व में हज़ारीबाग व रामगढ़ में बेहतर बना रहे रेल सेवाएं- सांसद जयंत सिन्हा




ज्ञात हो कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश में 1300 रेलवे स्टेशनों को मल्टी मॉडल हब के तौर पर विकसित किया जाना है। इसमें पहले फेज में 508 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जायेगा। इस परियोजना पर 24 हजार 700 करोड़ की लागत आयेगी। हर्ष की बात है कि इस योजना को लेकर झारखण्ड से 20 रेलवे स्टेशनों का चयन किया गया है, जिनमें बरकाकाना रेलवे स्टेशन शामिल है। बरकाकाना रेलवे स्टेशन का लगभग 33 करोड़ से सुंदरीकरण किया जायेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 6 अगस्त को वर्चुअल माध्यम से इन सभी स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया।सांसद जयंत सिन्हा बरकाकाना रेलवे स्टेशन से बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों के साथ इस कार्यक्रम से जुड़े। इस कार्य के शिलान्यास से क्षेत्र के विकास में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गयी है। इस स्टेशन की बिल्डिंग के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला की झलक दिखाई देगी। साथ ही यहाँ यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं को सुनिश्चित किया जायेगा।सांसद जयंत सिन्हा हज़ारीबाग व रामगढ़ में रेल सेवाओं के विस्तार के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं।उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच से क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है जो सदैव जनसेवा को प्राथमिकता देती है। बरकाकाना रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से जनता को बहुत लाभ मिलने वाला है।

मोदी जी ने हज़ारीबाग लोकसभा को वंदे भारत के साथ यह एक और सौगात दी है।प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के सहयोग से हजारीबाग लोकसभा में रेल सुविधाओं में निरंतर बढ़ोतरी करने के लिए मैं हर प्रयास कर रहा हूँ। मैं इस परियोजना के लिए समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानमंत्री जी व रेल मंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

# सदर विधायक प्रतिनिधि ने अस्पताल प्रबंधन का कराया ध्यान आकृष्ट, डीसी को ट्वीट कर इस समस्या से राहत दिलाने और प्रॉपर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्थित कराने का किया आग्रह





**हजारीबाग** मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रबंधकीय लापरवाही के कारण यहां इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को परिसर के ट्रॉमा सेंटर और पोस्टमार्टम हाउस के बीच रखें एक कूड़ेदान में डाला जाता है। बरसात का मौसम है और कूड़ेदान के पास जल जमाव भी होता है। कूड़ेदान के घर जाने के बाद उसके नीचे जैसे तैसे प्लास्टिक में डालकर बायो मेडिकल वेस्ट को फेंक दिया जाता है।

जिसके कारण इसकी सड़ांध और बदबू से यहां आने वाले लोग परेशान होते हैं। जबकि इसी कूड़ेदान के सामने प्रॉपर बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए तीन अलग - अलग रंगों का कमरा बनाया गया है जहां ऐसे वेस्ट को डंप करना है। भरे हुए कूड़ेदान और कूड़ेदान के नीचे फेंके गए बायो मेडिकल वेस्ट को आवारा कुत्ते भी नोचते रहते हैं। बायो मेडिकल वेस्ट के इस कचड़े की दुर्गंध से यहां का वातावरण भी दूषित होता है ।हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले को लेकर अस्पताल प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया है और हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय को ट्वीट करते हुए जनहित में संज्ञान लेते हुए अस्पताल परिसर में इससे राहत दिलाने और प्रॉपर बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था कराने की मांग की है।

### एचएमसीएच परिसर में फेंका जाता है बायो मेडिकल वेस्ट, सड़ांध और बदबू से परेशान होते हैं लोग

## ख़ास ख़बर

### नौ वर्षो की मोहब्बत पुलिस ने कराई शादी





**चंदौली** जनपद के मुगलसराय थाने में नौ वर्षों की मोहब्बत प्रसंग पुलिस की मदद से रविवार को परवान चढ़ा। पुलिस ने थाने में ही प्रेमी-प्रेमिका की कराई शादी। शादी होने के बाद प्रेमिका हुई खुश दोनों पक्षों की सहमति के बाद मुगलसराय कोतवाली में शादी कराई गई। पुलिस के सराहनीय कार्य की चर्चा पूरे जनपद में चल रही है। जलील पुर चौकी क्षेत्र के पड़ाव के सेमरा गांव निवासी नेहा परवीन का थाना अलीनगर क्षेत्र के रेमा गांव निवासी खुर्शीद आलम के साथ पिछले नौ वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। हालांकि दोनों के घरवाले राजी नहीं थे। इसकी वजह से प्रेम परवान नहीं चढ़ रहा था। प्रेमिका पुलिस के पास पहुंच कर अपनी बीती हुई आपबीती बताई प्रेमिका ने कहा की साहब हम लोग एक दूसरे से बेतहा मुहब्बत करते है। लेकिन लड़के के परिजन उसकी शादी कही और कर रहे है। शायद उसकी मंगनी छेकैया होने वाली है। तो मुगलसराय इंस्पेक्टर दिन दयाल पांडे ने लड़की की बात सुनकर फौरन संज्ञान में लिया, उसके बाद मुगलसराय कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से वार्ता कर आपसी सहमति के बाद मुगलसराय कोतवाली में रविवार को प्रेमी प्रेमिका की शादी कराई। कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं भी दी। व उज्वल भविष्य की कामना किया , सभी के मुंह मीठे कराए गए। इस दौरान लड़की के फूफा, खुर्शीद के मामा अबरार खान समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मुर्गी पालकों के लिए एगशाल एक वरदान- देव भट्टाचार्य



**धानापुर।** क्षेत्र के शहिदगांव स्थित सिद्धि विनायक लान में तीन दिवसीय एगशाला प्रतिक्षण शिविर का फिता काटकर शुभारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने लोगो को संबोधित करते हुए, कहां की मुर्गी पालकों के लिए एगशाल एक वरदान है। जो गृह उद्योग को बढ़ावा देगा। जिसमे मुर्गी पालकों के हर सुविधाओ का खयाल रखा गया है। तकनीकी सहायता, नियमित इलाज के साथ एक निश्चित आय का स्रोत है। जिससे पालकों की आय लगभग तीन गुनी तक बढ़ जायेंगी। वही आपको बता दे की इस नीति का प्रमुख उद्देश्य है कि प्रदेश को अंडे के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना। कुक्कुट विकास नीति में सरकार ने 5 सालों में 700 पोल्ट्री यूनिट स्थापित करने के साथ-साथ प्रतिदिन 1.90 करोड़ अंडे के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। वहीं सरकार कमर्शियल लेयर फार्म स्थापित करने के लिए भी लोगों को प्रेरित कर रही है। जिसके लिए उनके 75 फीसदी बैंक लोन की सुविधा भी उपलब्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे केशरी नंदन सिंह ने कहां की जो मुर्गी पालक हमारे साथ एक हजार का उत्पादन का कार्य करेंगे। उनका प्रतिदिन का कुल खर्च जोड़ कर पंद्रह सौ रुपए जाएंगा। जो महीना में 45 से 47 हजार रुपए देकर जाएंगा। वही किसी थर्ड पार्टी को अंडा बेचने का जरूरत भी नहीं है। एगशाला खुद प्रोसिव कर मार्केट में उपलब्ध करवाएंगा। जहां मुख्य रूप से डॉ संदीप सरन, डॉ गौतम कोल्हिरी, डॉ जे.एस त्यागी, उधम सिंह, डॉ जयदीप, धीरज सिंह, पंकज सिंह, अनुम सिंह समेत सैकड़ों मुर्गी पालन उपस्थित रहे।

## आवारा पशु किसानों की फसल पहुंच रहे नुकसान



**सकलडीहा चंदौली** सकलडीहा ब्लाक के कई ग्राम सभाओं में इस समय आवारा पशुओं का आतंक बरकरार है जहां क्षेत्र के किसान कई परेशानियों से दो-चार हो रहे हैं ज्ञात हो कि गत दिनों पूर्व बारिश ना होने के कारण किसान पानी की समस्या से जूझ रहे थे वहीं अब खेतों के आसपास ई विचरण कर रहे आवारा पशु किसानों के लिए सर दर्द बने हुए हैं जहां किसान काफी मेहनत मशक्कत करने के पश्चात खेतों में धान की रोपाई का कार्य करने के पश्चात सुकून महसूस कर रहे थे वही आए दिन आवारा पशु के खेतों में चले जाने से वह फसलों को नष्ट करने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर सा देखी जा रही है जबकि संबंध में ब्लॉक कर्मचारी से लेकर सक्षम अधिकारियों से कई बार निवेदन भी किया जा चुका है परंतु अभी तक क्षेत्र में विचरण कर रहे पशुओं को पकड़कर गौशाला पर नहीं भेजे जाने के कारण किसानों में रोष व्याप्त है जबकि इन आवारा पशुओं के रहने से और खाने के संबंध में सरकार द्वारा अनेकों प्रकार की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है वहीं आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजने की जिम्मेदारी ब्लाक अधिकारियों को दी गई है अधिकारियों की लापरवाही के कारण किसानों की फसल बर्बाद हो गई है इस संबंध में किसानों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द आवारा पशुओं को पकड़ कर भेजा गया तो उग्र आंदोलन करने के लिए होंगे

# श्री महावीर मानस मंजरी कालेश्वरी समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा किया गया





**शुभ भास्कर बबुरी चंदौली** भागवत घउसणओ का राजा सारे पुरन उसके अनुचर है इसके अवण से जीब सभी सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है मुक्त बातें रविवार को बखुरी बीरनगर मे श्री महावीर मानस मंजरी मो कालीश्ररी समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा सप्ताह के साल्वे व अंतिम दिन कथा व्यास की राजेश किशोर गोस्वामी ने कई इस दौरान उन्होंने तनमणि बीर कन्हैया का वार्तालाप सममापुर बधकी कमा जनसंघ वय व शइसउफल बच की कथा की सर्वाधिक व्याख्या की मुख्य चरित्र की कलाकार प्रसंग सुनाकर मंत्रमुग्ध का विच व्यास जी ने कहा कि स्वर्गीय दामा यस यस स सुरामा यानी अपनी इंडिया का हुमन का से वही बुझना है

कुरान की मिलना भगवान के साथ उनसे सुख साधन या आर्थिक काम प्राप्त करने की इच्छा नहीं थी लेकिन पत्नी सुशीला के बार-बार आग्रह पर द्वारिका जाते हैं जब हरपाल द्वारा सुदामा के आने की उत्तरा मिलने पर कृष्ण मंगे पर छोड़कर आए थे और सुजुका को गले लगा लेने की उनकी दीन हीन दशा देखकर कृष्णा की आंखों से हकलाने की धारा प्रवाहित होने लगती है सियासत पर बैठाकर सुदामा के चरण होते हैं जब सुदामा विदा लेकर अपने स्थान बांटते केहू अपने यहां महल बना खाते हैं

लेकिन घुसा जी कंपनी पर पूरी मेगा कर भगवान की सुंदरीकरण जाकर भगवान की सुमिरन करते हैं अगले प्रदर्शन में सुखदेव जी परीक्षित को 7 दिनों तक भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय मिल गया

तमक नाग उनको इस लेता है कि लेकिन राधारमण के कारण भगवान के पलायन को पहुंचते हैं और यहां का विश्राम होती है अंतिम दिन की कथा में भारत सरकार में भारी उद्योग मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडे जी भी उपस्थित रहे और मां बागेश्वरी के दंगल में नवनिर्मित विशाल डिनर सेट का उद्घाटन किए इस अवसर पर नगर क्षेत्र के लोग प्रभा सुरेंद्र सिंह अभिमन्यु राजेंदर शिवतेज सिंह दिनेश जायसवाल बसंत लाल गुप्ता संग्राम पान आदि उपस्थित रहे भागवत पूजन हेतु समिति के अध्यक्ष त्रिलोचन के सभी यह यजमान के रूप में योगदान दिया तथा संचालन श्री कृष्ण कुमार पांडे जी ने किया

# ट्रक की चपेट में तीन बाइक सवार लोगो की दर्दनाक मौत



**पीडीडीयू/चंदौली।** अलीनगर थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी।जिसमें एक को गंभीर घायल अवस्था में पुलिस ने जिलाअस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।मृतकों में दो महिलाएं समेत एक युवक शामिल है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों के शिनाख्त की कार्यवाही करने के बाद शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवा दिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।वही प्राप्त सूचना अनुसार बाइक सवार एक युवक दो महिलाओं को पीछे बैठा कर कहीं जा रहा थे।वही आलमपुर के पास बाइक सवार ट्रक के सामने आ गया। ट्रक चालक ने जल्द ही ब्रेक मारी पर ट्रक बाइक सवारों को रौंदते हुए आगे निकल गयी। हादसे में युवक सहित दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गयी।इसी बीच सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया तथा मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों से आवश्यक जानकारी हासिल की। जिसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मर्चरी चंदौली भिजवा दिया।इस संबंध में अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शेषधर पाण्डेय ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से यह हादसा हुआ है। मौके पर दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड से मृतक युवक की शिनाख्त 20 वर्षिय अनिल कुमार के रूप में हुई है जो कि मुग़लसराय का रहने वाला था। परिवार वालों को सूचना दे दी गई है तथा तीनों को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

# अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर में 508 स्टेशनों के पुनर्विकास का प्रधानमंत्री ने आन लाइन बटन दबाकर किया शिलान्यास






प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के सात स्टेशनों गया, अनुग्रह नारायण रोड, सासाराम, भभुआ रोड, कुदरा, दुर्गावती तथा चंदौली मझवार स्टेशनों सहित देशभर में 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास का शिलान्यास किया गया। विदित हो कि रेल मंत्रालय द्वारा "अमृत भारत स्टेशन" योजना नाम से स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों पर भविष्य में यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, सुंदरीकरण आदि संबंधी आवश्यक विकास कार्य किया जाएगा।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गया जंक्शन पर लगभग 299 करोड़ रुपये की लागत से, अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से, सासाराम स्टेशन पर लगभग 21.32 करोड़ रुपये की लागत से, भभुआ रोड स्टेशन पर लगभग 24.22 करोड़ रुपये की लागत से कुदरा स्टेशन पर लगभग 18.76 करोड़ रुपये की लागत से, दुर्गावती स्टेशन पर लगभग 18.04 करोड़ रुपये की लागत से तथा चंदौली मझवार स्टेशन पर 21.70 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किया जाना प्रस्तावित है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में भविष्योन्मुख रहते हुए रेल विकास सुनिश्चित रखने हेतु वर्तमान में लगभग 2871.17 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इसी क्रम में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अनुग्रह नारायण रोड, सासाराम, भभुआ रोड, कुदरा, दुर्गावती तथा चंदौली मझवार स्टेशनों सहित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के कुल 15 स्टेशनों का पुनर्विकास लगभग 209.5 करोड़ रुपए की लागत से किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मुगलसराय रमेश जायसवाल, सैयदराजा सुशील सिंह, अपर जिलाधिकारी अभय कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, जनप्रतिनिधिगण, अन्य गणमान्य सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों व आमजन की उपस्थिति रही। इसके अलावा इस शिलान्यास कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए निबंध प्रतियोगिता, चित्रकारी प्रतियोगिता आदि का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

**अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का शिलान्यास कार्यक्रम भारी उद्योग मंत्री, भारत सरकार स्थानीय सांसद डॉ0 महेंद्र नाथ पाण्डेय की उपस्थिति में चंदौली मझवार परिसर में सम्पन्न हुआ।**

# आम आदमी पार्टी आने वाले दिनों में देश और प्रदेश की सत्ता में होगी पवन तिवारी एडवोकेट





**मानवेंद्र जायसवाल ब्यूरो चीफ/शुभ-भास्कर चंदौली** आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारी कि एक आवश्यक मासिक बैठक मुगलसराय विधानसभा पढ़ाई स्थिति एक स्कूल में हुई जिसकी अध्यक्षता काशी प्रांत पवन तिवारी एडवोकेट की काशी प्रांत अध्यक्ष पवन तिवारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का विस्तार तेजी से हो रहा है आने वाले समय में आम आदमी पार्टी देश व प्रदेश में राज करेगी हमें संगठन विस्तार करते हुए गांव तक जल्द पहुंचना है इसके लिए पहले ज्यादा ऊर्जा के साथ काम करने की जरूरत है उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है उत्तर प्रदेश प्रभारी माननीय सांसद संजय सिंह जी के कुशल नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी मजबूती से काम कर रही है हम फ्री बिजली पानी बेहतरीन स्कूल बेहतरीन अस्पताल फ्री शिक्षा स्वास्थ्य के लिए काम करने वाले लोग हैं जिससे हमारी स्वीकारता तेजी से बढ़ रही है इस अवसर पर आम आदमी पार्टी चंदौली जिला अध्यक्ष वरिष्ठता अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक एडवोकेट ने कहा कि जनपद चंदौली में कुल 1629 गांव है जिसमें ग्राम अध्यक्ष और उनकी कमेटियों का गठन करना है जिसके लिए हमें नई ऊर्जा के साथ काम करना होगा संतोष कुमार पाठक ने सारे कार्यकर्ताओं का आहान किया कि वह माननीय सांसद उत्तर प्रदेश के प्रभारी श्री संजय सिंह जी के निर्देश का उद्देश्य का पालन करें और किसी भी सूरत में 15 अक्टूबर तक ग्राम कमेटी या बना ली जाएगी इस अवसर पर काशी के अध्यक्ष पवन तिवारी एडवोकेट जिला अध्यक्ष संतोष कुमार पाठक एडवोकेट जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण चौबे जिला महासचिव संतोष कुमार जिला उपाध्यक्ष यमुना सिंह राजकुमार ज्ञान पांडे य रिजवान आमद जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश भारती जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष कुमार तिवारी एडवोकेट लक्ष्मण तिवारी राजकुमार पासवान सचिव राजभर जिला अध्यक्ष विकास कुमार अशोक तिवारी चकिया विधानसभा अध्यक्ष राजेश द्विवेदी गुरु विधि प्रकोष्ठ सदर अध्यक्ष संतोष दुबे कृष्णानंद श्रीवास्तव ओम प्रकाश प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे

# शालीनी सिंह नेशनल मार्शल आर्ट्स राइजिंग स्टार अवार्ड पुरस्कार से सम्मानित




**डीडीयू नगर।** दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 21 से 23 जुलाई तक एशियन मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।21 जुलाई को त्यागराज स्टेडियम में एशियन मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि साउथ के सुपरस्टार सुमन तलवार उपस्थित रहे, जिन्होंने भारत के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और सभी मार्शल आर्ट्स के ग्रांड मास्टर को सम्मानित किए और भारत में मुआयथाई मार्शल आर्ट्स को नई पहचान दिलाने के लिए मुएथाई इंडिया नेशनल फेडरेशन के संस्थापक दयाचंद भोला का भी सम्मान किए।इसमें चंदौली जिले से शालिनी सिंह को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में और मुएथाई मार्शल आर्ट्स में जज की भूमिका और जिले में मार्शल आर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए नेशनल मार्शल आर्ट्स राइजिंग स्टार अवार्ड -2023 पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इस अवॉर्ड फंक्शन में शाओलिन टेंपल से सीखे हुए कुंगफू के मास्टर शिफू कनिष्का शर्मा और बॉलीवुड स्टार ट्रेनर एक्शन डायरेक्टर चिता यग्नेश शेट्टी आदि उपस्थित रहे। शालिनी सिंह का चंदौली वापसी पर सभी खिलाड़ियों और अभिभावकों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और ढेर सारी बधाइयां दी ।

# जहरीले जंतु के काटने से भैंस की मौत हो गई



**शुभ भास्कर इलिया चन्दौली** क्षेत्र के बरहुआ गांव में बीती रात सर्पदंश से रामलाल मौय के भैंस की मौत हो गई पशुपालक रामलाल रोज की भांति शनिवार की रात भी मवेशियों मकान के बाहर खूटे पर बांधे हुए थे रात के वक्त किसी जहरीले जंतु के काटने से उसकी मौत हो गई भोर में जब चारा डालने परिवार के लोग पहुंचे तो भैंस जमीन पर बेसुध गिरी पड़ी हुई थी जिस पर पशुपालक ने पशु चिकित्सा अधिकारी को सूचना दिया वहीं चिकित्सा अधिकारी ने सर्पदंश से भैंस के मौत होने की पुष्टि की है घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल सीता प्रदीप प्रजापति को दिया गया है वहीं जिला पंचायत सदस्य दशरथ सोनकर ने पशुपालक को मुआवजा दिए जाने का मांग किया है

**शिलान्यास** इस अवसर पर डीडीयू मंडल के 7 स्टेशनों के पुनर्विकास का होगा शिलान्यास

# के प्लस क्लासेस कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन



**चंदौली-** सैयदराजा नगर पंचायत वार्ड नंबर 4 दीनदयाल नगर स्थित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप शनिवार के अपराहन में के प्लस क्लासेस कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक सुशील सिंह ने फीता काटकर किया मुख्य अतिथि सुशील सिंह ने कहा कि बच्चों को इस कोचिंग सेंटर में अच्छी शिक्षा मिले

जिससे इस कोचिंग सेंटर में पढ़ने वाले बच्चे यूपी बोर्ड कक्षा 9, 10, 11 ,12 व सीबीएसई बोर्ड कक्षा 9, 10 ,11, 12 बोर्ड की परीक्षा की तैयारी कर अच्छे अंक प्राप्त कर अपना वह माता-पिता सहित कोचिंग सेंटर का नाम रोशन करें मुख्य अतिथि विधायक सुशील सिंह का कोचिंग के संचालक कन्हैया लाल पूर्व सभासद व अरविंद सर आईआईटी खड़कपुर ने माल्यार्पण कर अंग वस्त्रम व गुलदस्ता भेद कर सम्मानित किया

अरविंद ने बताया कि कक्षा 9 ,10 ,11 ,12 के फाउंडेशन बैच की भी व्यवस्था इसके अलावा आईआईटी व नीट के बच्चों को भी कुशल शिक्षकों के द्वारा तैयारी कराने की व्यवस्था है हमारा उद्देश्य है कि इससे कोचिंग सेंटर के बच्चे हमारे यहां से कोचिंग करके आगे बढ़े कोचिंग सेंटर के संस्थापक कन्हैयालाल पूर्व सभासद ने आए सभी अतिथियों का अभिवादन किया इस अवसर पर भाजपा बरहनी मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह ,नगर पंचायत सांसद प्रतिनिधि अमित अग्रहरि डाली ,पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र जायसवाल दिव्य प्रकाश नागवंशी ,शरद सिंह धीरज गुप्ता ,शिवा साव आदि कई लोग मौजूद रहे